e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
रांची संस्करण
हिन्दी दैनिक
# प्रभात मंत्र
वर्ष 10, अंक 319
शनिवार
25.11.2023
RNI No. - JHAHIN/2014/59110
ताजा खबरों के लिए देखें prabhatmantra.com
पृष्ठ 12 । मूल्य 4 रुपये
पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2024-26

**सुविचार**
खुशनसीब है वो हाथ जो किसी के मुश्किल के वक्त सहारा बन जाये !

## क्विक न्यूज

### पानी टंकी में आया करंट, तीन लोगों की हुई मौत

**नई दिल्ली** : दिल्ली के विकास नगर में स्थित कमांडर अस्पताल की पाने की टंकी में अचानक से करंट आ गया। करंट लगने की वजह से तीन लोगों की मौत होने की खबर है। हादसे की सूचना मिलते ही मौके पर दमकल विभाग की दो गाड़ियां मौके पर पहुंच गईं। मौके पर पुलिसबल भी मौजूद है, जो इस घटन की जांच कर रहा है। बताया जा रहा है कि मृतकों में दो प्लंबर और एक हॉस्पिटल का इलेक्ट्रिक इंजीनियर है। दोनों प्लंबर पानी की टंकी की मोटर ठीक कर रहे थे, जबकि इलेक्ट्रिक इंजीनियर उन्हीं के साथ खड़ा था। इसी दौरान अचानक करंट फैल गया, जिससे तीनों चपेट में आ गए और उनकी मौत हो गई। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, मृतकों में इलेक्ट्रिक इंजीनियर सर्वेश कुमार, प्लम्बर कुंवर पाल और रमन शामिल हैं। बताया जा रहा है कि दोनों प्लम्बर दिल्ली के महारानी एन्क्लेव के रहने वाले थे। वहीं इंजीनियर सर्वेश गाजियाबाद के साहिबाबाद का रहने वाला था।

### भारत ने बनाई 4 दुर्लभ बीमारियों की दवाई

**नई दिल्ली** : भारत ने चार दुर्लभ बीमारी की दवाई बनाई है. पहले इसकी कीमत करोड़ों में थी, लेकिन अब ये दवाई महज चंद लाख में उपलब्ध होगी. इसके अलावा सिकल-सेल बीमारी का सिरप भी बनाया जा रहा है. साल भर पहले भारत ने 13 तरह की दुर्लभ बीमारी की दवाई बनाने पर काम शुरू किया था,जिसमें से चार बीमारी की दवाई बनाने में कामयाबी मिली है.भारत की इस सफलता से करोड़ों रुपये की दवाई अब महज कुछ लाख रुपये में देश में ही उपलब्ध होगा. भारत में करीब 8.4 करोड़ से 10 करोड़ दुर्लभ बीमारी के मरीज़ हैं. रेयर डिजीज की 80ब बीमारी जेनेटिक हैं, जो बचपन से बच्चों को जकड़ती हैं.भारत को साल भर में ही चार रेयर डिजीज की दवाइयों को बनाने में सफलता मिली है. इन दवाइयों को जन औषधि केंद्र में भी पहुंचाने की योजना है.

### पकड़ौआ विवाह पर पटना हाईकोर्ट का ऐतिहासिक फैसला,कहा : बंदूक के बल पर जबरदस्ती सिंदूर लगाना शादी नहीं

**पटना** : बिहार में पकड़ौआ विवाह या बंदूक के बल पर हुई शादी को लेकर पटना हाईकोर्ट ने बड़ा फैसला सुनाया है। पटना हाईकोर्ट ने माना कि जबरदस्ती सिंदूर लगाना या दवाब में लगवाना, हिंदू मैरिज एक्ट के तहत विवाह नहीं है। हाईकोर्ट ने कहा कि जब तक दोनों की इच्छा न हो और दूल्हा और दुल्हन सात फेरे नहीं ले लेते तब तक इसे विवाह नहीं माना जाएगा। दरअसल , हाईकोर्ट ने भारतीय सेना के एक कांस्टेबल की शादी को रद्द कर दिया है। उन्हें 10 वर्ष पहले बिहार में अपहृत कर बंदूक के बल पर एक लड़की के साथ उनकी जबरन शादी करा दी गई थी।

### झारखंड में 27 और 28 नवंवर को बादल छाए रहेंगे

**रांची** : झारखंड में मौसम का मिजाज बदलेगा. 27 और 28 नवंवर को बादल छाए रहेंगे. बादल छंटते ही तापमान में गिरावट आएगी.मौसम केंद्र रांची के अनुसार, बंगाल की खाड़ी में 26 नवंबर को लो प्रेशर एरिया बनने की संभावना है. इसका असर राजधानी रांची में भी होगा. साथ ही धनबाद, पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम, बोकारो, रामगढ़, हजारीबाग, खूंटी, गुमला समेत अन्य जिलों में असर दिखेगा. 25 नवंबर तक मौसम साफ और शुष्क रहेगा . 26 नवंबर से बंगाल की खाड़ी में निम्न दबाव का क्षेत्र के कारण हवा की दिशा में बदलाव होगा. इस दौरान पूरे राज्य में पुरवइया हवा चलने की संभावना है. जिसमें नमी महसूस की जाएगी. इसका असर मुख्य रूप से राज्य के पूर्वी और मध्य भाग में होगा.

### रांची का तापमान

| | |
|---|---|
| अधिकतम | 27° |
| न्युनतम | 23° |

बरहेट, साहिबगंज से आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तीसरे चरण का सीएम ने किया शुभारंभ

# आदिवासी-मूलवासियों के साथ हमेशा खड़ी है सरकार : हेमंत

**मुख्यमंत्री ने कहा**
* अधिकारी तमाम योजनाओं की पोटली बनाकर आपके दरवाजे पर जाएंगे एवं पूरे मान-सम्मान के साथ आपको हक-अधिकार देंगे
* झारखंड को विकसित राज्यों की श्रेणी में खड़ा करने के लिए सरकार प्रतिबद्ध
* बच्चियों की पढ़ाई से कोई समझौता नहीं होगा
* युवा अपने पैरों पर खड़ा हो सके, सरकार योजनाबद्ध तरीके से कर रही काम

* मुख्यमंत्री ने 212 करोड़ 91 लाख 39 हजार 600 रुपए की 891 योजनाओं का किया उद्घाटन-शिलान्यास, 3 लाख 97 हजार 330 लाभुकों के बीच 2 अरब 98 करोड़ 27 लाख 18 हजार 121 रुपए की बांटी परिसंपत्ति

**प्रभात मंत्र संवाददाता**
**साहेबगंज** : मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने अमर वीर शहीद सिदो-कान्हू,चांद-भैरव और वीरांगना फूलो-झानो को नमन कर आपकी योजना- आपकी सरकार-आपके द्वार अभियान के तीसरे चरण का शुभारंभ किया। इन वीर शहीदों की पावन धरती बरहेट,साहिबगंज में इस अवसर पर आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि अधिकारी तमाम कल्याणकारी योजनाओं की पोटली बनाकर आपके दरवाजे पर जाएंगे एवं पूरे मान-सम्मान के साथ आपको आपका हक-अधिकार देंगे।

**शिविर में मिलने वाले एक-एक आवेदन रजिस्टर्ड किए जाएंगेः** मुख्यमंत्री ने कहा कि इस अभियान के तहत लगने वाले शिविरों में मिलने वाले एक-एक आवेदन रजिस्टर्ड किए जाएंगे और संबंधित आवेदकों को उनके मोबाइल नंबर पर मैसेज देकर इसकी जानकारी दी जाएगी। इसके अलावा आवेदनों पर होनेवाली कार्रवाई की भी जानकारी दी जाएगी। हर आवेदन पर कार्रवाई होगी और आवेदक की समस्याओं का निराकरण होगा। इस शिविर में जाति तथा आवासीय प्रमाण पत्र सहित अन्य आवश्यक सभी प्रमाण पत्र बनाने की भी प्रक्रिया पुरी की जाएगी।

**कार्यक्रम में इनकी रही उपस्थितिः** इस अवसर पर ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम और श्रम मंत्री सत्यानंद भोक्ता, सांसद विजय हांसदा, जिला परिषद अध्यक्षा मोनिका किस्कू, पूर्व मंत्री हेमलाल मुर्मू, मुख्यमंत्री के सचिव विनय चौबे , संथाल परगना प्रमंडल के आयुक्त श्री लालचंद दादेल और साहिबगंज जिले के उपायुक्त और पुलिस अधीक्षक समेत अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।

### आदिवासी, दलित अल्पसंख्यक विद्यार्थियों के विदेश में पढ़ने का सपना हो रहा है साकार

मुख्यमंत्री ने कहा-अब राज्य के आदिवासी, दलित अल्पसंख्यक विद्यार्थियों के विदेश में उच्च शिक्षा प्राप्त करने का सपना साकार हो रहा है । हमारी सरकार इन विद्यार्थियों को विदेशों में उच्च शिक्षा के लिए शत प्रतिशत स्कॉलरशिप दे रही है। दूसरी तरफ गुरुजी स्टूडेंट्स क्रेडिट कार्ड के माध्यम से यहां के जरूरतमंद विद्यार्थियों को मेडिकल, इंजीनियरिंग और लॉ जैसे कोर्स करने के लिए मदद देने का काम कर रही है। इसके अलावा बच्चों को गुणवत्तायुक्त शिक्षा देने के लिए स्कूल आफ एक्सीलेंस खोले गए हैं । तमाम सरकारी विद्यालयों को संसाधन उपलब्ध कराया जा रहा है। सभी छात्रावासों का जीर्णोद्धार करने के साथ यहाँ के रहने वाले विद्यार्थियों के लिए अनाज और रसोईया के साथ सुरक्षा की भी व्यवस्था सरकार करेगी।




### नौकरी भी दे रहे हैं और स्वरोजगार के इच्छुक युवाओं को मदद भी कर रहे

मुख्यमंत्री ने कहा कि रोजगार के मोर्चे पर सरकार बेहद संवेदनशील है। सरकारी और निजी क्षेत्र में बड़े पैमाने पर युवाओं को नौकरी दी जा रही है । वहीं, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना के माध्यम से रोजगार के इच्छुक युवाओं को आर्थिक मदद दे रही है। युवा अपने पैरों पर खड़ा हो सके, इसके लिए सरकार योजनाबद्ध तरीके से काम कर रही है ।

### किस योजना के कितने लाभुकों को मिला लाभ

इस अवसर पर जिन महत्वपूर्ण कल्याणकारी योजनाओं से लाभुकों को जोड़ा गया उसमें सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के 1152, पीएम आवास योजना के 6812, बिरसा सिंचाई कूप संवर्धन योजना के 2034, साईकल वितरण योजना के 6978, विभिन्न पेंशन योजना के 137293, प्री मैट्रिक छात्रवृति योजना के 115962 , केसीसी के 1692 और सोना सोबरन धोती साड़ी योजना के 27976 लाभुक हैं। इसके अलावा अबुआ आवास योजना, अबुआ वीर दिशोम योजना, मुख्यमंत्री पशुधन योजना तथा मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना समेत कई और योजनाओं से लाभुकों को जोड़ा गया।

### साहिबगंज जिले वासियों को मिली कई सौगातें

मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर 212 करोड़ 91 लाख 39 हजार 600 रुपए की रुपए की 891 योजनाओं का उद्घाटन- शिलान्यास किया। इसमें 62 करोड़ 97 लाख रुपए की 746 योजनाओं का उद्घाटन और 149 करोड़ 94 लाख 39 हजार 600 रुपए की 145 योजनाओं की आधारशिला रखी गई। वहीं, 3 लाख 97 हजार 330 लाभुकों के बीच 2 अरब 98 करोड़ 27 लाख 18 हजार 121 रुपए की परिसंपत्तियों का भी वितरण किया गया।

### हर वर्ग के लिए है योजनाएं

मुख्यमंत्री ने कहा कि हर वर्ग और तबके की जरूरतों को ध्यान में रखकर योजना बनाई गयी है। यूनिवर्सल पेंशन स्कीम के माध्यम से सभी बुजुर्गों, दिव्यांगों और विधवाओं को सामाजिक सुरक्षा पेंशन दिया जा रहा है। किसानों- पशुपालकों और मजदूरों के लिए बिरसा हरित ग्राम योजना, मुख्यमंत्री पशुधन योजना और फूलो झानो जल संवर्धन योजना समेत अनेकों योजनाएं चल रही है। अब सरकार मुख्यमंत्री पशुधन योजना के तहत लाभुकों को मिलने वाले पशुओं की बीमा भी कराएगी।

### सोशल मीडिया कंपनियों को डीप फेक के खिलाफ सख्ती से कार्रवाई करने का निर्देश

**नई दिल्ली** : सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर डीपफेक जैसे कंटेंट और मिसइन्फॉर्मेशन से सख्ती से निपटने के लिए संचार और आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने नए रेगुलेशन तैयार करने के निर्देश दिए हैं. इसके एक दिन बाद राज्य मंत्री राजीव चंद्रशेखर ने शुक्रवार को सोशल मीडिया कंपनियों को डीपफेक और मिसइन्फॉर्मेशन के खिलाफ सख्ती से क्रैकडाउन करने का निर्देश दिया है. सोशल मीडिया कंपनियों से कहा गया है डीपफेक जैसे कंटेंट और मिसइन्फॉर्मेशन को उनके प्लेटफार्म से जल्दी हटाना उनकी जिम्मेदारी है. सरकार ने एक विशेष अधिकारी भी नियुक्त करने का फैसला किया है, जो पीड़ित सोशल मीडिया यूजर को एफआईआर दर्ज करने में मदद करेगा. इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी मंत्रालय ने सभी सोशल मीडिया कंपनियों से कहा है कि वो सात दिन के अंदर अपने टर्म्स ऑफ यूज को आईटी कानून और नियमों से सूचिबद्ध करें. मंत्रालय में सोशल मीडिया कंपनियों के साथ एक अहम बैठक के दौरान आईटी राज्यमंत्री राजीव चंद्रशेखर ने ये निर्देश जारी किया है.राजीव चंद्रशेखर ने सोशल मीडिया कंपनियों से कहा- आईटी कानून और नियमों का 100ब अनुपालन होना चाहिए, उल्लंघन होने पर सरकार जीरो टॉलरेंस की पॉलिसी अपनाएगी. मौजूदा कानून और नियमों में डीपफेक सामग्री से सख्ती से निपटने के लिए स्पष्ट प्रावधान हैं.डीपफेक और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से जुड़े दूसरे कंटेंट नियम 3 (1)(बी)(1) के तहत कवर होते हैं.वो सरल भाषा में अपने प्लेटफार्म पर प्रकाशित करें कि डीपफेक प्रतिबंधित है. एक सरकारी अधिकारी पीड़ित सोशल मीडिया यूजर को एफआईआर दर्ज करने में सहायता करेगा.

## बड़ी संख्या में निवेशकों का सहयोग प्राप्त हुआः सीएम धामी



* हरिद्वार और देहरादून में 37820 करोड़ के निवेश प्रस्ताव पर हुए हस्ताक्षर

**एजेंसी**
**हरिद्वारः** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शुक्रवार को हरिद्वार में रीजनल ग्लोबल इन्वेस्टर्स कॉन्क्लेव में प्रतिभाग किया। इस दौरान बताया गया कि जनपद हरिद्वार व देहरादून को 10000 करोड़ का एमओयू हेतु लक्ष्य दिया गया था, जिसके सापेक्ष जनपद हरिद्वार एवं जनपद देहरादून में 37,820 करोड़ के 304 प्रस्ताव हस्ताक्षर हुए हैं। जनपद हरिद्वार में 23682.38 करोड़ के 185 प्रस्ताव पर हस्ताक्षर किये गए,जबकि जनपद देहरादून में 14138.09 करोड़ के 119 एमओयू पर हस्ताक्षर किये गए। राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय निवेशकों को निवेश हेतु आकर्षित करने के उद्देश्य से 8 व 9 दिसम्बर को देहरादून में उत्तराखंड ग्लोबल इन्वेस्टर समिट का आयोजन होगा।कॉन्क्लेव में मुख्यमंत्री धामी ने सभी निवेशकों का स्वागत करते हुए कहा कि पिछले चार महीने में हमने लंदन, दुबई, अबूधाबी, चेन्नई, अहमदाबाद, मुंबई और रुद्रपुर आदि में निवेशकों से बातचीत की, जिसमें बड़ी संख्या में निवेशकों का सहयोग प्राप्त हुआ। उन्होंने कहा कि निवेश बढ़ेगा तो रोजगार बढ़ेगा, लोगों को काम मिलेगा तथा बेरोजगारी कम होगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से प्रेरणा लेकर उत्तराखंड ने भी अपनी जीएसडीपी को आगामी 5 वर्षों में दोगुना करने का लक्ष्य निर्धारित किया है, जिसके क्रम में हमने सशक्त उत्तराखण्ड मिशन प्रारंभ किया है। दिसंबर में आयोजित होने वाला उत्तराखंड ग्लोबल इनवेस्टर्स समिट-2023 इसी मिशन का एक विशिष्ट अंग है। उन्होंने कहा कि इस समिट के लिए अभी तक दो लाख करोड़ रुपये के करार निवेशकों के साथ हो चुके हैं।मुख्यमंत्री ने कहा कि हमने सरलीकरण, समाधान, निस्तारीकरण और संतुष्टि के मूल सिद्धांत को अपनाकर राज्य में ईज ऑफ डूइंग बिजनेस के क्षेत्र में अभूतपूर्व प्रगति की है। राज्य में लाइसेंस आदि के अनुमोदनों के लिए सिंगल विंडो सिस्टम की व्यवस्था में सुधार किया गया है तथा व्यवसाय की स्थापना और संचालन के लिए आवश्यक सभी स्वीकृतियों के लिए वन स्टॉप शॉप व्यवस्था भी प्रारम्भ की गई है तथा निवेशक मित्र की भी स्थापना की है।

## हिंडनबर्ग की रिपोर्ट में लगाए गए आरोपों को अंतिम सच नहीं मान सकते : सुप्रीम कोर्ट



सेबी की ओर से पेश हुए सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने इस पर कहा कि शॉर्ट सेलिंग के मामले में एक्शन लिया जा रहा है.

**एजेंसी**
**नई दिल्लीः** हिंडनबर्ग केस की सुनवाई करते हुए शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट ने सभी पक्षों से सोमवार तक लिखित में दलीलें मांगीं और अपना फैसला सुरक्षित रखा. सुनवाई के दौरान कोर्ट ने निवेशकों के हितों के प्रति चिंता व्यक्त की. अदालत ने यह भी कहा कि हिंडनबर्ग की रिपोर्ट में लगाए गए आरोपों को अंतिम सच नहीं मान सकते.

शुक्रवार को सुनवाई के दौरान सुप्रीम कार्य द्वारा नियुक्त एक्सपर्ट कमेटी के सदस्यों को लेकर उठाए गए सवालों पर भी पूर्णविराम लगाते हुए सुप्रीम कोर्ट ने कहा,किसी पर भी आरोप लगाना बहुत आसान है, इससे बचना चाहिए.हम यहां किसी को कैरेक्टर सर्टिफिकेट नहीं दे रहे हैं.

कोर्ट ने मीडिया रिपोर्टों को दरकिनार कर तथ्यों के आधार पर बात करने के लिए कहा. मार्च को सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में एक कमेटी बनाई थी और सेबी को भी जांच के लिए 2 महीने का समय दिया था. मार्केट रेगुलेटर को 2 मई तक अपनी रिपोर्ट सौंपनी थी, लेकिन सेबी की ओर से कोर्ट में पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने सुनवाई के दौरान जांच के लिए 6 महीने की मोहलत मांगी थी.

सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने शॉर्ट सेलिंग के चलते निवेशकों को होने वाले नुकसान को लेकर चिंता व्यक्त की.

कोर्ट ने कहा,हमने इसीलिए दखल दिया, क्योंकि बाज़ार के उतार-चढ़ाव से निवेशकों को नुकसान हुआ.हमें निवेशकों के हितों को बचाने के लिए उठाए जाने वाले कदमों की चिंता है.निवेशकों को नुकसान न हो, इसके लिए कदम उठाने होंगे.

सेबी की ओर से पेश हुए सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने इस पर कहा कि शॉर्ट सेलिंग के मामले में एक्शन लिया जा रहा है. इसके अलावा, रेगुलेटरी फ्रेमवर्क को भी एक्सपर्ट कमेटी के सुझावों के अनुरूप मज़बूत किया जाएगा.

## टीवीएनएल के विस्तारीकरण का साफ हुआ रास्ता

* दिल्ली में हुई बैठक, शामिल हुए मंत्री मिथिलेश ठाकुर

**प्रभात मंत्र संवाददाता**
**रांची-नई दिल्ली** : टीवीएनएल विस्तारीकरण का रास्ता साफ हो गया है। दिल्ली में बिजली विभाग के अधिकारियों की बैठक में इस पर चर्चा की गयी। बैठक में राज्य के पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के मंत्री मिथिलेश ठाकुर और जेबीवीएनएल के एमडी केके वर्मा शामिल थे। इस दौरान टीवीएनएल के विस्तारीकरण को सेंट्रल इलेक्ट्रिसिटी अथॉरिटी ने अपनी मंजूरी दी। इसके साथ ही ललपनिया में 660 मेगावाट के दो यूनिट लगाने की योजना भी पूरी की जायेगी।तेनुघाट विद्युत उत्पादन निगम लिमिटेड राज्य सरकार के स्वामित्व वाली एकमात्र विद्युत इकाई है। इसके विस्तारीकरण के साथ ही राज्य में बिजली की कमी और सेंट्रल पूल से खरीदी जाने वाली बिजली में भी कमी आयेगी। टीवीएनएल के विस्तारीकरण की घोषणा पूर्व में कई बार समय समय पर की गयी है। साल 2016 में तत्कालीन मुख्यमंत्री रघुवर दास ने विस्तारीकरण की बात कही थी।



इसके बाद 2021 में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने भी इस संबंध में घोषणा की। हालांकि साल 2021 में झारखंड ऊर्जा विकास निगम और तेनुघाट विद्युत उत्पादन निगम दोनों को पत्राचार कर विस्तारीकरण के संबध में जानकारी मांगी गयी थी। इस दौरान टीवीएनएल का राज्य झारखंड उर्जा उत्पादन निगम में विलय के संबंध में भी आकलन रिपोर्ट की मांग की गयी थी। हालांकि इसके बाद मामला शांत हो गया था। ऐसे में अब उम्मीद है कि राज्य में टीवीएनएल का विस्तारीकरण जल्द संभव होगा। फिलहाल टीटीपीएस में दो यूनिट कार्यरत है, जिसकी क्षमता 420 मेगावाट है। एक यूनिट से बिजली उत्पादन क्षमता 210 मेगावाट है। राज्य में औसत बिजली की मांग 2200 मेगावाट है। ऐसे में टीटीपीएस के विस्तार से राज्य के बिजली उत्पादन के अपने स्रोत में वृद्धि होगी। फिलहाल डीवीसी राज्य के छह जिलों में लगभग 400 मेगावाट बिजली आपूर्ति कर रहा है।

## राजस्थान में आज होगा मतदान



**एजेंसी**
**जयपुर** : राजस्थान में आज होने वाले विधानसभा चुनाव के मतदान की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।विधानसभा की 199 सीटों पर सुबह 7 बजे से लेकर शाम 6 बजे तक वोट डाले जा सकेंगे। 200 सदस्यों वाली राज्य विधानसभा की एक सीट पर उम्मीदवार की मृत्यु के कारण चुनाव स्थगित कर दिया गया है। उम्मीदवारों का भविष्य तय करने के लिए 5 करोड़ 26 लाख से अधिक मतदाताओं के लिए कुल 51 हजार 507 मतदान केंद्र बनाए गए हैं। सुचारू मतदान सुनिश्चित कराने के लिए लगभग दो लाख 75 हजार मतदानकर्मी काम करेंगे। मुख्य चुनाव अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने बताया है कि 26,393 मतदान केंद्रों पर लाइव वेबकास्टिंग की जाएगी।

**असर्फी हॉस्पिटल**
आपका अपना सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल
स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग
* 24 X 7 अनुभवी स्त्री रोग विशेषज्ञ
* अत्याधुनिक ऑपरेशन थिएटर
* अत्याधुनिक प्रसूति कक्ष

Dr. S.K.Das (MBBS,DGO,MS)
Dr. Rashmi Sinha (MBBS,MS)
Dr.Jyotsna Jha (MBBS, DGO )
Dr. Arpita Das MBBS,MS(Obs & Gynae)
OPD: Monday to Saturday 10 AM to 5 PM
7808368888 www.asarfihospital.com

## गढ़वा प्रखंड के बिरबंधा पंचायत में हुआ आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गढ़वा :** आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार' कार्यक्रम का शुभारंभ शुक्रवार को गढ़वा प्रखंड के बिरबंधा पंचायत भवन में उपायुक्त शेखर जमुआर के द्वारा किया गया। उपायुक्त द्वारा दीप प्रज्वलित कर विधिवत रूप से कार्यक्रम की शुरुआत की गयी। मौके पर उपायुक्त ने शिविर में लगे विभिन्न विभागों के स्टॉल का निरीक्षण किया। साथ ही विभिन्न सरकारी योजनाओं से लाभुकों को आच्छादित किया एवं आमजनों की समस्याओं को सुन ऑन द स्पॉट निष्पादन का निर्देश दिया। इस दौरान जन प्रतिनिधि, प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी, अन्य पदाधिकारी एवं काफी संख्या में लाभुक, स्थानीय नागरिक उपस्थित थे। इस अवसर पर उपायुक्त श्री जमुआर ने कहा कि 'आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार' कार्यक्रम के माध्यम से जिला प्रशासन की पूरी टीम आपके पंचायत में आपके समक्ष आई है जो आपकी समस्याओं का तत्परता के साथ समाधान करेगी। उन्होंने कहा कि सरकार की सभी महत्वपूर्ण योजनाओं का लाभ योग्य लाभुकों तक पहुंचे यह हमारी प्राथमिकता है। आपको जिला स्तरीय कार्यालयों का चक्कर लगाना ना पड़े इसलिए हम आपके द्वार आए हैं। शिविर में ऑन द स्पॉट आपकी समस्याओं का निष्पादन करने का हर संभव प्रयास किया जाएगा, चाहे जमीन की समस्या हो यह राशन, पेंशन की समस्या हो या फिर अन्य प्रकार की समस्या हो। सभी समस्याओं का निष्पादन आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के माध्यम से किया जाएगा। उन्होंने आमजनों से अपील किया कि धैर्य बनाए रखें, आपकी समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर निष्पादन होगा। सैचुरेशन मोड में कार्य जारी है। ग्रामीण एवं जरूरतमंद जनता के लिए हम हर संभव तत्परतापूर्वक कार्य कर रहे है। मौके पर उपायुक्त द्वारा लाभुकों को विभिन्न योजनाओं से आच्छादित किया गया।

## दो दर्जन ग्रामीणों ने थामा झारखंड मुक्ति मोर्चा का दामन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रंका :** प्रखंड के सिरोई खुर्द पंचायत में मंत्री मिथिलेश ठाकुर के कार्य देखकर दो दर्जन से ऊपर ग्रामीणों ने झारखंड मुक्ति मोर्चा का दामन थामा है। इस संबंध में झारखंड मुक्ति मोर्चा के वरिष्ठ कार्यकर्ता परशु ठाकुर ने बताया कि रंका प्रखंड के सिरोई खुर्द पंचायत के मझिगवां गांव के सेमर टांड़ गांव में मंत्री मिथिलेश ठाकुर के कार्य को देखते हुए एवं युवा अध्यक्ष दीपक सोनी के अगुवाई में दो दर्जन से ऊपर महिला पुरुष झारखंड मुक्ति मोर्चा का दामन थाम लिया है वहीं पर झारखंड मुक्ति मोर्चा के वरिष्ठ कार्यकर्ता परसु ठाकुर के द्वारा लोगों को मिठाई खिलाकर एवं फूल माला पहनकर लोगों को स्वागत किया गया इस संबंध में परसु ठाकुर ने बतलाया कि युवा अध्यक्ष दीपक सोनी एवं मंत्री मिथिलेश ठाकुर के कार्य को देखते हुए आज दो दर्जन से ऊपर गांव के ग्रामीण महिला पुरुष झारखंड मुक्ति मोर्चा का दामन थामे है जिन्हें फूल माला एवं मिठाई खिलाकर लोगों को पार्टी में शामिल की गई।

## कुर्मीपुर पंचायत के मुखिया पति पर आवास के नाम पर रिश्वत लेने का आरोप

**हुसैनाबाद (प्रभात मंत्र संवाददाता):** हुसैनाबाद प्रखंड के कुर्मीपुर पंचायत मुखिया पति अजय कुमार राजवंशी पर आवास योजना दिलाने के नाम पर 20 बीस हजार रूपए रिश्वत लेने का आरोप इसी पंचायत के गांव गम्हरबीघा निवासी सुरज कुमार सिंह ने एसडीजेएम कोर्ट मेदिनीनगर में मुखिया पति अजय कुमार राजवंशी और मुखिया रीना देवी के खिलाफ परिवाद दायर किया आवेदन में कहा कि आवास योजना के तहत आवास चाहिए तो पहले 20 हजार रुपए देना होगा विश्वास में आकर उन्होंने 20 हजार रुपए पैसा दे दिया वहीं मुखिया पति अजय राजवंशी ने चेतावनी दी कि रिश्वत का जिक्र मत करना दो महिने बीत जाने के बाद मुखिया पति से संपर्क किया तो उन्होंने बताया कि अभी तक आपका आवास योजना का आवंटन नहीं हुआ है जब वही लाभुक सुरज कुमार सिंह ने अपना पैसा का मांग किए जाने पर गाली गलौज करते हुए मारपीट कर जख्मी कर दिया और उल्टा हरिजन एक्ट केश में फंसाने की धमकी दी हुसैनाबाद पुलिस निरीक्षक संह थाना प्रभारी जगरनाथ धान ने बताया कि परिवाद पत्र के आधार पर प्राथमिक दर्ज कर मामले की छानबीन किया जा रहा है।

## ट्रेन से कटकर 70 वर्षीय युवक ने की आत्महत्या

**मेदिनीनगर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सदर थाना क्षेत्र अंतर्गत बैजनाथ आश्रम के समीप शुक्रवार की सुबह एक युवक ने रेलगाड़ी के आगे कूद कर जान दे दी। युवक की पहचान बिश्रामपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत बसना निवासी देव कुमार पांडे 70 वर्षीय के रूप में हुई है। शव को देखकर संभावना जताई जा रही है कि युवक ने ट्रेन से कट कर आत्महत्या की है। मृतक मेदिनीनगर क्षेत्र अंतर्गत सिंगरा गांव में अपने बेटी के घर रहता था। रेल लाइन के अप लाइन में खम्मबा नंबर 290/13 में युवक की शव पड़ी हुई थीं। मौके पर घटनास्थल पर पुलिस पहुंच कर मामले की छानबीन में जुट गई, और शव को पोस्टमार्टम के लिए मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेज दिया।

## आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का हुआ शुभारंभ

**हुसैनाबाद (प्रभात मंत्र संवाददाता):** आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का शुभारंभ देवरी खुर्द पंचायत से किया जिसमें यह कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रखंड प्रमुख राजकुमारी देवी अंचलाधिकारी धनंजय कुमार गुप्ता प्रखंड विकास पदाधिकारी रौशन कुमार उतरी जिला परिषद सदस्य राजू मेहता उर्फ एसपी मेहता देवरी खुर्द पंचायत मुखिया ममता देवी ने दीप प्रज्वलित कर किया शुभारंभ मौके पर हुसैनाबाद के प्रखंड एवं अंचल सहित अन्य विभागीय कर्मीयों मौजूद थे।

## डंडा प्रखंड के सहायक कर्मी के निधन पर समाहरणालय में शोक सभा आयोजित

**गढ़वा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिले के डंडा प्रखंड कार्यालय में प्रतिनियुक्त सहायक कर्मी कुमुद कुमार झा के आकस्मिक निधन पर आज समाहरणालय गढ़वा के सभागार में उपायुक्त शेखर जमुआर, उप विकास आयुक्त राजेश कुमार राय, अपर समाहर्ता पंकज कुमार सिंह, अनुमंडल पदाधिकारी गढ़वा विजय कुमार समेत सभी जिला स्तरीय पदाधिकारियों एवं कर्मियों ने 2 मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना किया। मौके पर उपायुक्त ने जिला प्रशासन की ओर से उनके आकस्मिक निधन पर दुःख व्यक्त करते हुए कहा कि हमने एक अच्छे कर्मी को खोया है जो काफी पीड़ादायक है। उन्होंने कहा कि दुःख की इस घड़ी में हम मृतक के परिजनों के साथ खड़े है।

## आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम मे एसडीएम ने किया निरीक्षण

**नौड़ीहा बाजार (पलामू) (प्रभात मंत्र संवाददाता):** नौड़ीहा बाजार प्रखंड के लक्ष्मीपुर पंचायत के हाई स्कूल के मैदान परिसर मे आपकी योजना, आपकी सरकार और आपके द्वार कार्यक्रम के तहत शिविर का आयोजन किया । इस शिविर मे सभी विभाग का स्टॉल लगाई गई थी। आयोजित शिविर मे 130 छात्राओं के साइकिल के लिए 4500 रु का चेक वितरण किया गया। और अबुवा आवास ,सामाजिक सुरक्षा पेंशन ,गुरुजी क्रेडिट कार्ड, मुख्य मंत्री रोजगार सृजन योजना के लिए आवेदन माँगा गया और सखी मंडल दीदी के ग्रामीण रोजगार के लिए लोन भी स्वीकृति पत्र सौपी गई। इस शिविर मे छतरपुर अनुमंडल पदाधिकारी हीरा कुमार ने गरीब असहाय लोगों के अपने हाथों से कम्बल वितरण कर कार्यक्रम के शुरुआत किया गया। उन्होंने सभी अधिकारी एवं कर्मचारी गण के निर्देश दिया की समय से पहले शिविर से भागनेवाले कर्मी को खैर नही होगा। इस शिविर मे जीप सदस्य श्री सुदामा पासवान, बीडीओ संजय कुमार यादव, प्रमुख रेशम कुमारी, वीस सूत्रीय अध्यक्ष उदय पासवान, बीपीओ दीपक कुमार, एमओ प्रमोद कुमार सिंह, पंचायती राज पदाधिकारी विनोद कुमार राम, अंचल निरीक्षक सुरेंद्र कुमार, मुखिया हेवन्ति देवी, पंचायत समिति सदस्य सुनीता देवी, शिक्षक संतोष कुमार सिंह सहित अन्य सभी कर्मी मौजूद थे।

## स्वास्थ्य स्वच्छता पोषण समिति की मासिक बैठक बलीगढ़ में संपन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**केतार (गढ़वा) :** केतार प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत बलीगढ़ के ग्राम स्वास्थ्य स्वच्छता पोषण समिति की मासिक बैठक समिति के अध्यक्ष मनीष कुमार गुप्ता की अध्यक्षता में किया गया। इस बैठक में मुख्य रूप से स्थानीय ग्रामीणों को जल्द से जल्द आयुष्मान कार्ड बनवाने को लेकर विशेष चर्चा किया गया। साथ ही समिति के लोगो ने निर्णय लिया कि हम लोग अपने टोला मोहल्ले में लोगों से अधिक से अधिक आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए प्रेरित करेंगे। ताकि ग्राम पंचायत में कोई भी लोग आयुष्मान कार्ड से वंचित न रह सके वही ग्राम स्वास्थ्य स्वच्छता पोषण समिति के अध्यक्ष मनीष कुमार गुप्ता ने सभी स्वास्थ्य सहिया को अपने क्षेत्र में हर घर जाकर लोगों को आयुष्मान कार्ड के बारे में बताने और आयुष्मान कार्ड बनवाने के लिए सलाह देने की बात कही वही मौके पर उपस्थित छ्स्ष्ट संचालक नरेंद्र कुमार ने बताया कि मैं प्रतिदिन पंचायत भवन पर बैठता हूं और आप लोग वहां आकर आयुष्मान कार्ड बनवा सकते हैं। इस बैठक में उपस्थित स्वास्थ्य समिति के सचिव सह स्वास्थ सहिया ममता देवी, संगीता देवी, उषा देवी, संगीता देवी, अनु कुमारी, रेणु कुमारी, सविता देवी, गीत देवी, सिलवंती देवी, रुपमणी देवी, भोला सिंह, अजीत गुप्ता, सहित कई लोग मौजूद थे।

## रंकाः आपकी योजना आपकी सरकार का हुआ आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रंका :** प्रखंड के चुटिया पंचायत में आपकी योजना आपकी सरकार का शुभारंभ प्रखंड विकास पदाधिकारी दीप प्रज्वलित किया इस संबंध में बताते चले की सरकार आपके द्वार कार्यक्रम आज रंका प्रखंड के चुटिया पंचायत के गोदरमाना गांव में की गई जिसका प्रचार प्रसार प्रखंड विकास पदाधिकारी देवानंद राम के द्वारा की गई थी जहां पर सभी प्रकार के विभाग को आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में उपस्थित होना था जहां पर लोगों को त्वरित सुनवाई की जा सके जहां पर वन विभाग पीएचडी विभाग कृषि विभाग रंका भारतीय स्टेट बैंक इस सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में नहीं पहुंचे वहीं शिक्षा विभाग पुलिस विभाग स्वास्थ्य विभाग एवं प्रखंड एवं अंचल के सभी विभाग आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में पहुंचकर लोगों का समस्या को सुना एवं त्वरित निदान भी की वहीं सरकार के महत्वाकांक्षी योजना अबुआ आवास वृद्धा पेंशन विकलांग पेंशन मनरेगा संबंधित सभी योजनाओं को बताने का कार्य किया गया एवं सरकार की उपलब्धि के बारे में भी योजना एवं लाभकारी योजना के बारे में लोगों को जानकारी दी गई इस मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी देवानंद राम रंका प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष अहमद अली बीस सूत्री उपाध्यक्ष कार्तिक पांडे मुखिया प्रतिनिधि शंभू गुप्ता शिक्षा विभाग से प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी संतोष कुमार दुबे आदि कर्मी उपस्थित थे।

## कर्नल कप फुटबॉल टूर्नामेंट बिलासपुर को पथरा ने हराया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद :** अनुमंडलीय कर्पूरी मैदान में खेले जा रहे हैं कर्नल कप फुटबॉल टूर्नामेंट के दूसरे दिन दर्शकों को रोमांचक मैच देखने को मिला।यह मैच पथरा बनाम बिलासपुर के बीच खेला गया। मध्यांतर तक दोनों टीमें गोल रहित बराबरी पर रही। दूसरी हाफ में पथरा ने आक्रामक खेल खेलते हुए लवकुश कुमार के शानदार किक के मदद से गोल कर टीम को बढ़त दिला दी। उसके बाद कोई गोल नहीं हो सका और पथरा 1-0 से जीत दर्ज करने में कामयाब हुई। आज के मैच के मुख्य अतिथि कचरा निवासी सेवानिवृत्त शिक्षक जगदीश राम ने सभी खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया और उनका उत्साहवर्धन किया। उन्होंने बताया कि खेल को खेल भावना से खेलें और अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने का कोशिश करें। कर्नल (डॉ.) संजय कुमार सिंह ने कहा कि हमारा क्लब इस टूर्नामेंट के माध्यम से प्रतिभावान खिलाड़ियों को इंगित कर रहा है। खेल के माध्यम से मानवता, एकता और भाईचारे का संदेश भी देते हैं. यही नहीं खेल शारीरिक, मानसिक विकास के साथ रोजगार के भी सशक्त माध्यम हैं। इसलिए इस दिशा में भी प्रयास करने के लिए भी सोचना चाहिए।

## यूथ वॉलीबॉल प्रतियोगिता में मेजबान गढ़वा समेंत अन्य जिले लीग राउण्ड में विजयी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गढ़वा :** जिला मुख्यालय के ऐतिहासिक राजकीयकृत गोविन्द स्कूल के मैदान में खेले जा रहे 16वीं राज्य स्तरीय अंतर जिला यूथ (बालक एवं बालिका) वॉलीबॉल प्रतियोगिता के दुसरे दिन बालक वर्ग के लीग राउण्ड के मैच में मेजबान गढ़वा समेंत रामगढ़, हजारीबाग, देवघर, पश्चिमी सिंहभूम, रांची, धनबाद, खूंटी, लोहरदगा समेंत अन्य टीमें विजयी रही। गढ़वा जिला वालीबाल संघ के तत्वावधान में आयोजित राज्य स्तरीय इस प्रतियोगिता के दुसरे दिन बालक वर्ग के कुल 16 मैच आयोजित किए गए। इसमें लातेहार बनाम रामगढ़ के मैच में रामगढ़ की टीम 2-0 से, हजारीबाग बनाम पूर्वी सिंहभूम के मैच में हजारीबाग 2-0 से, देवघर बनाम बोकारो के मैच में देवघर 2-0 से, गुमला बनाम पश्चिम सिंहभूम के मैच में पश्चिमी सिंहभूम 2-0 से, रांची बनाम पाकुड़ के मैच में रांची 2-0 से, धनबाद बनाम गोड्डा के मैच में धनबाद 2-0 से, खूंटी बनाम पलामू के मैच में खूंटी 2-1 से, लोहरदगा बनाम कोडरमा के मैच में लोहरदगा 2-0 से, पूर्वी सिंहभूम बनाम लोहरदगा के मैच में पूर्वी सिंहभूम 2-0 से रांची बनाम खूंटी के मैच में रांची दो-एक से, धनबाद बनाम लातेहार के मैच में धनबाद 2-1 से, बोकारो बनाम गुमला के मैच में बोकारो दो-जीरो से, रामगढ़ बनाम सरायकेला के बीच मैच में रामगढ़ जीरो से, गढ़वा बनाम पश्चिमी सिंहभूम के मैच में गढ़वा, हजारीबाग बनाम कोडरमा के मैच में हजारीबाग की टीम विजयी रही।

## परम पूज्यपाद श्री श्री बड़दा का 113 वां जन्मदिवस बहुत ही धूमधाम के साथ मनाया गया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** श्री श्री ठाकुर अनुकुलचंद्र जी के अनुयायियों द्वारा जंगीपुर ग्राम स्थित सत्संग उपासना केंद्र उर्जिपता के प्रांगण में परम पूज्यपाद श्री श्री बड़दा का 113 वां जन्मदिवस बहुत ही धूमधाम के साथ मनाया गया. इस अवसर पर उपासना केंद्र को फूल माला तथा विद्युत झालर से सुसज्जित किया गया था. कार्यक्रम का शुभारंभ शंख ध्वनि, बंदे पुरुषोत्तम ध्वनि के साथ दीप प्रज्वलित कर किया गया। इसके बाद संध्याकालीन विनती प्रार्थना किया गया. प्रार्थना के बाद समवेत नाम, जप,सत्यानु शरण पाठ, नारी नीति का पाठ किया गया.धृति सुंदरलाल, गीता देवी, सतवंती देवी, चंचला गुप्ता के द्वारा भक्तिमूलक भजन प्रस्तुत किया गया.इष्ट चर्चा कार्यक्रम में सत्संगी राजकुमार ने श्री श्री बड़दा के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि श्री श्री बड़दा पितृ भक्त थे. उनका संपूर्ण जीवन मानव कल्याण के लिए ही समर्पित था. ऋत्विक विजय नंदन प्रसाद सिन्हा ने श्री श्री बड़दा के द्वारा दिए गए सभी निर्देशों का पालन करने का सभी से आग्रह किया.उन्होंने श्री श्री बड़दा के द्वारा बताये गये मानव कल्याण हेतु निर्देशों को लेकर कहा कि यदि मनुष्य उषा काल में मंत्र का साधना करें, चलते-फिरते नाम जपा करें एवं समय अनुसार इष्ट के आदेशों का पालन करें।

## आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का भोजपुर पंचायत से किया गया आगाज



**बंशीधर नगर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के भोजपुर पंचायत में पंचायत सचिवालय के निकट शुक्रवार को आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया.कार्यक्रम का शुभारंभ जिप सदस्य बाला रानी, प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष शैलेश कुमार चौबे,प्रखंड विकास पदाधिकारी विकास कुमार सिंह,पंचायत के मुखिया ओमप्रकाश उरांव,उप प्रमुख गणेश प्रताप देव ने संयुक्तरूप से दीप प्रज्वलित कर किया.इस अवसर पर बीडीओ विकास कुमार सिंह ने कहा कि सरकारी योजनाओं का लाभ लेने के लिये पंचायत के लोगों को अब प्रखंड कार्यालय व पदाधिकारियों के पास जाने की जरूरत नही पड़ेगा.सरकार के निर्देशानुसार प्रखंड के प्रत्येक पंचायत में आपकी योजना,आपकी सरकार,आपके द्वार कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है.आप सभी अपनी समस्याओं से सम्बंधित लिखित आवेदन सम्बंधित विभाग के स्टॉल पर दें.यथाशीघ्र आपकी समस्याओं का समाधान करने का प्रयास किया जायेगा. उन्होंने उपस्थित लोगों को सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी विस्तार से दिया.शिविर में सभी विभागों का अलग अलग स्टॉल लगाया गया था.जहां सम्बंधित विभाग के अधिकारी व कर्मी उपस्थित थे।

**आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम :** में विभिन्न विभागों से सबंधित कुल 1078आवेदन प्राप्त हुये, जिसमे 249आवेदनों का त्वरित निष्पादन कर दिया गया जबकि 829 योजनाएं लंबित रही.जिन विभाग से सबंधित आवेदन प्राप्त हुये उनमें अबुआ आवास योजना के तहत सर्वाधिक 702, आयुष्मान कार्ड के लिये 35, दो आवेदन 15 वें वित्त से,मनरेगा के तहत नये कार्य 2, नया जॉब कार्ड के लिये 44,राशन कार्ड में संशोधन के लिये 6, विद्युत विभाग से सबंधित 2,धोती,साड़ी व लुंगी वितरण 36,कम्बल वितरण 10, सर्वजन पेंशन 14,सावित्री बाई फुले किशोरी संवृद्धि योजना7, किसान क्रेडिट कार्ड योजना 16,आधार पंजीकरण16, मुख्यमंत्री पशुधन योजना36, पेयजल 5,श्रमधन पोर्टल पर पंजीकरण 9,वन विभाग से फसल मुआवजा 18, आजीविका मिशन 35, कल्याण विभाग से 5, स्वास्थ्य जांच 65,निर्वाचन 8 व एक अन्य आवेदन प्राप्त हुआ.कार्यक्रम में उपस्थित -पर्यवेक्षक के रूप में जिला भूअर्जन पदाधिकारी एजाज अंसारी,प्रखंड विकास पदाधिकारी विकास कुमार सिंह, अंचलाधिकारी सुनील कुमार, प्रखंड बीस सूत्री प्रखंड अध्यक्ष शैलेश कुमार चौबे, जिप सदस्य बाला रानी,उप प्रमुख गणेश प्रताप देव, बीडीसी पुष्पा देवी, प्रखंड कल्याण पदाधिकारी सोशलिस्ट राम, पंचायत सचिव बिरेन्द्र कुमार सिंह, प्रखंड समन्वयक प्रधानमंत्री आवास योजना स्नेहा सिंह, प्रखंड समन्वयक पंचायती राज कौशल कुमार, प्रखंड कार्यालय सहायक अनिल कुमार सिंह, प्रशांत कुमार, अर्पण कुमार, बीपीओ तहमीना प्रवीण, सीआरपी शक्तिदास सिन्हा, राजेश कुमार, सुनीता कुमारी, आनन्द विश्वकर्मा, शम्भू राम सहित बड़ी संख्या में पंचायत के महिला पुरूष उपस्थित थे।

## चौरिया में हुआ आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खरौंधी (गढ़वा) :** प्रखंड के चौरिया में शुक्रवार को आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ बीडीओ रविंद्र कुमार, सीओ सुनील कुमार, बिससूत्री अध्यक्ष राजेश रजक, उपप्रमुख देवदत्त प्रसाद आर्य, विधायक प्रतिनिधि विनोद चौधरी, मुखिया प्रमोद राम तथा बीड़ीसी पूर्णिमा देवी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। शिविर में पंचायत के लोगों की विभिन्न समस्याओं के निदान के लिये अलग-अलग स्टॉल लगाकर आवेदन लिया जा रहा था। जिसमें अंचल, बाल विकास परियोजना, शिक्षा विभाग, पेंशन, कल्याण, अबुआ आवास, स्वास्थ्य विभाग, पशु पालन, बिजली विभाग, बैंक, जेएसएलपीएस, कृषि, श्रम, भूमि सुधार, पेयजल विभाग, सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना सहित कई विभाग के अलग अलग स्टॉल लगाए गये थे। 20 सूत्री अध्यक्ष राजेश कुमार रजक ने लोगों से कहा राज्य सरकार ने प्रखंड के सभी पंचायतो में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन कर रही है। ताकि इस कार्यक्रम के माध्यम से सरकार के जन उपयोगी योजनाओं को लोगो तक पहुंचाते हुए लोगो को उसका लाभ देना है। उपप्रमुख देवदत प्रसाद आर्य ने कहा इस कार्यक्रम के माध्यम से सरकार की योजनाओं को गांव के हर व्यक्ति तक पहुचाना है। उन्होंने झारखंड की हेमंत सरकार की जमकर सराहना किया। इस दौरान पूर्व अरंगी मुखिया शिवकुमार यादव, सीआई मोजिब खान, कर्मचारी अजमेरी अंसारी, बीपीओ कमलेश पासवान, रोजगार सेवक गुलाब पासवान, आनंद गुप्ता, पंचायत सचिव उमेश राम, विनोद पासवान जेएसएलपीएस बीपीएम मोनिका कुमारी, लेखपाल अशानंदन राम, पंचायत, ऑपरेटर मनीष कुमार, सचेत कुमार, बीटीएम संतोष कुमार आदि सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे।

## आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम में आये 11,936 आवेदन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद :** डीसी ने पहले दिन पंसा, हुसैनाबाद नगर पंचायत के वार्ड नंबर 12 सहित आपकी योजना-आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आज पलामू जिले के सभी प्रखंड के पंचायतों में शुरुआत हुआ। पलामू उपायुक्त शशि रंजन ने मोहम्मदगंज प्रखंड के पंसा पंचायत से आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार अभियान की विधिवत शुरुआत की साथ में हुसैनाबाद अनुमंडल पदाधिकारी कमलेश्वर नारायण, प्रखण्ड विकास पदाधिकारी पारितोष प्रियदर्शी व स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने दीप प्रज्वलित कर अभियान की शुरुआत की। इसमें प्रखंड स्तर के सभी विभागों के पदाधिकारियों एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। पहले दिन पलामू जिले के विभिन्न प्रखंडों के विभिन्न पंचायत में आयोजित शिविरों में 11,936 आवेदन प्राप्त हुए। इसमें कई मामलों का ऑन स्पॉट निष्पादन किया गया।आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम की शुरुआत करते हुए उपायुक्त शशि रंजन ने कहा कि इस विशेष अभियान का एक मात्र उद्देश्य सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं को अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक पहुंचाने का है.उन्होंने कहा इस अभियान के माध्यम से आपके अधिकारों को आपके घर तक पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है। कार्यक्रम में विभिन्न योजनाओं के लाभुकों के बीच परिसंपत्तियों का वितरण किया गया.इस दौरान सोना-सोबरन योजना के तहत लाभुकों के बीच धोती-साड़ी व लुंगी,आगामी ठंड के मद्देनजर लोगों के बीच कंबल,4 छात्रों के बीच साइकिल वितरण,सावित्रीबाई फुले योजना के तहत 6 बच्चियों को सांकेतिक रूप से चेक वितरण किया।

## संक्षिप्त खबरें

### पुष्पा इम्पॉसिबल में इम्तहान की घड़ी है

**रांची।** पुष्पा इम्पॉसिबल में पुष्पा की भूमिका निभाने वाली, करुणा पांडे ने कहा, यह पुष्पा के साथ ही शो के दर्शकों के लिए भी भावनात्मक रूप से काफी चुनौतीपूर्ण सप्ताह होगा। इसमें बहुत सारे गंभीर सीन्स होंगे और पुष्पा को जीवन बदलने वाले कई निर्णय लेने होंगे। चूंकि कहानी चिराग, अश्विन और राशि के साथ आगे बढ़ती है, पुष्पा खुद को एक तूफान के बीचोंबीच पाती है, और अलग-अलग मोर्चों पर विभिन्न चुनौतियों से पार पाने की कोशिश कर रही है। आगामी एपिसोड्स भावनात्मक उतार-चढ़ाव से भरपूर का वादा करते हैं, जहां पुष्पा पारिवारिक निष्ठा, न्याय और अप्रत्याशित मोड़ की पेचीदगियों से गुज़रेगी।

### 80 शिकायतों का ऑन स्पॉट निपटारा

**रांची:** आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम का शुभारंभ शुक्रवार को शुरु हो गया। रांची नगर निगम की ओर से निगम क्षेत्र वार्ड नंबर एक और वार्ड नंबर दो में शिविर का आयोजन किया गया। इसमें होल्डिंग, ट्रेड, जन्म मृत्यु निबंधन, जल कर भुगतान, प्रधानमंत्री आवास योजना आदि के लिए आवेदन लिया गया। दोनों शिविरों में कुल मिलाकर 80 शिकायतों का निपटारा ऑन स्पॉट किया गया तथा आवेदन लिए गए। वार्ड नंबर एक और वार्ड नंबर दो में आयोजित शिविर में प्रशासक अमीत कुमार और अपर प्रशासक कुंवर सिंह पाहन की ओर से जायज़ा लिया गया। प्रशासक ने कहा कि सरकार आपके द्वार कार्यक्रम 26 दिसम्बर तक प्रतिदिन दो वार्डों में लगाया जाएगा। सभी शहरवासी निगम स्तर के सेवाओं का लाभ इन शिविरों में आ कर ले सकते है। उन्होंने सभी लोगों से अपील की है कि अपने नजदीकी वार्ड में आयोजित शिविर में आएं और योजनाओं का लाभ लें।

# गुरुनानक जयंती आज, जुलूस को लेकर मार्गों में किया गया बदलाव

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** शनिवार को गुरुनानक जयंती है। इस अवसर पर 25 नवंबर को दिन के 1 बजे रात्रि 8 बजे तक रांची के विभिन्न मार्गों पर सिख समुदायों का जुलूस के रूप में शहर में झांकी निकलती है। इसको लेकर रांची ट्रैफिक पुलिस ने रोड डायवर्सन प्लान जारी किया है। इसके तहत जुलूस निकलने वाले मार्ग पिस्का मोड़- रातू दुर्गा मंदिर चौक-न्यू मार्केट चौक-किशोरी यादव चौक-महाबीर मंदिर चौक (अपर बाजार)-शहीद चौक-फिरायालाल चौक-सुजाता चौक तक की यातायात व्यवस्था ऐसी रहेगी।

पिस्का मोड़ से दुर्गा मंदिर चौक होकर किशोरी यादव चौक की ओर आने-जाने वाले मार्ग को दिन के 1 बजे से 5 बजे तक नगर कीर्तन जुलूस के लिए निर्धारित किया गया है।

**इस अवसर पर 25 नवंबर को दिन के 1 बजे रात्रि 8 बजे तक रांची के विभिन्न मार्गों पर सिख समुदायों का जुलूस के रूप में शहर में झांकी निकलती है।**



किशोरी यादव चौक से दुर्गा मंदिर चौक होकर पिस्का मोड़ जाने वाले वाहन बायां लेने में गमनागमन करेंगे व लेन को उपयोग पिस्का मोड़ से दुर्गा मंदिर चौक होकर किशोरी यादव चौक आने वाले वाहनों के लिए आवश्यकतानुसार किया जाएगा।

जुलूस किशोरी यादव चौक से अपर बाजार में प्रवेश करने पर शहीद चौक से महाबीर चौक होकर किशोरी यादव चौक जाने वाले वाहनों पर सामयिक पाबंदी लगाई जाएगी।

जुलूस शहीद चौक से मेन रोड में प्रवेश करने पर दिन के 4 बजे से रात के 8 बजे तक शहीद चौक से फिरायालाल-रतन पीपी होकर सुजाता चौक तक वाहनों के गमनागमन पर सामयिक पाबंदी लगाई जाएगी।

मेन रोड में जुलूस खत्म होने तक रेडियम चौक से फिरायालाल चौक होकर सुजाता चौक की ओर गमनागमन करने वाले वाहन रेडियम चौक-लालपुर चौक-कांटाटोली चौक-बहुबाजार चौक-सुजाता चौक अपने गंतव्य तक जा सकेंगे।

# खादगढ़ा टीओपी प्रभारी आकाश ने दिखाया मानवता, बीमार व्यक्ति को पहुंचाया रिम्स

**परवेज कुरैशी @ प्रभात मंत्र**

**रांची।** मानवता अब धीरे-धीरे समाज के बीच से काम होता दिख रहा है । ऐसा इसलिए कह रहा हूं कि मैंने आज ऐसा होते देखा। घटना है लोअर बाजार थाना क्षेत्र के कांटा टोली कुरैशी मुहल्ला की। यहां एक असहय , कमजोर , बीमार व्यक्ति ठंड से ठिठुर रहा था , शाम होने के साथ साथ ठंड भी बढ़ रहा था। उसके शरीर पर एक पतला सा चादर था और वे ठंड से कांप रहा था और ठंड से बचने के लिए अपना सिर को अपने दोनों टांगों के घुटनों के बीच झुकाए सुबह से बैठा हुआ था। लेकिन सुबह से लेकर शाम तक इस मुहल्ले के किसी व्यक्ति ने मानवता नहीं दिखाई। उस बीमार को न रास्ते से हटाकर किसी सुरक्षित जगह पर बैठाया,न ही उसे ठंड से बचाव के लिए गर्म कपड़े दिए न ही अलाव जलाकर उसके शरीर को गर्म करने की कोशिश की। जबकि शुक्रवार का दिन था इसी रास्ते से सैकड़ों लोग नमाज पढ़ने के बाद गुजरे ।




लेकिन संभवतः किसी ने मानवता दिखाई हो। यदि दिखाई होती तो उस बीमार व्यक्ति उसी सड़क पर सुबह से शाम तक पड़ा नहीं होता। जैसे मुझे इसकी जानकारी शाम करीब साढ़े पांच बजे हुई मैंने घर से कंबल लाकर ओढ़ाया और इसकी जानकारी लोअर बाजार थाना प्रभारी को दी,इसके बाद सिटी एसपी राजकुमार मेहता को भी जानकारी दिए तो सिटी राजकुमार ने तुरंत लोअर बाजार अंतर्गत टीओपी प्रभारी आकाश भारद्वाज को घटनास्थल पर भेजें टीओपी प्रभारी पीसीआर वैन के साथ घटना स्तर पर पहुंचे उस व्यक्ति से नाम पता पूछा लेकिन वे ठीक से बोल पाने में असमर्थ था । हालांकि वह अपना नाम जाकिर बता रहा था और उसके बोलचाल से बिहार के आसपास के रहने वाला लग रहा था। पुलिस ने उस व्यक्ति को पीसीआर वैन में बैठकर रिम्स में बेहतर उपचार के लिए भेज दिया।

# सड़क दुर्घटना में घायल अधिवक्ता की रिम्स में मौत




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** दुर्घटना के बाद रिम्स में भर्ती रातू थाना क्षेत्र के कमड़े निवासी अंकित तिवारी की मौत हो गई। अंकित कुमार तिवारी (32) झारखंड हाई कोर्ट में वकालत कर रहे थे। आठ नवम्बर को वह हाई कोर्ट से रातू के कमड़े स्थित अपने आवास वापस लौट रहे थे। इस दौरान नयासराय के पास एक अज्ञात वाहन की चपेट में आकर वह घायल हो गये थे। घायलावस्था में उन्हें रिम्स में इलाज के लिए भर्ती किया गया था, जहां इलाज के क्रम में शुक्रवार को उनका निधन हो गया। उनके असमय निधन पर हाइकोर्ट के अधिवक्ता धीरज कुमार ने शोक प्रकट करते हुए ईश्वर से उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की है।

# पंचायत समिति सदस्य प्रशिक्षण वर्ग कार्यशाला का हुआ आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** भाजपा प्रदेश कार्यालय में पंचायत समिति सदस्य प्रशिक्षण वर्ग कार्यशाला का आयोजन हुआ। जिसमे आगामी 27से 30नवंबर तक प्रदेश के 17स्थानों पर आयोजित होने वाले पंचायत समिति सदस्यों के एक दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग के संबंध में विस्तृत चर्चा हुई। बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने कहा कि पार्टी की रीति नीति, कार्यपद्धति, कार्यक्रम, लोक कल्याणकारी योजनाएं आदि से संबंधित जानकारियों केलिए प्रशिक्षण वर्ग आवश्यक है। भाजपा ही ऐसी एकमात्र पार्टी है जो पंचायत से लेकर पार्लियामेंट तक के जन प्रतिनिधियों केलिए प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करती है।उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण वर्ग कार्यकर्ता निर्माण की सहज सरल प्रक्रिया है। सिंह ने कहा कि भाजपा ने पंचायत चुनाव में जीते जनप्रतिनिधियों के सम्मान समारोह आयोजित कर उन्हे सम्मानित किया तथा जनता का आभार जताया। और अब पार्टी उनका प्रशिक्षण वर्ग आयोजित कर रही।

कहा कि विगत दिनों प्रदेश भाजपा ने गिरिडीह के मधुबन में जिला परिषद सदस्यों का प्रशिक्षण वर्ग लगाया, कोलकाता में जिला पंचायत अध्यक्ष का प्रशिक्षण हुआ और अब तीसरे चरण में पंचायत समिति सदस्यों का प्रशिक्षण होने जा रहा। प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष एवम पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी, नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी , अनुसूचित जनजाति मोर्चा राष्ट्रीय अध्यक्ष सांसद समीर उरांव,राष्ट्रीय मंत्री आशा लकड़ा निवर्तमान प्रदेश अध्यक्ष एवम सांसद दीपक प्रकाश, दिनेशानंद गोस्वामी,रविंद्र कुमार राय सहित प्रदेश पदाधिकारी,सांसद,विधायक गण भी शामिल होंगे।

# झारखंड में धान की सरकारी खरीद 15 दिसंबर से

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची** : राज्य सरकार इस साल खरीफ मौसम में उत्पादित धान की सरकारी खरीद 15 दिसंबर से शुरू करेगी। खाद्य एवं आपूर्ति विभाग लैम्प्स और पैक्स के माध्यम से होने वाली धान खरीद की तैयारियों को अंतिम रूप दे रहा है। खाद्य एवं आपूर्ति विभाग जिलास्तर पर लैम्प्स की वर्तमान स्थिति से संबंधित रिपोर्ट सहकारिता विभाग को सौंपेगा। इसके बाद सरकार धान खरीद (अधिप्राप्ति) केन्द्रों की संख्या को अंतिम रूप प्रदान करेगी।। हर साल किसानों को सरकारी समर्थन मूल्य के आधार पर धान का भुगतान किया जाता है। अभी सरकारी दर 2050 रुपये प्रति क्विंटल है। किसानों का कहना है कि खुले में धान का मूल्य ज्यादा है। विभागीय मंत्री डॉ. रामेश्वर उरांव सर्मथन मूल्य के मुद्दे पर माथापच्ची कर रहे हैं। जिला आपूर्ति पदाधिकारी प्रदीप भगत का कहना है कि संभावना है कि रांची में पिछले साल की तरह इस बार भी 75000 क्विंटल धान खरीद का लक्ष्य तय होगा। किसानों पर इस बार मौसम की मार पड़ी है। कम वर्षा के कारण इस बार धान की बुआई अपेक्षा अनुरूप नहीं हुई। अगस्त तक करीब 46 प्रतिशत धान की बुआई राज्य में हुई थी।

# यूनियन बैंक ऑफ इंडिया द्वारा 105वें स्थापना दिवस कार्यक्रम का आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, रांची द्वारा 24 नवंबर 2023 को शाम 5ः00 बजे ÷द कार्निवल÷, अल्कापुरी, राँची में 105वें स्थापना दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया । इस कार्यक्रम में यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के स्टाफ सदस्य, सेवानिवृत्त स्टाफ सदस्यों, उनके परिवार के सदस्य एवं ग्राहकगण शामिल हुए ।

कार्यक्रम की विधिवत शुरुआत मुख्य अतिथि पदमश्री से सम्मानित समाजसेवी श्री अशोक भगत, अंचल प्रमुख बैजनाथ सिंह, उप अंचल प्रमुख आलोक कुमार, उप अंचल प्रमुख विजय कुमार रॉय एवं क्षेत्र प्रमुख सोनालिका, तथा द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया । इस अवसर पर कई रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया तथा बैंक की प्रबंध निदेशक एवं सीईओ मैडम मणि मैखलई द्वारा उक्त समारोह को ऑनलाइन संबोधित कर सभी स्टेकहोल्डर्स, ग्राहकों, स्टाफ सदस्यों एवं उनके परिवार के सदस्यों को 105वें स्थापना दिवस की हार्दिक शुभकामनायें दी एवं उन्हें ऑन लाइन संबोधित किया। इस अवसर पर एमडी एवं सीईओ द्वारा पाँच नए उत्पाद (उड़ान, आईसीसीडबल्यू, यूनि पे प्लस, किसान तत्काल एवं स्वनिधि) लॉन्च किए गए । कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में समाजसेवी एवं पदमश्री से सम्मानित अशोक भगत ने यूनियन बैंक के सभी स्टाफ सदस्यों को स्थापना दिवस की शुभकामनायें एवं 105 वर्षों के स्वर्णिम इतिहास एवं उपलब्धियों को वहाँ उपस्थित गणमान्य अतिथि एवं स्टाफ सदस्य गण के साथ साझा किया । इस अवसर पर अंचल प्रमुख श्री बैजनाथ सिंह ने सभी स्टाफ सदस्यों, सेवानिवृत्त स्टाफ सदस्यों, ग्राहकों, उनके परिवार के सदस्यों को हार्दिक बधाई दी तथा बैंक के विकास यात्रा से संबन्धित तथ्यों और आंकड़े प्रस्तुत करते हुये सभी ग्राहकों के प्रति आभार व्यक्त किया ।

क्षेत्रीय कार्यालय, रांची के क्षेत्र प्रमुख सुश्री सोनालिका के धन्यवाद ज्ञापन के साथ उक्त स्थापना दिवस समारोह का समापन हुआ।

# रांची में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम शुरू

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** राजधानी के बुंडू प्रखंड के कांची पंचायत में शुक्रवार को आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का शुक्रवार को आयोजन किया गया। कांची पंचायत सचिवालय परिसर में आयोजित कैंप में सरकार के कार्यक्रम के तहत अबुआ आवास योजना, गुरुजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना सहित बिरसा सिंचाई योजना,जन्म- मृत्यु प्रमाण पत्र, जाति,आवासीय प्रमाण पत्र के



अलावे दिव्यांग प्रमाण पत्र, आयुष्मान कार्ड, सोना सोबरन धोती साड़ी योजना, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना, मुख्यमंत्री पशुधन योजना, सर्वजन पेंशन योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, कंबल वितरण सहित कई योजनाओं का स्टॉल लगाया गया। दर्जनों की संख्या में पहुंचे ग्रामीणों ने विभिन्न योजनाओं की जानकारी ली तथा योजनाओं को लेने के लिए फॉर्म भी डाला। मौके पर विशेष रूप से बुंडू अनुमंडल पदाधिकारी संदीप अनुराग टोपनो भी उपस्थित थे। प्रखंड के कर्मियों द्वारा लोगों को सुविधा देने के लिए जानकारी दी गई। मौके पर एसडीओ ने कहा कि सरकार की सभी योजनाओं को जनता के द्वारा लेकर पहुंचे हैं। लोगों से आवेदन लिया जा रहा है, उसके बाद योजनाओं को उन तक पहुंचाने का कार्य किया जाएगा।

# आपकी योजना-आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का हुआ शुभारंभ

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची**। आपकी योजना-आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का शुभारंभ हो गया है। यह कार्यक्रम 26.12.2023 तक निर्धारीत है। रांची नगर निगम द्वारा निगम क्षेत्रांतर्गत वार्ड नं 01 तथा वार्ड नं 02 में शिविर का अयोजन किया गया।

जिसमे होल्डिंग, ट्रेड, जन्म मृत्यु निबंधन, जल कर भुगतान, प्रधानमंत्री आवास योजना, इत्यादि के लिए आवेदन लिया गया। आज दोनो शिविर में कुल मिलाकर 80 शिकायतों का निबटारा ऑन स्पॉट किया गया तथा आवेदान लिए गए।वार्ड नं 01 तथा वार्ड नं 02 में आयोजित शिविर में प्रशासक श्री अमीत कुमार, भा0प्र0से0 तथा अपर प्रशासक श्री कुंवर सिंह पाहन द्वारा जायज़ा लिया गया। मौके पर प्रशासक ने कहा कि सरकार आपके द्वार कार्यक्रम 26 दिसंबर तक प्रतिदिन दो वार्डो में लगाया जाएगा। सभी शहरवासी निगम स्तर के सेवाओं का लाभ इन शिविरों में आ कर ले सकते है।

उन्होंने सभी सम्मानित नागरिकों से अपील की है कि अपने नजदीकी वार्ड में आयोजित शिविर में आएं और योजनाओं का लाभ लें। मौके पर इसके अलावा उनके द्वारा जरूरतमंदों के बीच कंबल वितरण भी किया गया।

बता दे 25.11.2023 को वार्ड नंबर 03( मोराबादी एमटीएस) तथा वार्ड नंबर 04(मंडा टांड़ मोराबादी) में शिविर लगाया जाएगा। इस शिविर में आम लोगों को रांची नगर निगम द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी दी जाएगी। इन योजनाओं का लाभ किस प्रकार से शहरवासी उठा सकते है, यह भी बताया जायेगा।

# पीएलएफआई के एरिया कमांडर ने कंपनी से दस लाख रुपये की लेवी मांगी

**रांची :** झारखंड में सक्रिय उग्रवादी संगठन पीएलएफआई के एरिया कमांडर अमृत होरो ने एसएनजी बिल्ड टेक प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के एक अधिकारी को फोनकर 10 लाख रुपये की लेवी (रंगदारी) मांगी है। होरो ने रकम न देने पर कार्रवाई करने की धमकी दी है। इस कंपनी का कार्यक्षेत्र रांची का लापुंग थाना क्षेत्र है। कंपनी के साइट मैनेजर अक्षय कुमार ने इस संबंध में थाने में पीएलएफआई के एरिया कमांडर अमृत होरो के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है। फिलहाल पुलिस कॉल डिटेल खंगाल रही है।

# कार्यकर्ता निर्माण की सहज-सरल प्रक्रिया है प्रशिक्षण वर्ग : कर्मवीर

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** भाजपा प्रदेश कार्यालय में शुक्रवार को पंचायत समिति सदस्य प्रशिक्षण वर्ग कार्यशाला का आयोजन हुआ। इसमें आगामी 27 से 30 नवंबर तक प्रदेश के 17 स्थानों पर आयोजित होने वाले पंचायत समिति सदस्यों के एक दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग के संबंध में विस्तृत चर्चा हुई। बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने कहा कि पार्टी की रीति नीति, कार्यपद्धति, कार्यक्रम, लोक कल्याणकारी योजनाएं आदि से संबंधित जानकारियों के लिए प्रशिक्षण वर्ग आवश्यक है। भाजपा ही ऐसी एकमात्र पार्टी है, जो पंचायत से लेकर पार्लियामेंट तक के जन




प्रतिनिधियों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करती है। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण वर्ग कार्यकर्ता निर्माण की सहज सरल प्रक्रिया है। सिंह ने कहा कि भाजपा ने पंचायत चुनाव में जीते जनप्रतिनिधियों के सम्मान समारोह आयोजित कर उन्हें सम्मानित किया तथा जनता का आभार जताया। अब पार्टी उनका प्रशिक्षण वर्ग आयोजित कर रही। नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी ने कहा कि प्रशिक्षण वर्ग जमीनी स्तर के प्रतिनिधियों से संवाद का माध्यम है। उन्होंने कहा कि राष्ट्र के नवनिर्माण में पंचायत जन प्रतिनिधियों की भूमिका सुनिश्चित कराने के लिए प्रशिक्षण जैसे कार्यक्रम की भूमिका महत्वपूर्ण है। केंद्रीय शिक्षा राज्यमंत्री अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने में सभी स्तर के जन प्रतिनिधियों की भूमिका महत्वपूर्ण है। पंचायत प्रतिनिधि नींव के पत्थर हैं, जिन्हें सक्रिय करके विकसित भारत, आत्म निर्भर भारत के सपनों को तेजी से पूरा किया जा सकता है। प्रदेश प्रशिक्षण प्रमुख मनोज सिंह ने आगामी प्रशिक्षण वर्ग की जानकारी देते हुए कहा कि 27 नवंबर को गिरिडीह, पलामू, 28 नवंबर को हजारीबाग, पश्चिम सिंहभूम, चतरा, लातेहार, 29 नवंबर को लोहरदगा, गुमला, गढ़वा, पूर्वी सिंहभूम, जमशेदपुर, धनबाद महानगर एवं ग्रामीण तथा 30 नवंबर को सिमडेगा, खूंटी, रांची ग्रामीण, सरायकेला खरसावां, कोडरमा, बोकारो रामगढ़ जिलों के प्रशिक्षण वर्ग आयोजित होंगे।

# इंटक, एटक, सीटू सहित अन्य संगठनों का राजभवन के समक्ष महापड़ाव 26 से

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** केंद्र सरकार की नीतियों के खिलाफ राजभवन के समक्ष 26 से 28 नवम्बर तक महापड़ाव रहेगा। यह कार्यक्रम इंटक, एटक, सीटू, ऐक्टू, एचएमएस, यूटक, अखिल भारतीय किसान महासभा, अखिल भारतीय किसान सभा ने संयुक्त रूप से आयोजित किया है। मजदूर संगठनों के नेताओं ने शुक्रवार को संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में कहा कि राजभवन के समक्ष महापड़ाव के तीनों दिन पूरे राज्य से इन संगठनों के करीब पांच-पांच हजार कार्यकर्ता भाग लेंगे। कार्यक्रम को कई राष्ट्रीय




नेता भी संबोधित करेंगे। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम देशव्यापी है। कार्यक्रम को लेकर झारखंड में भी प्रचार कार्यक्रम जोरों से चल रहे हैं। राज्य, प्रमंडल एवं जिला स्तर पर भी मजदूर किसान संगठनों की समन्वय समिति की ओर से कार्यकर्ताओं की बैठक, पर्चा वितरण, पोस्टरिंग, नुक्कड़ सभा, जत्था और पदयात्रा आदि का आयोजन कर सघन जनसंपर्क कार्यक्रम चलाया जा रहा है। संवाददाता सम्मेलन में अशोक यादव, संजीव सिन्हा, शुभेंदु सेन, अनिर्बान बोस, प्रतीक मिश्रा, महेंद्र पाठक, अजय सिंह, बिरेंद्र कुमार, एमएल सिंह मौजूद थे।

### ये हैं प्रमुख मुद्दे

-महंगाई, जीएसटी और उत्पाद शुल्क।
-सभी के लिए रोजगार, खाद्य सुरक्षा, आवास, स्वास्थ्य, पानी एवं बिजली।
-सब्सिडी में कटौती और कॉरपोरेट को राहत वाली नीति।
-राष्ट्रीय संपदा एवं सार्वजनिक उपक्रमों का निजीकरण और मजदूर विरोधी चार लेबर कोड।
-हर काम का उचित दाम, कानूनी एमएसपी पर कृषि उपज की खरीद।
-अमीरों और कॉर्पोरेट पर अधिक कर तथा आम जनता को राहत।

उल्लेखनीय है कि नई दिल्ली में 24 अगस्त को तालकटोरा स्टेडियम में आयोजित मजदूरों-किसानों के अखिल भारतीय संयुक्त सम्मेलन से हुई घोषणा के बाद यह कार्यक्रम आयोजित किया गया है।

# सीसीएल में राजभाषा सम्बंधित कार्यशाला का हुआ आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** सीसीएल द्वारा नराकास, रांची (उपक्रम) के तत्वावधान में 24.11.2023 को सीसीएल मुख्यालय के उमंग सभागार में संसदीय राजभाषा समिति की निरीक्षण प्रश्नावली एवं निरीक्षण बैठक के दौरान दिए गए आश्वासनों की अनुवर्ती कार्रवाई÷ विषय पर कार्यशाला आयोजित की गयी। अवसर विशेष पर प्रभु प्रसाद, सेवानिवृत्त सहायक महाप्रबंधक (राजभाषा), सेल, संजय कुमार, विभागाध्यक्ष, राजभाषा, सीसीएल, अभय मिश्र, सहायक प्रबंधक, राजभाषा, सीएमपीडीआईएल, बलिराम सिंह, प्रबंधक(सचि./राजभाषा), सीसीएल, डॉ.दिविक दिवेश, सहायक प्रबंधक, राजभाषा, सीसीएल सहित नराकास (उपक्रम), राँची के सदस्य कार्यालयों से दो-दो प्रतिभागी उपस्थित थे । मुख्य वक्ता प्रभु प्रसाद, सेवानिवृत्त सहायक महाप्रबंधक (राजभाषा), सेल थे जिन्होंने उपस्थित लोगों को सम्बोधित करते हुए कार्यशाला के विषय पर विस्तृत प्रकाश डाला। कार्यशाला के मुख्य वक्ता प्रभु प्रसाद का संजय कुमार, विभागाध्यक्ष, राजभाषा, सीसीएल ने स्वागत किया तथा डॉ.दिविक दिवेश, सहायक प्रबंधक, राजभाषा, सीसीएल ने स्वागत भाषण दिया। कार्यशाला के सफल आयोजन में सीसीएल के राजभाषा विभाग तथा उनकी टीम की मुख्य भूमिका रही।

## ओरमांझी में आपके योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम गगारी पंचायत से हुआ शुभारंभ

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**ओरमांझी :** आपके योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का शुभारंभ शुक्रवार को प्रखंड क्षेत्र के गगारी पंचायत से विधिवत दीप प्रज्वलित कर किया गया। आपके योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में राज्य सरकार की 24 कल्याणकारी योजनाओं के काउंटर लगाये गए। इस दौरान अबुआ आवास योजना काउंटर में सबसे ज्यादा लोगों की भीड़ देखी गई। वहीं सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों के बीच साइकिल क्रय का सर्टिफिकेट वितरण किया गया। जिससे स्कूली छात्राओं के चेहरे खुशी से खिल उठे। प्रखंड विकास पदाधिकारी विजय कुमार ने सरकार की कल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी ग्रामीणों को दिया।

विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं एवं समस्याओं से संबंधित आवेदन प्राप्त किये गए, जिनका त्वरित निष्पादित किया जाएगा। शिविर मे क्रेडिट कार्ड,अबुआ आवास योजना,बिरसा सिंचाई योजना का लाभ दिया जाएगा ,जाति आय जन्म मृत्यु और दिव्यांगता प्रमाण पत्र बनाए जाएंगे,दाखिल खारिज, मापी, लगान रसीद ऑनलाइन रिकॉर्ड से संबंधित कार्यों का निष्पादन होगा, आयुष्मान कार्ड, सामुदायिक वन पट्टा और वन पट्टा के लिए संबंधित एफआरसी द्वारा आवेदन दिया जाएगा, सामाजिक आर्थिक बुनियादी जरूरत से जुड़े परियोजनाओं के लिए आवेदन प्राप्त किया जाएगा, सर्वजन पेंशन, सावित्रीबाई फुले बालिका समृद्धि योजना, किसान क्रेडिट कार्ड योजना, आधार कार्ड, मुख्यमंत्री पशुधन योजना, श्रम विभाग अंतर्गत श्रमाधान पोर्टल पर प्रवासी श्रमिकों का पंजीकरण किया जाएगा, सरकार द्वारा संचालित अभियान के तहत स्कूली छात्राओं को जाति प्रमाण पत्र निर्गत किया जाएगा। प्रत्येक शिविर में छात्र-छात्राओं के बीच साइकिल क्रय हेतु प्रतिकारात्मक चेक का वितरण किया जाएगा।

## ग्रामीणों को योजनाओं से जोड़े बिना क्षेत्र के विकास संभव नहीं : बीडीओ



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बेड़ो :** बेड़ो प्रखंड के पंचायत करकरी पंचायत में शुक्रवार को आपके अधिकार, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिला समाज कल्याण पदाधिकारी स्वेता भारती उपस्थित थे। मौके पर उपप्रमुख मोद्दसिर हक, जिपस बेरोनिका उराँव, प्रखंड अध्यक्ष करमा उराँव, सांसद प्रतिनिधि धनंजय कुमार राय, मुखिया सरिता एक्का, पंचायत समिति सदस्य मकबुल अंसारी ने लोगों को जन कल्याणकारी योजनाओं के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दिया और लोगों को योजनाओं से जुड़ने का अपील किये। बीडीओ प्रताप मिंज ने स्थानीय भाषा में सरकार द्वारा चलाई जा रही जन कल्याणकारी योजनाओं अबुवा आवास का आवेदन, मनरेगा जॉब कार्ड, पशु शेड, सावित्रीबाई फुले महिला समृद्धि योजना, कंबल, धोती साड़ी सहित अन्य योजनाओं के बारे में जानकारी दिया। वहीं कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बीडीओ सह सीओ प्रताप मिंज ने कहा प्रत्येक ग्रामीण को योजनाओं से जोड़े बिना क्षेत्र के विकास का सपना साकार नहीं किया जा सकता है। आवश्यकता अनुसार ग्रामीणों को योजनाओं का लाभ पहुंचाना ही हमारा लक्ष्य है। कार्यक्रम में अबुवा आवास के लिए 460 प्रात हुए, साबित्री बाई फुले के 115 आवेदनों का स्वीकृति प्रमाण पत्र दिया गया, वहीं बिरसा संवर्धन कुप योजना का 15 आवेदन प्राप्त हुए सभी का तत्काल निष्पादन किया गया, जेएसएलपीएस में 5 आवेदन तत्काल स्वीकृत किया गया, सर्वजन पेंशन योजना के 10 आवेदन प्राप्त हुए सभी को स्वीकृति प्रमाण पत्र का वितरण किया गया, इधर 100 लाभुकों को कंबल वितरण किया गया, 80 छात्र-छात्राओं को साईकिल के लिए 4500/- रू0 के हिसाब से खाता में भेजा गया।

## प्रशिक्षण व छात्रवृत्ति परिक्षा का आयोजन



**नामकुम (प्रभात मंत्र संवाददाता):** एक्यूप्रेशर परिषद झारखंड शाखा टाटी सिलवे रांची के द्वारा एक्यूप्रेशर विशेष प्रशिक्षण सह छात्रवृत्ति परीक्षा का आयोजन किया गया । जिसमें लपन कुमारी, ललिता कुमारी, सरस्वती कुमारी, रुकमणी कुमारी, पूजा कुमारी सर्वाधिक अंकों के साथ टॉप पर रही। 25 छात्राओं के बीच लिखित एवं मौखिक परीक्षा लिया गया । इनमें लपन लफन कुमारी को एक्यूप्रेशर परिषद द्वारा मुख्यालय के लिए भेजा जाएगा एवं ललिता टाटी सिल्वे, सरस्वती ,रुक्मणी ,पूजा को बोकारो ,धनबाद और गिरिडीह विशेष प्रशिक्षण के लिए भेजा जाएगा। एक्यूप्रेशर परिषद झारखंड शाखा द्वारा बोकारो जिला के लिए डॉक्टर संजय कुमार एवम नन्हे पाठक को जिला को आर्डिनेटर नियुक्त किया है। इस विशेष अवसर पर परिषद के अध्यक्ष डॉक्टर प्रकाश वर्णवाल, सचिव डॉक्टर मधुसुदन पांडे इत्यादि उपस्थित थे ।

## चिकित्सा शिविर कार्यक्रम का आयोजन



**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता):** कृषक भारती कोऑपरेटिव लिमिटेड , झारखंड द्वारा भारत@75 भारत का अमृत महोत्सव के अंतर्गत कृभको द्वारा अंगीकृत ग्राम पंचायत गुरगाई के ग्राम मूड़लाटोली , जिला- रांची में चिकित्सा शिविर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसके मुख्य अतिथि कृभको के सदस्य समिति डण्डिया गौलेची टोली फल सब्जी उत्पादक सहयोग समिति लिमिटेड के अध्यक्ष श्री कर्मा साहू जी ,एवम डा0 बृजेश्वर ,एमबीबीएस ,एवम राकेश कुमार ,क्षेत्रिये प्रतिनिधी थे। क्षेत्रिये प्रतिनिधि द्वारा मुख्य अतिथि एवम किसान भाईयो का स्वागत किया गया इसके उपरांत ड्रॉक्टर साहब द्वारा उपस्थित किसान भाइयों का BP देखा गया एवं विभिन्न प्रकार के मौसमी बीमारी से कैसे बचे इसके बारे में बताया गया एवं बिभिन्न प्रकार के दवाई का वितरण किया गया इस कार्यक्रम में 70 किसानो को बुखार , सर्दी , खांसी एवं विभिन्न प्रकार के विटामिन दवाइयों का निःशुल्क वितरण किया गया। अंत में क्षेत्रिय प्रतिनिधि द्वारा सभी को धन्यवाद दिया गया।

### आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत 1468 आवेदन प्राप्त हुए

**इटकी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के गड़गांव पंचायत सचिवालय परिसर में शुक्रवार को आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार के तहत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बीडीओ गौतम प्रसाद साहू ने लोगों से आह्वान किया कि इस कार्यक्रम का भरपूर लाभ उठाएं हम सभी सरकार द्वारा चलाए जा रहे जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी आपके द्वार तक पहुंचा रहे हैं। जिसमें सभी विभाग की योजनाएं शामिल हैं। किसी भी विभाग की योजनाओं के विषय में संपूर्ण जानकारी प्राप्त करने के बाद ही आप योजनाओं का लाभ ले पाएंगे ।

## देवठान जतरा का किया गया आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**अनगड़ा :** देवठान जतरा समिति किशुनपुर बूटी मे धूम धाम से ढ़ोल नगाड़े के साथ सभी गांव वाले जुलुस लेकर अखाड़ा मे पूजा अर्चना किया। और सभी अतिथियों को स्वागत किया। मौके पर अध्यक्ष सुरेंद्र पहान का आदिवासी समुदाय के लोगों के द्वारा अपने सांस्कृतिक रीति रिवाज के अनुसार नृत्य व गीत गाकर स्वागत किया गया। सुरेंद्र पाहन ने विधिवत रूप से फीता काटकर मेले का उद्घाटन किया। मौके पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सुरेंद्र पाहन ने कहा कि झारखंड की सांस्कृतिक धरोहर और हम सब की शान है।हम सभी को इसे सहेज कर रखना है। इसे बढ़ाना है। प्रकृति को बचाने में आदिवासी भाई बहनों का योगदान प्राचीन काल से है। उन्होंने कहा कि जल, जंगल, जमीन झारखंड की पहचान है। सोहराय जैसे प्रकृति के पर्वो ने हमारे जल जंगल और जमीन को बचाया है। झारखंड की आदिवासी संस्कृति ने हम सबको प्रकृति से जोड़कर रखा है। श्री पाहन ने कहा कि हम सबको मिलकर झारखंड की सांस्कृतिक विरासत को बढ़ाने के साथ-साथ पूरी दुनिया से इसका परिचय करना है। जतरा के दौरान आदिवासी महिलाओं ने टोली बनाकर मांदर की थाप पर नृत्य गीत प्रस्तुत किया।

## सरकार आपके द्वार कार्यक्रम आयोजित

**चान्हो (प्रभात मंत्र संवाददाता):** शुक्रवार को चान्हो प्रखण्ड के बेयासी पंचायत भवन के पास स्थित जतरा मैदान में तथा मांडर प्रखण्ड के तिगोई अम्बा टोली में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस शिविर में विभिन्न योजनाओं से सबंधित आवेदन प्राप्त हुए एवं परिसम्पतियों का वितरण किया गया। जिसमें मुख्य रूप से अबुआ आवास योजना, मनरेगा जॉब कार्ड, कंबल वितरण, मनरेगा से संबंधित नई योजना, अंचल कार्यालय से सेवा की गारटी, स्वास्थ्य जाँच, किसान क्रेडिट कार्ड (चश्ष्टि), कल्याण विभाग द्वारा साईकिल वितरण, 15वे वित्त की योजनाऐं , राशन कार्ड सुधार एवं निर्माण, सर्वजन-पेंशन योजना है। चान्हो में मनरेगा में 30 नये जॉब कार्ड बनाये गये, 25 जॉब कार्ड का नवीनीकरण तथा 30 नयी योजनाए ली गयी। इस अवसर पर परियोजना पदाधिकारी सुधीर बाड़ा, मांडर प्रमुख फिलिप सहाय एक्का, अंचल अधिकारी विजय हेमराज खलखो, प्रखंड विकास पदाधिकारी मनोरंजन कुमार, जिला परिषद सदस्य विनोदित तिग्गा, उप प्रमुख अमानत अंसारी, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, प्रखण्ड पशुपालन पदाधिकारी, मुखिया, जनप्रतिनिधि समेत अन्य लोग मौजूद थे।

## कुटकी पुरनाडीह में वीर आदिवासी सिंगनी दई को किया गया याद

**खलारी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** कुटकी पुरनाडीह में वीर आदिवासी सिंगनी दई के याद में उनका कट आउट लगाया गया.साथही लोगों ने संकल्प लिया कि जल्द ही यहाँ पर सिंगनी दई का प्रतिमा स्थापित की जायेगी. इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थीत चतरा जिला परिषद अध्यक्ष ममता कुमारी सहित अन्य अतिथियों ने सिंगनी दई के चित्र पर पारंपरिक तरीके से पूजा किया.मौके पर जिला परिषद अध्यक्ष सिंगनी दई की जीवन संघर्ष के बारे में प्रकाश डालते हुए कहा कि हमे सिंगनी दई के जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए कि उन्होंने आजादी की लड़ाई में महिलाओं के साथ अहम भूमिका निभाई थी.उनके योगदान को आदिवासी एव महिलाएं कभी भुला नहीं सकते हैं.उन्होंने कहा कि अभी उनकी फ़ोटो का कट आउट लगाया गया है जल्द ही यहां उनकी मूर्ति स्थापित किया जाएगा.इस अवसर पर जतरा भी लगा था.जिसमे ग्रामीणो की काफी भीड़ लगी थी.इस मौके पर खोड़हा टीमो के द्वारा नृत्य प्रस्तुत किया गया.इस मौके पर विशिष्ट अतिथि टंडवा मध्य जिला परिषद सदस्य सुभाष यादव,टंडवा दक्षिणी जिला परिषद सदस्य नेहा उरांव, बेंती मुखिया सरिता देवी,रैयत विस्थापित मोर्चा अध्यक्ष बिगन सिंह भोगता,मुखिया संघ के अध्यक्ष सुबेष राम,राहम पंचायत मुखिया विश्वजीत उरांव, विश्रामपुर मुखिया दीपमाला कुमारी, बेंती पंचायत समिति सदस्य अनुप्रिया कुमारी,तुमांग मुखिया संतोष महली,विनय खलखो,रंथू उरांव, महेंद्र उराँव, किरण कुमारी, अमृत भोगता,राजेंद्र उरांव,बालेश्वर उरांव, विजय उरांव,सुनील उरांव, संतोष उरांव, सागर उरांव,प्रकाश महतो, जालिम सिंह,नरेश गंझू,विशुन उरांव सहित कई लोग मौजूद थे।

## भगवान बिरसा मुंडा की धरती में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का शुभारंभ

**अड़की (प्रभात मंत्र संवाददाता):** खुंटी जिला अंतर्गत अड़की प्रखंड क्षेत्र के पुरनानगर पंचायत में शुक्रवार को झारखंड सरकार की महत्वकांक्षी कार्यक्रम आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार के दुसरे फेज की शुरुआत जिला आपूर्ति पदाधिकारी प्रमोद राम के द्वारा की गई।इस दौरान शिविर में काफी संख्या में लोग पहुंचे जिनमें से आबुवा आवास योजना के कुल 350, आयुष्मान कार्ड के 02, किसान क्रेडिट कार्ड के 4, आधार कार्ड के 2,नया राशन कार्ड के 07, सावित्री बाई फुले योजना के 06, पशुधन योजना 11,15वें वित्त के 02, पेंशन के 06, भूमि संबंधी 02,फुलो जानो के 05 आवेदन दिए गए जबकि 111 लोगों स्वास्थ्य जांच किए गए वहीं एनीमिया एवं स्त्री रोग से संबंधित 21मामले सामने आए।

## विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत स्प्रे ड्रोन से फसलों पर उर्वरक का छिड़काव

**कर्रा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के गालियोडोर, लोहागढ़ा, हाकाजांग, चिउर, बनकुली गांव के किसान, प्रदीप महतो, ग्रेसन धान, रामकुमार महतो, रमेश महतो, जोगेश्वर तिर्की बैजनाथ अनुज तिर्की के खेतों में लगे मटर, आलू, सरसों, मक्का आदि फसलों में इफको नैनो यूरिया, नैनो डीएपी, एवं तरल सागरिका का स्प्रे ड्रोन के माध्यम से किया गया. वही किसानों को नैनो उर्वरकों का खेती में महत्व तथा इसके प्रयोग से खेती में लाभदायक सिद्ध होने जानकारी दी गयी. उन्हें बताया गया कि नैनो उर्वरकों में कम खर्च कर के आप अच्छी एवं गुणवत्ता युक्त उत्पादन प्राप्त कर सकते हैं साथ ही अपने खेतों को रासायनिक उर्वरकों से मुक्त रखा जा सकता हैं वही किसानों से भी ड्रोन और नैनो उर्वरकों के बारे में अनुभव लिया गया. ज्ञात हो कि विकसित भारत संकल्प यात्रा जिसका उद्घाटन माननीय प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी जी ने खूंटी जिला में 15 नवंबर 23 को किया. दो महीने तक पूरे झारखंड में चलने वाला यह जन जागरुकता अभियान के पहले चरण में इस राज्य के 09 जनजातीय बहुल जिलों के लिए प्रारम्भ हुआ है. इस कार्यक्रम के अन्तर्गत ग्रामीणों/ कृषकों को केंद्र सरकार के विभिन्न स्कीम की जानकारी देने एवं उन्हें इनसे लाभ दिलाने का पहल करना है.इस कड़ी में किसानों को कृषि की नवीनतम तकनीक ड्रोन एवं इफको नैनो उर्वरकों का फसलों में प्रयोग के बारे मे भी अभियान के रूप मे हर खेत तक पहुंच दिखाना एवं समझाना है।



## आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खूंटी :** आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का संचालन किया जा रहा है। उप विकास आयुक्त, नीतीश कुमार सिंह ने कर्रा प्रखंड के कच्चाबारी पंचायत में आयोजित कार्यक्रम में शिविर का निरीक्षण किया गया। अभियान के तहत अबुआ आवास योजना को लेकर आवेदन लिये जायेंगे, बिरसा सिंचाई कूप, वनाधिकार पट्टा का वितरण, साईकिल वितरण, आय, जन्म, मृत्यु, जाति, आवासीय प्रमाण आदि के अलावा दिव्यांगता प्रमाण पत्र, भूमि से संबंधित मामलों का निपटारा, आयुष्मान कार्ड, सोना सोबरन धोती-साड़ी योजना, सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, झारखंड राज्य खाद्य सुरक्षा योजना, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना, मुख्यमंत्री पशुधन योजना, सर्वजन पेंशन योजना, किसान क्रिडेट कार्ड एवं स्वास्थ्य विभाग के स्टॉल लगाए गए। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को सरकार के विभिन्न लोक कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। उन्होंने लोगों से आवश्यक दस्तावेज के साथ शिविर में आकर योजनाओं का लाभ लेने को कहा। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम में प्राप्त आवेदनों का ऑन द स्पॉट समाधान का प्रयास किया जा रहा है। बिरसा सिंचाई कूप संवर्धन योजना के तहत ग्रामीणों के बीच प्रमाण पत्र का वितरण किया। इस कार्यक्रम में कुल 12 लाभुकों को बिरसा सिंचाई कूप संवर्धन योजना के तहत स्वीकृति पत्र प्रदान किया गया।

### बकाया सीएमपीएफ राशि भुगतान की मांग को लेकर प्रबंधन और मजदूर में हुई वार्ता



**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सीसीएल पिपरवार एरिया के सैनिक माइनिंग कंपनी से निकाले गए मजदूरों ने सीएमपीएफ राशि भुगतान की मांग को लेकर स्थानीय पिपरवार एरिया प्रबंधन को ज्ञापन सोपा।ज्ञापन के माध्यम से मजदूरों ने बताया कि सैनिक माइनिंग कंपनी में वर्ष 2014 से 2021 तक मजदूरों ने काम किया।इस बीच जमीन के अभाव में सैनिक माइनिंग कंपनी की कई मशीन खड़ी हो गई, जिसके बाद कंपनी के द्वारा कई मजदूरों की छटनी कर बाहर कर दिया।इस बीच सीएमपीएफ राशि की मांग को लेकर सभी मजदूरों के द्वारा आवेदन और फॉर्म भी भरा गया,लेकिन तीन वर्ष बीत जाने के बावजूद अभी तक सीएमपीएफ की राशि का भुगतान मजदूरों के बीच नहीं किया गया है।मजदूरों के द्वारा कंपनी को कई बार इसके लिए लिखित आवेदन भी दिया गया लेकिन कोई पहल नहीं की गई।ज्ञापन के माध्यम से मजदूरों ने 23 नवंबर तक मांगे पूरी नहीं होने पर 24 नवंबर से अशोक परियोजना कोयला खदान को बंद करने की चेतावनी दी।जिसके बाद शुक्रवार को स्थानीय पिपरवार एरिया प्रबंधन ने मजदूरों के साथ वार्ता किया,जिसमे प्रबंधन द्वारा 30 नवंबर तक सीएमपीएफ विभाग को राशि भेजने का आश्वासन दिया गया,इसके बाद सीएमपीएफ विभाग के द्वारा कागजी प्रक्रिया के साथ सभी मजदूरों के बैंक खाता में सीएमपीएफ राशि भुगतान करने का आश्वासन मिला।

### पिपरवार कोयलांचल मे आज मनाया जाएगा शहीद कृष्णा महतो का शहादत दिवस

**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सीसीएल पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र मे शहीद कृष्णा महतो का शहादत दिवस आज मनाया जाएगा।शहादत दिवस कार्यक्रम को लेकर सारी तैयारी पुरी कर ली गई है।आयोजन समिति के नागेश्वर महतो ने बताया कि पिपरवार के कल्याणपूर बाजारटांड़ स्थित शहादत स्थल पर दोपहर दो बजे और बचरा चार नम्बर चौक स्थित उनके प्रतिमा के समक्ष चार बजे शहादत दिवस मनाया जाएगा।इस कार्यक्रम मे शहीद कृष्णा महतो के पुत्र सहित उनके परिजन,स्थानीय ग्रामीण,पंचायत प्रतिनिधि सहित प्रबुध्द लोग शामिल होगे।बचरा चार नम्बर चौक स्थित उनके प्रतिमा के समक्ष श्रद्धांजलि सभा आयोजित कर उन्हे श्रद्धांजलि दी जाएगी।उन्होने पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र के सभी लोगो से शहादत दिवस कार्यक्रम मे शामिल होने की अपील की है।

### पिपरवार के कुटकी पूरनाडीह में वीर आदिवासी सिंगनी दई प्रतिमा अनावरण का हुआ आयोजन

**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के कुटकी पुरनाडीह में शुक्रवार को वीर आदिवासी सिंगनी दई प्रतिमा अनावरण सह जतरा मेला का आयोजन किया गया।इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप मे चतरा जिला परिषद अध्यक्ष ममता कुमारी और विशिष्ट अतिथि मे टंडवा मध्य जिला परिषद सदस्य सुभाष यादव, टंडवा दक्षिणी जिला परिषद सदस्य नेहा उरांव,बेंती मुखिया सरिता देवी,रैयत विस्थापित मोर्चा के अध्यक्ष बिगन सिंह भोगता,मुखिया संघ के अध्यक्ष सुबेश राम, राहम मुखिया विश्वजीत उरांव,विश्रामपुर मुखिया दीपमाला कुमारी,बेंती पंचायत समिति सदस्य कुमारी अनुप्रिया,तुमांग मुखिया संतोष महली सहित कई लोग मौजूद थे।


## कार्यालय जिला परिषद, हजारीबाग

पुनः अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या :– 32/2023–24

1. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं नाम :– जिला अभियंता, जिला परिषद, हजारीबाग।
2. परिमाण विपत्र की बिक्री की तिथि :– दिनांक 07.12.23 को 10:00 पूर्वाह्न से 3:00 बजे अपराह्न तक।
3. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :– दिनांक 08.12.23 को 3:00 बजे अपराह्न तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– दिनांक 08.12.23 को 4:00 बजे अपराह्न से
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :– जिला अभियंता, जिला परिषद, हजारीबाग।
6. निविदा प्राप्ति का स्थान :– नियंत्रण कक्ष, हजारीबाग एवं जिला परिषद, हजारीबाग।
7. निविदा खोलने का स्थान :– जिला परिषद कार्यालय, हजारीबाग।
8. मद का नाम :– जिला योजना अनावद्ध निधि

| क्र0 स0 | प्रखण्ड | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | अग्रधन की राशि | योजना पूर्ण करने की तिथि | टेंडर कॉल संख्या |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | ईचाक | ग्राम पंचायत गोबरबन्दा में ग्राम सिजूआ में एन0एच0–33 हार्दिक पेट्रोल पम्प के बगल से आर0ई0ओ0 रोड तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | 1235400.00 | 2500.00 | 24800.00 | तीन माह | तृतीय |
| 2 | ईचाक | ग्राम पंचायत बरियठ में एन0एच0–33 से मुरली राणा के घर तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | 1259700.00 | 2500.00 | 25200.00 | तीन माह | तृतीय |
| 3 | ईचाक | ग्राम अलौंजा कला में सुरेश तुरी के घर से लेकर नदी तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | 721200.00 | 1250.00 | 14500.00 | दो माह | तृतीय |

नोट :–
1. अद्यतन UCAN प्रमाण पत्र निविदा के साथ समर्पित करना अनिवार्य है अन्यथा कार्य आवंटित नहीं किया जायेगा।
2. निविदा की शर्तें कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

जिला अभियंता,
जिला परिषद, हजारीबाग

PR 311971 District (23-24)_D



## झारखण्ड सरकार
### कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (सहकारिता प्रभाग)
### कार्यालय– जिला सहकारिता पदाधिकारी, रांची
Email Id- dcoranchi12@gmail.com

कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (सहकारिता प्रभाग) अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2023–24 में सहकारी समितियों (लैम्पस/पैक्स को छोडकर) मुख्यालय तथा क्षेत्रीय कार्यालयों के इंफास्ट्रक्श्चर डेवलेपमेंन्ट एवं कम्प्यूटीकरण किया जाना है। उपर्युक्त योजना के कियान्वयन के संदर्भ में झारखण्ड राज्य के झारखण्ड सहकारी समितियाँ अधिनियम 1935 के अन्तर्गत विभिन्न विशेष प्रकार की समितियाँ यथा– फल सब्जी उत्पादक, वनोत्पाद, लाह, मत्स्य, बुनकर, डेयरी, पोल्ट्री, उपभोक्ता सामग्री, महिला विकास, औधोगिक श्रमिक, आदि, का निबंधन किया गया है, जो सहकारिता आंदोलन के मेरुदण्ड है। विभिन्न विशेष प्रकार की समितियों प्रखण्ड में कृषि कार्य कर रहे नोडल लैम्पस/पैक्स/व्यापार मण्डल/विशेष प्रकार की सहकारी समितियों यथा– फल–सब्जी उत्पादक वनोत्पाद, लाह, मत्स्य बुनकर डेयरी पोल्ट्री उपभोक्ता सामग्री महिला विकास आदि की वित्तीय वर्ष 2023–24 में कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (सहकारिता प्रभाग) अन्तर्गत कम्प्यूटर, यू0पी0एस0, प्रिंटर एवं मल्टी फंक्शन उपलब्ध कराया जाना है।

स्वीकृति आदेश के कंडिका– 06 के अनुरुप सहकारी समितियों (लैम्पस/पैक्स को छोडकर) का चयन निम्नांकित मापदण्डों के अनुरुप किया जाएगा:
1. समिति का निर्वाचन अघतन हो।
2. समिति द्वारा वित्तीय वर्ष 2021–22 तक का अंकेक्षण करा लिया गया हो।
3. समिति द्वारा वित्तीय वर्ष 2021–22 तक का बकाया अंकेक्षण शुल्क की राशि जमा कर दी गई हो।
4. समिति द्वारा पूर्व से फल–सब्जी उत्पादक वनोत्पाद, लाह, मत्स्य बुनकर डेयरी पोल्ट्री उपभोक्ता सामग्री महिला विकास आदि का कार्य संचालित किया जाता रहा हो।
5. समिति में पर्याप्त आधारभूत संरचना यथा–कार्यालय/गोदाम/फर्नीचर की स्थिति अच्छी/संतोषजनक हो। साथ ही, वहाँ विधुत की आपूर्ति की व्यवस्था हो।
6. समिति में कम्प्यूटर को संचालित करने हेतु कम्प्यूटर ऑपरेटर की उपलब्धता सुनिश्चित हो, या उक्त कार्यालय के कर्मी इस कार्य में पूर्व से दक्ष हो।
7. समिति में वाहन की आवागमन हो।
8. समिति पिछले तीन वित्तीय वर्षो यथा– 2019–20, 2020–21 एवं 2021–22 तक बैक डिफालटर नहीं रहा हो।
9. समिति का वार्षिक कारोबार कम से कम 3,00,000/– (तीन लाख) रुपए होनी चाहिए।
10. समिति का व्यवसाय पिछले दो वर्षो से लगातार धाटे में नहीं हो।
11. समिति में पर्याप्त मानव संसाधन की व्यवस्था हो।
12. समिति में नियमित रुप से प्रबंधकारिणी समिति एवं वार्षिक आमसभा की बैठक आयोजित होती रही हो।
13. चयनित विशेष प्रकार की सहकारी समितियों के पास उनके कार्य की प्रकृति के अनुरुप लाईसेंस हो।
14. समितियों के चयन में अंकेक्षित वर्गीकरण (Audit Classification) A एवं B Category प्राप्त समितियों को प्राथमिकता दी जाएगी। A एवं B Category समितियों की अनुपलब्धता की स्थिति में C Category प्राप्त समितियों का चयन आवश्यकतानुसार किया जाएगा।

रांची जिलान्तर्गत सभी इच्छुक एवं आवश्यकताधारी समितियों का चयन निर्धारित मापदण्ड के अनुरुप किया जाएगा। सहकारी समितियों (लैम्पस/पैक्स को छोडकर) यथा– फल सब्जी उत्पादक, वनोत्पाद, लाह, मत्स्य, बुनकर, डेयरी, पोल्ट्री, उपभोक्ता सामग्री, महिला विकास, औधोगिक श्रमिक, आदि, समितियाँ निम्न विहित प्रपत्र में आवेदन आवश्यक कागजात एवं अभिलेख के साथ संबंधित प्रखण्ड सहकारिता प्रसार पदाधिकारी/ सहकारिता प्रसार पदाधिकारी द्वारा अनुशंसित प्रस्ताव दिनांक– 25.11.2023 तक कार्यालय, जिला सहकारिता पदाधिकारी, रांची में जमा करना होगा।

**विहित प्रपत्र**

| प्रखण्ड का नाम | समिति का नाम/पता एवं निबंधन संख्या | गत निर्वाचन की तिथि | वित्तीय प्रतिवेदन | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | कर्मी की संख्या | कार्यालय (हा/नहीं) | फर्निचर फिक्सचर | गत अंकेक्षण का वर्ष | अंकेक्षण षुल्क भुगतान की स्थिति | लाभ/हानि 2021–22 के पूर्व तीन वर्षो से | वार्षिक कारोबार रुपए में |
| | | | | | | | | | |

प्रपत्र के साथ जमा किए जाने वाले अभिलेखः–
1. अंकेक्षण प्रतिवेदन (2021–22 के पूर्व तीन वर्षो में)
2. निर्वाचन प्रमाण–पत्र
3. व्यवसाय कार्य योजना
4. कारोबार संबंधित लाईसेंस
5. शपथ–पत्र

विशेष जानकारी के लिए अपने प्रखण्ड के प्रखण्ड सहकारिता प्रसार पदाधिकारी/ सहकारिता प्रसार पदाधिकारी/अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में सम्पर्क किया जा सकता है।

कार्यालय का नाम– जिला सहकारिता पदाधिकारी, रांची
द्वितीय तल्ला, विकास भवन, कचहरी रोड रांची।

जिला सहकारिता पदाधिकारी,
राँची

PR 311907 (Agriculture,Animal Husbandry And Co-opretive Department)23-24*D



प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4, ओपोजिट मॉरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

### एनआईटी जमशेदपुर के उद्योग-शैक्षणिक कॉन्क्लेव में जलवायु परिवर्तन व सतत् पोषणीय पर्यावरण पर परिचर्चा

# न्यूनतम कार्बन उत्सर्जन करने वाले स्टील प्लांट लगाने की जरुरत : विशेषज्ञ



न्यूनतम कार्बन उत्सर्जन करने वाले स्टील प्लांट बनाने की जरूरत : विशेषज्ञ

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान,जमशेदपुर द्वारा आयोजित तीन दिवसीय उद्योग-शैक्षणिक कॉन्क्लेव 2023 के दूसरे दिन सतत् पोषणीय पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन पर विशेषज्ञ परिचर्चा का आयोजन हुआ जिसमे कुमार राजीव अध्यक्ष ईएसी उद्योग 1 पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, हिमांशु शेठ प्रोपराइटर कॉयर एटलस, गौरव आनंद निदेशक और संस्थापक स्वच्छतापुकारे फाउंडेशन क्यूरेटर टीईडीएक्स बिस्तुपुर, डॉ. एस. रंगनाथन सदस्य ईएसी उद्योग1, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय आदि विशेषज्ञ उपस्थित थे। उन्होंने जलवायु परिवर्तन को वर्तमान समय की सबसे बड़ी समस्या बताया तथा कार्बन उत्सर्जन कम करने हेतु उद्योग एवं शिक्षा जगत के मिले -जुले प्रयास की वकालत करते हुए कहा कि हमें ऐसे उत्पादों के निर्माण की आवश्यकता है जो पर्यावरण को कम से कम हानि पहुचाएं। विशेषज्ञों ने स्टील प्लांट में होने वाले कार्बन उत्सर्जन को कम करने हेतु ऐसे स्टील प्लांटो के निर्माण और प्रयोग की बात कही जो 30 एक्यूआई पर काम करें। अन्य विशेषज्ञों ने 3पी माडल यानी पीपल, प्रॉफिट,प्लानेट की बात कही। कार्यक्रम के दौरान शिक्षक,अन्य विशेषज्ञ, विद्यार्थी तथा शोधार्थी मौजूद रहे।

## मॉडल प्रस्तुतिकरण एवं प्रतियोगिता 250 प्रतिभागियों दी प्रस्तुति

वहीं तीन दिवसीय उद्योग-शैक्षणिक कॉन्क्लेव 2023 के दूसरे दिन मॉडल प्रस्तुतिकरण एवं प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विभिन्न स्कूलों, इंजीनियरिंग कॉलेजों के साथ-साथ गैर-इंजीनियरिंग कॉलेजों के लगभग 250 प्रतिभागियों ने हार्डवेयर और सॉफ्टवेयर मॉडल/एप्लिकेशन के माध्यम से अपनी प्रतिभा, रचनात्मकता, नवीन विचारों और तकनीकी कौशल का प्रदर्शन किया है। आंतरिक संकाय सदस्यों और बाहरी विशेषज्ञों वाले कुल तीन पैनलों ने इन मॉडलों/अनुप्रयोगों का मूल्यांकन किया है। एनआईटी जमशेदपुर के निदेशक डॉ. गौतम सूत्रधर ने प्रतिभागियों को अपने भविष्य के लक्ष्यों को इस तरह सरेखित करने के लिए प्रोत्साहित किया कि भारत आत्मनिर्भर बने और 2070 तक शुद्ध शून्य उत्सर्जन लक्ष्य हासिल कर सके। धातुकर्म और पदार्थ अभियांत्रिकी विभाग में एक प्राचीन लोहा बनाने वाली फर्नेस का भी उद्घाटन किया गया।



मॉडल प्रस्तुतिकरण एवं प्रतियोगिता 250 प्रतिभागियों दी प्रस्तुति

झारखंड के गुमला जिले के बिष्णुपुर ब्लॉक से आए जनजातियों ने छात्रों को प्राचीन लोहा बनाने की प्रक्रिया का प्रदर्शन किया। डॉ रंजीत प्रसाद, विभागाध्यक्ष (धातुकर्म और पदार्थ अभियांत्रिकी विभाग) ने कहा कि इस प्रकार के प्रदर्शन से छात्रों को टिकाऊ प्रौद्योगिकियों के विकास में मदद मिलेगी।

## केंद्र सरकार ने नहीं दिया पीएम आवास, हेमंत सरकार के अबुआ आवास का मिलेगा लाभ : चंपई सोरेन




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गम्हरिया :** जिले के गम्हरिया प्रखंड में जगन्नाथपुर पंचायत से शुक्रवार को आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम के तीसरे चरण का शुभारंभ हुआ। इसका विधिवत शुभारंभ राज्य के आदिवासी कल्याण सह परिवहन मंत्री चंपई सोरेन और जिला उपायुक्त रविशंकर शुक्ला ने विधिवत दीप प्रज्वलित कर किया। इस मौके पर मंत्री चंपई सोरेन ने कहा कि सरकार की सभी योजनाओं का लाभ सभी लोगों को आसानी से प्राप्त हो सके, इसलिए राज्य के युवा मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने इस कार्यक्रम को प्रारंभ किया है। उन्होंने केंद्र सरकार को आड़े हाथ लेते हुए कहा कि केंद्र की मोदी सरकार ने झारखंड में 8 लाख पीएम आवास नहीं दिए, लेकिन अब झारखंड की हेमंत सोरेन सरकार ने सभी गरीबों को सर पर छत देने की ठानी है। इसे अमली जामा पहनाने अबुआ आवास की शुरुआत हो रही है, ताकि सभी गरीबों को तीन कमरे का अपना आवास मिल सके। उन्होंने कहा कि झारखंड पूरे देश का इकलौता राज्य है, जहां की सरकार खुद चलकर गांव से लेकर शहर तक आम जनमानस के बीच पहुंच रही है। उन्होंने पूर्व के भाजपा सरकार पर भी जम कर निशान साधा। कहा कि 20 साल तक झारखंड में राज्य करने वाले भाजपा सरकार ने लोगों को ठगने का काम किया। डबल इंजन की सरकार के नाम पर लोगों को विकास से दूर रखा गया, जिसका नतीजा रहा कि लोगों ने डबल इंजन सरकार को ही सीज कर दिया। कहा कि पूर्व के सरकार ने 11 लाख से भी अधिक राशन कार्ड को रद्द कर गरीबों का निवाला छीन लिया। इस मौके पर चंपई सोरेन ने लाभुको के बीच कल्याणकारी सरकारी योजना का लाभ और परिसंपत्तियों का भी वितरण किया। इस मौके पर उपायुक्त रविशंकर शुक्ला, एडीसी सुबोध कुमार, प्रखंड 20 सूत्री अध्यक्ष सीके गोराई, झामुमो जिलाध्यक्ष डॉ शुभेन्दु महतो, अमृत महतो समेत सभी पंचायत प्रतिनिधि व काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## लेटेम्दा पंचायत में सरकार आपके द्वार शिविर में पहुंचे ग्रामीण, आवास को 500 आवेदन जमा



**तिरूलडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता):** शुक्रवार को कुकडु प्रखंड के लेटेम्दा पंचायत में आपकी योजना आपके सरकार आपके द्वार का आयोजन किया गया जिसमें आवास, शिक्षा ,आपूर्ति, बिजली ,मनरेगा ,झार सेवा, आधार कार्ड, आयुष्मान कार्ड, सहित सभी प्रकार के जन कल्याणकारी योजनाओं का स्टाल लगाया गया जिसमे लोगो ने अपना आवेदन दिए। वही कुछ मामलो का निष्पादन ऑन द स्पॉट किया गया और छोटे बच्चों के बीच स्वेटर वितरण किया गया। कैम्प में 500 से अधिक आवास का आवेदन प्राप्त हुआ। क्षेत्र के दो गर्भवती महिला का गोद भराई व एक बालक का अन्न प्रासन भी कराया गया। वही भूमि राजस्व,जाति आय प्रमाण भी बनाकर आवेदकों को दिया गया। मौके पर सरायकेला जीप उपाध्यक्ष मधुश्री महतो, सरायकेला जिला परिवहन पदाधिकारी ,प्रमुख प्रतिमाबाला पातर, बीडीओ राकेश कुमार गोप,मुखिया इंद्रजीत सिंह सहित सभी विभागों के अधिकारि एवम कर्मी उपस्थित थे।

## टांगराईन स्कूल में साइकिल स्टैंड निर्माण के लिए हुआ भूमि पूजन

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** उत्क्रमित मध्य विद्यालय, टांगराईन में साइकिल स्टैंड निर्माण के लिए भूमि पूजन जोजोडीह गांव के पुजारी भोलानाथ सरदार ने किया गया। साइकिल स्टैंड का निर्माण पंचायत समिति सदस्य रामेश्वर पात्रो की अनुशंसा पर पंचायत समिति फंड से अनुमानित लागत 2.5 लख रुपए से कराया जा रहा है। मौके पर रामेश्वर पात्रो ने कहा कि टांगराईन स्कूल का विकास तेजी से हो रहा है, उनका प्रयास रहेगा कि उनके कार्यकाल में ही स्कूल की आधारभूत संरचनाओं में जो भी कमी है उसे पूरा किया जाए। विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष मंगला मांझी ने जन प्रतिनिधियों से आग्रह किया कि वे टांगराईन स्कूल के विकास के लिए सक्रियतापूर्वक सहयोग करें। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक अरविंद तिवारी, सेवानिवृत शिक्षक जयहरि सिंह मुंडा ,समाजसेवी उज्जवल मंडल, ग्राम प्रधान मंगल पान भोलानाथ सरदार, शिक्षक राजीव सिंह दशमत मुर्मू, निरंजन सरदार, राजेंद्र सिंह सरदार आदि उपस्थित थे ।

## गीतांजलि एक्सप्रेस में अचानक तबियत बिगड़ने से यात्री महिला की मौत

**चक्रधरपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** चक्रधरपुर रेलवे स्टेशन में ट्रेन संख्या 12860 गीतांजलि सुपरफास्ट एक्सप्रेस ट्रेन से एक महिला का शव बरामद किया गया है। शव की पहचान 70 वर्षीय शहनाज़ शेख के रूप में की गयी है। यह महिला हावड़ा से मुंबई जा रही थी। ट्रेन के टाटानगर से आगे निकल जाने के बाद साथ में सफ़र कर रहे परिजन ने देखा की महिला की तबियत ख़राब हो गयी है। जिसके बाद चिकित्सीय मदद के लिए टीटीई से संपर्क किया गया। चक्रधरपुर रेलवे अस्पताल से आई मेडिकल टीम में शामिल डॉ नंदिनी और अन्य चिकित्साकर्मी ने जांच की तो पता चला की उसकी सांसें नहीं चल रही है। जिसके बाद महिला को मृत घोषित कर दिया गया। इसके बाद महिला के शव को जीआरपी ने अपने कब्जे में ले लिया है। कानूनी प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद शव परिजनों को सौंप दी जाएगी।

## सरायकेला वार्ड नंबर सात में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन

**सरायकेला(प्रभात मंत्र संवाददाता):** राज्य सरकार का महत्वपूर्ण कार्यक्रम आपकी योजना -आपकी सरकार -आपके द्वार जिले में आज से अलग अलग स्थानों में शुभारंभ किया गया। सरायकेला नगरपंचायत क्षेत्र अंतर्गत वार्ड संख्या सात स्थित अटल क्लीनिक में उक्त कार्यक्रम का शुभारंभ सांसद गीता कोड़ा के प्रतिनिधि राज बागची द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। मौके पर उन्होंने कहा मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में गठबंधन सरकार की यह एक बहुत ही महत्वाकांक्षी कार्यक्रम है। जिसमें खुद सरकार चलकर आपके द्वार पर आती है तथा दलित, शोषित एवं वंचित लोगों को सरकार द्वारा चलाई जा रही सभी योजनाओं का लाभ प्राप्त होगा। यह जिला हमारे मंत्री चंपई सोरेन और कांग्रेस की एकमात्र सांसद गीता कोड़ा का क्षेत्र पड़ता है। इस अवसर पर पूर्व वार्ड पार्षद सविता पटनायक, नगर प्रबंधक सुमित सुमन एवं महेश जारिका, स्वास्थ्य विभाग, पशुपालन विभाग ,मत्स्य विभाग, कल्याण विभाग, अंचल कार्यालय, नगर पंचायत कार्यालय तथा अन्य विभाग के कर्मी उपस्थित थे।

## मानगो में तीन हजार से अधिक भक्तों ने किया बाबा श्याम का प्रसाद ग्रहण

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** देवउठनी ग्यारस के शुभ अवसर पर श्री श्याम मित्र मंडल मानगो का दो दिवसीय 24वां श्री श्री श्याम जन्मोत्सव पूरी श्रद्धा, भक्ति भाव के साथ धूमधाम से शुक्रवार को संपन्न हुआ। मानगो न्यू पुरुलिया रोड़ स्थित श्याम भवन में दूसरे दिन शुक्रवार की सुबह 04.15 बजे मंगला आरती की गयी। बाबा श्याम का बारस का पूजन एवं भोग सुबह 11.15 बजे लगा। महाप्रसाद दोपहर सवा एक बजे से शुभारंभ हूआ जो संध्या पांच बजे तक चला। दो दिवसीय इस धार्मिक कार्यक्रम को सफल बनाने में महावीर प्रसाद अग्रवाल, विजय खेमका, सीमांत अग्रवाल, शिव प्रकाश शर्मा, सीताराम महेश्वरी, अशोक चौधरी, पवन संघी, विजय अग्रवाल, तुलसी खेमका, आदि थे।

## साकची में हत्या की योजना बना रहे गुंडों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

### चार लोडेड पिस्तौल 7 मैग्जिन 42 गोली, समेत कई समान बरामद



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** जमशेदपुर में पुलिस ने किसी बड़े अपराध की योजना बनाते हुए तीन अपराधियों को अवैध हथियार के साथ गिरफ्तार किया है। गुप्त सूचना के आधार पर साकची पुलिस ने यह कार्रवाई गुरुवार को दोपहर को की थी। इस संबंध में जमशेदपुर एसएसपी कौशल किशोर ने मामले का उद्भेदन करते हुए बताया कि साकची गौशाला के पास स्थित टिस्को क्वार्टर में अपराधियों के होने की गुप्त सूचना मिलने पर, तुरंत मामले को संज्ञान में लेते हुए एक टीम गठित कर कार्रवाई की गई। इस दौरान तीन अपराधियों द्वारा हत्या की घटना को अंजाम देने के लिए योजना बनायी जा रही थी, जिसे पुलिस द्वारा विफल किया गया। एसएसपी ने बताया कि राजन उपाध्याय की रवि मिश्रा के साथ दुश्मनी चल रही थी। राजन उपाध्याय रवि मिश्रा की हत्या का योजना बना रहा था। राजन मिश्रा के बेटे ने रवि उपाध्याय पर फायरिंग भी की थी। गिरफ्त में आये अपराधियों में बर्मामाइंस के रघुवर नगर निवासी (32 वर्ष ) जितेश कुमार, परसुडीह गदड़ा चौक निवासी रवि उपाध्याय (25 वर्ष ) और बिष्टुपुर शिवपुरी कॉलोनी के राहुल साहू (27 वर्ष) शामिल है। वहीं उनके पास से पुलिस ने चार लोडेड पिस्तौल, 7 मैग्जिन, 42 गोली, एक मोटरसाइकिल और 3 मोबाइल बरामद की है। इस सभी का पूर्व में अपराधिक इतिहास भी रहा है। पुलिस ने सभी को जेल भेज दिया है।

## युवा का 16 दिवसीय महिला हिंसा विरोधी अभियान आज से



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** सामाजिक संस्था युवा का 16 दिवसीय महिला हिंसा विरोधी अभियान 25 नवंबर से शुरू होगा। अभियान के विषय में जानकारी देते हुए युवा की सचिव वर्णाली चक्रवर्ती ने बताया कि महिलाओं के प्रति सामाजिक एवं लैंगिक असमानता से समानता के लिए सब की गिनती एक समान हो। महिलाओं विकलांगों एवं किशोरियों के साथ किया जा रहे भेदभाव और हिंसा समाप्त हो। वर्णाली चक्रवर्ती ने बताया कि अभियान 25 नवंबर को हल्दी पोखर में नुक्कड़ नाटक एवं रैली से शुरू होगा। पूरे जिले में महिला हिंसा के खिलाफ 16 दिवसीय अभियान के तहत गोष्ठी नुक्कड़ नाटक, चित्रांकन, नारा लेखन सहित कई जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये जाएंगे।

## राष्ट्रीय लोक अदालत में ज्यादा लोगों को लाभ पहुंचाने के लक्ष्य को पीडीजे ने की बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सरायकेला :** नालसा, नई दिल्ली एवं झालसा, रांची के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकार, सरायकेला द्वारा व्यवहार न्यायालय सरायकेला में आगामी 09 दिसंबर 2023 को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। लोक अदालत में अधिक से अधिक वादों का निष्पादन कर लोगों को लाभान्वित करने हेतु प्राधिकार के अध्यक्ष सह प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश विजय कुमार निरंतर प्रयासरत हैं। इसी कड़ी में उन्होंने सभी सम्बन्धित विभागों, बैंक अधिकारियों, इन्सुरेंस क्षेत्र के अधिवक्ताओं एवं पुलिस पदाधिकारियों के साथ बैठक की। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश विजय कुमार ने सभी से अधिक से अधिक संख्या में वादों का निष्पादन करने की दिशा में हर संभव प्रयास करने को कहा। उन्होंने कहा विगत राष्ट्रीय लोक अदालत में 572 कोर्ट केसेस का निष्पादन किया गया था और 4000 से अधिक प्री लिटिगेसन मामले निष्पादित हुए थे। बैठक में अधिवक्ता पी के घोष, तारकेश्वर महतो, डी के यादव, अनिल सारंगी, प्रभारी सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकार कवितांजली टोप्पो, अग्रणी बैंक प्रबंधक, विभिन्न बैंकों के प्रतिनिधि, उत्पाद विभाग, विद्युत विभाग के अधिकारी एवं थाना प्रभारियों सहित संबंधित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## जेआरडी टाटा ने देश को आर्थिक रुप से सबल बनाने की लड़ाई लड़ी : अरुण

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** शुक्रवार की शाम एक्सएलआरआइ में जेआरडी टाटा व्याख्यान का आयोजन किया गया. जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में भारत के योजना आयोग के पूर्व सदस्य सह बीसीजी इंडिया के चेयरमैन अरुण मायरा जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में टाटा स्टील के एमडी सह एक्सएलआरआइ के चेयरमैन टीवी नरेंद्रन मौजूद थे. दोनों ने एक्सएलआरआइ के डायरेक्टर फादर एस जॉर्ज, जेआरडी टाटा सेंटर फॉर बिजनेस एथिक्स के चेयरमैन फादर कुरुविला पांडिकुट्टू व डीन एकेडमिक्स प्रो. संजय पात्रो के साथ संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की. इस दौरान अरुण मायरा ने देश के भावी मैनेजरों को बिजनेस एथिक्स पर संबोधित किया. उन्होंने कहा, आम तौर पर नयी पीढ़ी के लोगों के जेहन में यह बातें रहती हैं कि बड़ी कंपनियां व्यापार करती हैं, और केवल मुनाफा कमाती हैं. वह राष्ट्र निर्माण में कार्य नहीं करती है. लेकिन इस बात को टाटा ग्रुप में गलत साबित किया है. कहा कि जब महात्मा गांधी भारत को आजाद करने की लड़ाई लड़ रहे थे, उस वक्त जेआरडी टाटा भी एक लड़ाई लड़ रहे थे. वह लड़ाई थी भारत को आर्थिक रूप से सबल बनाने की.



**एक्सएलआरआइ में विद्यार्थी को बिजनेस एथिक्स का कोर्स है अनिवार्य :** जेआरडी टाटा सेंटर फॉर बिजनेस एथिक्स के चेयरमैन फादर कुरुविला पांडिकुट्टू ने सभी को संबोधित करते हुए कहा कि एक्सएलआरआइ ना सिर्फ बिजनेस लीडर तैयार करती है बल्कि उनमें एथिकल वैल्यू का समावेश हो इसके लिए खास तौर पर कोर्स को डिजाइन किया गया है. जिसके तहत हर विद्यार्थी को बिजनेस एथिक्स के 11 कोर्स करने अनिवार्य होते हैं. एक्सएलआरआइ के आने वाले शैक्षणिक वर्ष के लिए अंतर्राष्ट्रीय नैतिकता सम्मेलन की योजना बनाई जा रही है. उन्होंने टाटा स्टील की ओर से चलायी जा रही एथिक्स पर आधारित कई तरह की प्रतियोगिताओं का भी जिक्र किया.

## धुरीपदा पंचायत से शुरू हुआ आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**राजनगर :** राजनगर प्रखण्ड क्षेत्र के धुरीपदा पंचायत में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार के तीसरे चरण का पहला कार्यक्रम शुक्रवार से शुरू हो गया।धुरीपदा शिविर में कुल 20 स्टाल लगाए गए थे। स्टॉल में पंचायत क्षेत्र के कई लाभुकों को सीधा लाभ उठाते देखे गए। कार्यक्रम में जिला आपूर्ति पदाधिकारी झुनू कुमार मिश्रा मुख्य रूप से उपस्थित थे।वहीं जम्मू में प्रखंड अध्यक्ष रामजीत हांसदा(लालू),प्रखंड उपप्रमुख श्रीमती सुमना देवी,प्रखंड विकास पदाधिकारी डांगुर कोड़ाह, अंचल अधिकारी हरिश्चंद्र मुंडा, बाल विकास परियोजना पदाधिकारी सुप्रिया शर्मा ,मनोज तियु,पंचायत के मुखिया सुमेश हो, समेत कई पदाधिकारी एवं जनप्रतिनिधि गण मौजूद रहे। वहीं धुरिपदा पंचायत में लगे शिविर में कुल 674 आवेदन प्राप्त, जिसमें कुल 206 आवेदनों का त्वरित निष्पादन किया गया।

## जमशेदपुर से मजदूरी कर घर लौट रहे बाइक सवार युवक को अज्ञात वाहन ने कुचला, मौत

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पटमदा :** पटमदा थाना क्षेत्र अंतर्गत माचा गांव में मुख्य सड़क पर अज्ञात वाहन ने गुरुवार की रात करीब साढ़े 10 बजे बाइक सवार एक युवक को कुचल दिया। पुलिस द्वारा तुरंत नजदीकी माचा अस्पताल ले जाया गया। लेकिन चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इस संबंध में पटमदा थाना प्रभारी रणजीत कुमार सिंह ने बताया कि कमलपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत कुमीर पंचायत के कांकीडीह गांव निवासी 28 वर्षीय अश्विनी कर्मकार पेशे से मजदूर था। वह जमशेदपुर में रहकर गम्हरिया स्थित किसी फैक्ट्री में मजदूरी करता था। घटना में शामिल अपाचे बाइक को पुलिस ने जब्त कर लिया है जबकि अज्ञात वाहन का पता लगाया जा रहा है। सूचना पाकर सुबह माचा अस्पताल पहुंचे कुमीर पंचायत के मुखिया दीपक कोड़ा ने बताया कि मृत युवक के परिवार में उसकी माता और पत्नी के अलावे 6 माह का एक बेटा है। इधर दोपहर तक एमजीएम मेडिकल कॉलेज में शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद शाम तक गांव में ही अंतिम संस्कार कर दिया गया।

## बिष्टुपुर सेंटर फॉर एक्सीलेंस में दो दिवसीय शॉट फिल्म फेस्टीवल आज से प्रारंभ



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** बिष्टुपुर स्थित रूसी मोदी सेंटर फॉर एक्सीलेंस में टेक 5 कम्यूनिकेशन कोलकाता के नेतृत्व में दो दिवसीय शॉट फिल्म फेस्टीवल 2023 शनिवार और रविवार (25 एवं 26 नवम्बर) को होने जा रहा हैं। दो दिवसीय फेस्टीवल में शाम 5 बजे से कुल 13 शॉट फिल्म दिखाई जायेगी, जिसमें पांच फिल्म जमशेदपुर के कलाकारों द्धारा कोल्हान में ही बनायी गयी हैं। पहले दिन 07 और दूसरे दिन 06 फिल्में दिखाई जायेगी। इस फेस्टीवल के उद्धाटन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में समाज सेविका ललिता सरीन और विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्वी घोष शामिल होगी। आज आयोजित संवाददाता सम्मेलन में टेक 5 कम्यूनिकेशन कोलकाता के चीफ तथा फिल्म डायरेक्टर तथागत भट्टाचार्जी, सेंटर फॉर एक्सीलेंस प्रमुख मर्लिन एफ अंक्लेसरिया एवं रंगमंच के कलाकार गौतम शंकर दास ने बताया कि दो दिन में छह मिनट से लेकर 29 मिनट तक की 13 फिल्में दिखाई जाएंगी। जिसमें 8 हिंदी, 2 अंग्रेजी, 2 बंगाला एवं 1 आसामी फिल्म हैं। इसमें जमशेदपुर के अलावा, मुंबई और कोलकाता समेत एक अंतर्राष्ट्रीय अंग्रेजी फिल्म अमेरिका में बनी हैं। मालूम हो कि टाटा स्टील द्वारा समर्थित यह फिल्म फेस्टिवल सोसाइटी फॉर प्रमोशन ऑफ प्रोफेशनल एक्सीलेंस (एसपीपीई), जमशेदपुर और टेक 5 कम्युनिकेशंस, कोलकाता का एक सहयोग है।

## आपकी सरकार, आपके द्वार शिविर में आवेदकों की उमड़ी भीड़



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जगनाथपुर :** जगन्नाथपुर प्रखंड के मोगरा पंचायत में शुक्रवार को स्कूल मैदान में आपकी योजना आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम के तहत शिविर का आयोजन किया गया. शिविर में तकरीबन सभी विभागों के स्टॉल लगाए गए. शिविर में समस्याओं के निष्पादन के लिए आवेदकों की भारी भीड़ उमड़ी. शिविर का उद्घाटन प्रखंड विकास पदाधिकारी चंदन प्रसाद,अंचल अधिकारी मनोज मिश्रा, प्रखंड प्रमुख बुधराम पुर्ती, बीस सूत्री अध्यक्ष ललित दुराईबुरु मोगरा मुखिया ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया. शिविर में ग्रामीणों द्वारा सर्वाधिक आवेदन अबुआ आवास तथा वृद्धावस्था पेंशन के दिए गए. उपास्थित सभी पदाधिकारियों ने लोगों कहा कि सरकार की योजनाओं का ज्यादा से ज्यादा लाभ प्राप्त हो इसके लिए इस महत्वपूर्ण शिविर का आयोजन हर पंचायत में किया जा रहा है. शिविर के माध्यम से कई लोगों को कंबल, जेएसएलपीएस द्वारा महिला समूह को चेक का वितरण किया गया. बीडीओ ने बताया कि शिविर में प्राप्त हुए आवेदन का निष्पादन शीघ्र ही कर दिया जाएगा.

## संपादकीय

# सुधीर शर्मा की एक्यूरेसी

**सत्ता** के दिन और महीने यूं ही गुजर जाएंगे, याद तब आएगी जब सरोकार डूब जाएंगे। कांग्रेस सरकार लगभग अपने एक साल पूरा होने की कोशिश में न जाने कितने किले बना चुकी है और यह यथार्थ भी है कि आगामी लोकसभा चुनाव सत्ता के दामन से गुजरेंगे। बहरहाल नरवाणा में प्री.वल्ड एक्यूरेसी प्रतियोगिता में पैराग्लाइडिंग उड़ान भर रही है, तो सियासत के पंख भी उड़ रहे हैं क्योंकि जिक्र उस विधायक का होने लगा जो कभी पहले वीरभद्र सरकार का अहम किरदार और सशक्त मंत्री रहा है। धर्मशाला से पहले बैजनाथ के विधायक रहे सुधीर शर्मा अपने विजन की बदौलत जाने गए हैं। आज बीड़-बिलिंग पैराग्लाइडिंग की ग्लोबल पहचान है तो यह इस विधायक की दूरदृष्टि का परिणाम है। पर्यटन आर्थिकी का यह प्रयोग अब बीड़-बिलिंग से उतर कर नरवाणा का स्पर्श कर रहा है, तो इसे क्यों न सुधीर शर्मा की विजन एक्यूरेसी माना जाए। कुछ माह की मेहनत ने नरवाणा को पैराग्लाइडिंग की जन्नत बना दिया, तो यह खोज हर विधानसभा क्षेत्र के विविध पहलुओं से तसदीक हो सकती है। दिव्य हिमाचल पिछले दो दशकों से हिमाचल को पर्यटन राज्य के तौर पर मुकम्मल करने के लिए हर विधानसभा क्षेत्र में कम से कम एक टूरिस्ट विलेज के विकास की राय दे रहा है। ये पर्यटक गांव विभिन्न विभागीय गतिविधियों के दायित्व में कहीं वनसंपदा के साथ ईको टूरिज्म, कहीं मंदिर-गुरुद्वारे के साथ धार्मिक पर्यटन, कहीं ट्रैकिंग या वाटर स्पोट्र्स के साथ साहसिक पर्यटन, कहीं खेतीबाड़ी-बागबानी के साथ एग्रो टूरिज्म, कहीं कला-संस्कृति के साथ कला पर्यटन, कहीं हाई-वे टूरिज्म तो कहीं हाट बाजार की शक्ल में 68 पर्यटक गांव विकसित करके ग्रामीण आर्थिकी का सहारा बन सकते हैं।


पर्यटन आर्थिकी का यह प्रयोग अब बीड़-बिलिंग से उतर कर नरवाणा का स्पर्श कर रहा है, तो इसे क्यों न सुधीर शर्मा की विजन एक्यूरेसी माना जाए। कुछ माह की मेहनत ने नरवाणा को पैराग्लाइडिंग की जन्नत बना दिया, तो यह खोज हर विधानसभा क्षेत्र के विविध पहलुओं से तसदीक हो सकती है। दिव्य हिमाचल पिछले दो दशकों से हिमाचल को पर्यटन राज्य के तौर पर मुकम्मल करने के लिए हर विधानसभा क्षेत्र में कम से कम एक टूरिस्ट विलेज के विकास की राय दे रहा है। ये पर्यटक गांव विभिन्न विभागीय गतिविधियों के दायित्व में कहीं वनसंपदा के साथ ईको टूरिज्म, कहीं मंदिर-गुरुद्वारे के साथ धार्मिक पर्यटन, कहीं ट्रैकिंग या वाटर स्पोट्र्स के साथ साहसिक पर्यटन, कहीं खेतीबाड़ी-बागबानी के साथ एग्रो टूरिज्म, कहीं कला-संस्कृति के साथ कला पर्यटन, कहीं हाई-वे टूरिज्म तो कहीं हाट बाजार की शक्ल में 68 पर्यटक गांव विकसित करके ग्रामीण आर्थिकी का सहारा बन सकते हैं।


हमारी खड्डें अगर जलापूर्ति-सिंचाई के साथ-साथ बाढ़ नियंत्रण तथा लघु बांध परियोजनाओं के साथ तटीकरण का स्थायी ढांचा विकसित करें, तो यही पानी पर्यटन को अमृत बना देगा। नौकाविहार से कैनोइंग तक के मनोरंजन के साथ क्षेत्र को पर्यटक गांव बना सकता है। बहरहाल यहां यही जिक्र सुधीर शर्मा के सरोकारों से जुड़ता है। होती होगी सियासत, वरना इस विधायक की वरिष्ठता प्रदेश मंत्रिमंडल में नजर आती। हो सकता है सुधीर आगे भी विधायक ही बने रहें, लेकिन बतौर विधायक उन्हें जनता के ताज को अपने प्रदर्शन का सिंहासन सौंपना होगा। राजनीतिक नेतृत्व से हट कर भी लोग सामाजिक नेतृत्व में अपने इरादों को परवान चढ़ाते रहे हैं। इस विधायक की खूबी विकासात्मक नजरिए के कारण अगर आज नरवाणा को चमका रही है, तो कभी सुधीर ने चामुंडा-मकलोडगंज और एयरपोर्ट के नेटवर्क में स्काई बस का खाका बुना था और रज्जु मार्ग से मकलोडगंज को जोड़ा था। आश्चर्य यह कि सात साल पहले बन गए प्रदेश के पहले ट्यूलिप गार्डन में पिछली सरकार ने ऐसे कांटे बोए कि आज भी वहां भुतहा माहौल है। नरघोटा में सेटेलाइट टाउन की निशानदेही राजनीतिक कारणों से उजड़ गई और जदरांगल में केंद्रीय विश्वविद्यालय की नींव नीलाम होने लगी है। पिछले कुछ महीने पहले आई तमाम अनापत्तियों और स्वीकृतियों के बावजूद सरकार अगर तीस करोड़ जमा कराने में भी अक्षम है, तो नरवाणा के पंछी जदरांगल तक के मौसम की खबर जान सकते हैं। वाकई कितनी घृणित होती है सियासत जो एकतरफा होने के लिए तर्क ढूंढ लेती है। उदाहरण के लिए वनखंडी का चिडियाघर अगर उपयुक्त स्थल है, तो इसकी वजह पौंग वेटलैंड की समीपता के दायरे भी हैं। पौंग वेटलैंड के बीचोंबीच केंद्रीय विश्वविद्यालय का देहरा परिसर शायद प्रवासी पक्षियों की भाषा बदल दे, लेकिन जदरांगल को नजरअंदाज करके कांग्रेस सरकार अनुराग ठाकुर के सपने को ही पूरा कर रही है। खैर यह हिमाचल का सियासी नजरिया है जो कांगड़ा से नेतृत्व को पनपने नहीं देता। आखिर में वीरभद्र सिंह भी संभले तो तपोवन में विधानसभा परिसर, शीतकालीन सत्र और शीतकालीन प्रवास के बाद धर्मशाला शीत कालीन राजधानी बन गई, लेकिन अब कांग्रेस सरकार का नया दौर यानी परिवर्तन का दौर है। ऐसे में कांगड़ा के चाहे बीड़-बिलिंग या नरवाणा से सियासी पैराग्लाइडिंग हो, एक्यूरेसी तो आनी ही चाहिए। हम खेल को राजनीति से अलहदा रखकर नरवाणा में युवा उमंगों को उत्साहित होता देखना चाहते हैं, लेकिन ऐसे नेताओं को हाशियों से बाहर करके पार्टियों का उत्थान भी तो संभव नहीं। कुछ महीनों बाद राजनीति का एक बड़ा खेल लोकसभा चुनाव भी खेलेंगे, तब जनता को आश्वासन देने के लिए कर्मठ विधायक व मंत्री चाहिए। क्या कांगड़ा से भाजपा या कांग्रेस के लिए नए उम्मीदवार चुनना आसान होगा।

## कुछ अलग

# बाइडेन-शी मुलाकात

**करीब** छह लंबे सालों के बाद चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग अमरीका गए। उन्होंने वहां 'एशिया पेसिफिक इकोनॉमिक को-ऑपरेशन' (एपेक) के शिखर सम्मेलन में भाग लिया, लेकिन उसी दौरान अमरीकी राष्ट्रपति जोसेफ बाइडेन से देर रात मुलाकात और बातचीत महत्वपूर्ण मानी जा सकती है। एक मुलाकात से ही दो देशों के आपसी तनाव, विवाद और छाया-युद्ध के संकट हल होने लगेंगे, ऐसा सोचना ही फिजूल है। अलबत्ता दोनों राष्ट्रपति फिर से सैन्य-वार्ता (हॉटलाइन) को बहाल करने पर सहमत हुए हैं, यह ही महत्वपूर्ण निष्कर्ष है। जी-20 देशों के बाली शिखर सम्मेलन के करीब एक साल बाद दोनों राष्ट्रपति मिले हैं, तो संवाद और संचार का सिलसिला भी बंध सकता है। उसी से कई संघर्ष और तनाव शांत पड़ सकते हैं, लेकिन एक मुलाकात से ही अंतरराष्ट्रीय परिदृश्य और समीकरण बदल जाएंगे, यह फिलहाल संभव नहीं है। अमरीका और चीन के बीच सैन्य स्तर पर संबंध खटास में पड़ गए थे अथवा टूटने के कगार तक पहुंच चुके थे, क्योंकि अमरीका की तत्कालीन स्पीकर नैन्सी पेलोसी ताइवान के प्रवास पर गई थीं। अब उनमें बहाली होगी, तो कुछ गलतफहमियां पिघल भी सकती हैं। ताइवान और दक्षिण चीन सागर आदि के मुद्दों पर चीन अब भी अडियल है, क्योंकि वह ताइवान को अपना हिस्सा मानता है और अपने में मिलाना चाहता है। बताया जा रहा है कि चीनी राष्ट्रपति ने यह मुद्दा अमरीकी समकक्ष के सामने उठाते हुए आग्रह किया है कि अमरीका ताइवान को हथियार देना बंद करे। लेकिन शी जिनपिंग का यह कहना महत्वपूर्ण है कि हम आक्रमण का रास्ता अपनाने से बचें। चीन अमरीका को पछाडऩा अथवा उसकी जगह लेना नहीं चाहता, लिहाजा अमरीका भी चीन को दबाना बंद करे। इस संदर्भ में शी ने पहली बार चीन को 'महाशक्ति' करार दिया। दूसरी तरफ अमरीकी राष्ट्रपति बाइडेन ने स्पष्ट किया कि ताइवान पर अमरीका का रुख बदलने वाला नहीं है। दरअसल आपसी प्रतिस्पर्धा को किसी भी स्थिति में संघर्ष में तबदील करने से बचा जाए। बहरहाल यदि ताइवान पर संवाद किया गया है, तो क्वाड, ऑकस (अमरीका, ब्रिटेन, ऑस्ट्रेलिया के बीच एक सुरक्षा, सैन्य समझौता) और पुराने साथी देश जापान के साथ संबंध सुधारते हुए रणनीतिक विस्तार पर भी अमरीकी-चीनी राष्ट्रपतियों में बातचीत हुई होगी। दरअसल बीते एक दशक या उससे कुछ अधिक समय के दौरान अमरीका ने एशिया में अपनी रणनीति को व्यापकता और मजबूती दी है। भारत और जापान इसके सबसे अहम उदाहरण हैं। वे आपस में रणनीतिक साझेदार भी हैं। हिंद प्रशांत महासागर, दक्षिण चीन सागर आदि बेहद संवेदनशील क्षेत्रों में अमरीका और उसके साथी देश मिलकर चीन को कितना 'प्रभावहीन' बना सकेंगे, यह भी संवाद का एक महत्वपूर्ण पक्ष रहा होगा। दोनों राष्ट्रपतियों के संवाद के संदर्भ में भारत की यह भूमिका जरूर कारगर रहेगी कि वह वाशिंगटन-बीजिंग के बदलते संबंधों पर गहरी निगाह रखे। यदि अमरीका-चीन में तनाव और टकराव के हालात शांत होते हैं, तो उसका फायदा वैश्विक बाजार को भी होगा।

## पिछले कई वर्षों से रख रखाव नहीं होने के कारण यह सड़क बिल्कुल ख़राब स्थिति में पहुँच चुकी है

# नाममात्र की सड़क से गुजरती कठिनाइयां

पुष्पा आर्या


आज भी देश की 74 प्रतिशत आबादी यहीं से है। लेकिन इसके बावजूद ग्रामीण क्षेत्र आज भी कई प्रकार की बुनियादी सुविधाओं से वंचित है। इनमें सड़क की समस्या भी अहम है। कुछ दशक पूर्व देश के ग्रामीण क्षेत्रों के सड़कों की हालत काफी खराब थी। लेकिन वर्ष 2000 में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (पीएमजीएसवाई) के लांच होने के बाद से इस स्थिति में काफी सुधार आया है। इस महत्वाकांक्षी परियोजना के शुरू होने से पूर्व देश के लगभग आठ लाख 25 हजार गांवों और बस्तियों में से करीब तीन लाख 30 हजार गाँव और बस्तियां ऐसी थी जो पूरी तरह से सड़कविहीन थी।


**हमारे** देश की अर्थव्यवस्था मुख्यतः ग्रामीण क्षेत्रों पर निर्भर करती है। आज भी देश की 74 प्रतिशत आबादी यहीं से है। लेकिन इसके बावजूद ग्रामीण क्षेत्र आज भी कई प्रकार की बुनियादी सुविधाओं से वंचित है। इनमें सड़क की समस्या भी अहम है। कुछ दशक पूर्व देश के ग्रामीण क्षेत्रों के सड़कों की हालत काफी खराब थी। लेकिन वर्ष 2000 में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (पीएमजीएसवाई) के लांच होने के बाद से इस स्थिति में काफी सुधार आया है। इस महत्वाकांक्षी परियोजना के शुरू होने से पूर्व देश के लगभग आठ लाख 25 हजार गांवों और बस्तियों में से करीब तीन लाख 30 हजार गाँव और बस्तियां ऐसी थी जो पूरी तरह से सड़कविहीन थी। यहां सड़कें केवल नाममात्र की थी। इसका सीधा असर ग्रामीण जनजीवन और अर्थव्यवस्था पर देखने को मिलता था। इन क्षेत्रों में उत्तराखंड भी प्रमुख रहा है. जहां के कई दूर दराज ग्रामीण क्षेत्र ऐसे हैं जो आज भी सड़कविहीन हैं। राज्य के गठन के 23 साल बाद भी कई ग्रामीण क्षेत्रों में सड़कों की हालत खस्ता है। इन्हीं में एक कन्यालीकोट गाँव भी है। बागेश्वर जिला से करीब 25 किमी दूर इस गाँव में सड़क नाममात्र स्थिति में है। इसकी स्थिति इतनी जर्जर है कि इस पर से गुजरना किसी विपत्ति को आमंत्रण देने जैसा है। पिछले कई वर्षों से रख रखाव नहीं होने के कारण यह सड़क बिल्कुल ख़राब स्थिति में पहुँच चुकी है। बारिश ने इसकी हालत को और भी बुरा बना दिया है। सड़क पर बड़े बड़े गड्ढे बन चुके हैं। जिससे होकर किसी भी बड़ी गाड़ियों को गुजरना मुश्किल हो जाता है। ग्रामीणों का ऐसा कोई वर्ग नहीं है, जिसे इसकी वजह से कठिनाइयों का सामना नहीं करना पड़ता है। चाहे वह बुज़ुर्ग हों, मरीज़ हो, आम आदमी हो या फिर स्कूली छात्र-छात्राएं, सभी यहां की जर्जर सड़क से आए दिन किसी न किसी प्रकार की परेशानियों का सामना करते रहते हैं। सड़क की खराब स्थिति का खामियाजा ग्रामीणों को दैनिक जीवन में भुगतनी पड़ती है। इसकी वजह से कोई भी सवारी गाड़ी गाँव में नहीं आती है। लोगों को शहर जाने के लिए गाँव से कई किमी दूर पैदल चलकर आना पड़ता है, जहां से फिर उन्हें गाड़ी मिलती है। अलबत्ता गांव में गड्ढों के बीच सड़कों के कुछ अंश देखने को अवश्य मिल जाते हैं।



इस स्थिति में यह अंदाजा लगाना मुश्किल नहीं होगा कि बारिश के दिनों में यहां के लोगों के लिए किस प्रकार की कठिनाइयां आती होंगी? इस दौरान गांव में यातायात की सुविधा लगभग ठप्प होकर रह जाती है। इस कारण लोगों को पैदल ही आना-जाना पड़ता है। इस पैदल सफर में भी उनकी मुश्किल खत्म नहीं होती है। गड्ढों की वजह से अक्सर लोग दुर्घटना का शिकार हो जाते हैं, जिसमें एक बड़ी संख्या वृद्धों और गर्भवती महिलाओं की है। अक्सर गाँव की गर्भवती महिलाओं को प्रसव के समय जर्जर सड़क का खामियाजा भुगतनी पड़ती है। एक तरफ जहां वह प्रसव पीड़ा से गुजरती हैं वहीं दूसरी ओर उनके परिजन निजी वाहनों के लिए पैसों की व्यवस्था में परेशान रहते हैं। राज्य में 108 पर कॉल कर एंबुलेंस बुलाई जा सकती है, लेकिन सड़क नहीं होने के कारण गाँव तक एंबुलेंस नहीं पहुँच पाती है। ऐसे में आर्थिक रूप से सशक्त परिजन किसी प्रकार निजी वाहन की व्यवस्था कर लेते हैं। लेकिन गरीब परिवार जो निजी वाहन की व्यवस्था करने में असमर्थ होते हैं, वह मरीज को खाट पर बांध कर मुख्य सड़क तक लाते हैं। ऐसे में वर्षा के दिनों में क्या स्थिति होती होगी इसका सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है। इस संबंध में गाँव की एक महिला का कहना है कि सड़क खराब होने के कारण गांव की महिलाओं और बुजुर्गों को सबसे अधिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। सबसे ज्यादा कठिनाई तो गर्भवती महिलाओं को होती है। जब उन्हें चेकअप के लिए अस्पताल जाना होता है। वह खराब सड़क की वजह से कभी भी समय पर अस्पताल नहीं पहुंच पाती हैं, जिस कारण कई बार वह चेकअप कराने से वंचित रह जाती हैं। इससे उनका पैसा और समय दोनों ही बर्बाद हो जाता है। प्रसव के समय उन्हें सही सलामत अस्पताल पहुंचाना परिजनों की सबसे बड़ी चुनौती होती है। अक्सर इसके कारण महिलाओं की मौत तक हो जाती है। इन महिलाओं का कहना है कि सड़क की जर्जर स्थिति और मुश्किल समय को देखते हुए निजी वाहन वाले भी मनमाना किराया वसूलते हैं, जो आर्थिक रूप से कमज़ोर परिवारों के लिए आसान नहीं होता है। सड़क की खराब हालत के कारण गांव में कभी भी समय पर एम्बुलेंस नहीं पहुंच पाती है और बारिश के समय तो उसका पहुंचना लगभग असंभव हो जाता है। सड़क की जर्जर व्यवस्था ने केवल गाँव की सामाजिक ज़िंदगी को ही नहीं, बल्कि उसे आर्थिक रूप से भी नुकसान पहुंचाया है। ऐसा लगता है कि गाँव का विकास भी इन्हीं किसी गड्ढों में दुर्घटनाग्रस्त हो चुका है। गाँव की आर्थिक स्थिति खराब होने के कारण युवा रोजगार के लिए शहरों का रुख करने लगे हैं। इस संबंध में सामाजिक कार्यकर्ता नीलम ग्रैंडी का कहना है कि सड़क की जर्जर हालत ने कन्यालीकोट के सामाजिक और आर्थिक व्यवस्था को ठप्प कर दिया है। एक तरफ जहां यह प्रशासनिक उदासीनता का शिकार हुआ है वहीं दूसरी ओर राजनीतिक रूप से भी इसे नजरअंदाज किया जाता रहा है। इस गाँव में सड़क का मुद्दा न केवल ग्राम पंचायत चुनाव बल्कि विधानसभा चुनाव में प्रमुख रहा है। सभी उमीदवारों ने जीतने के बाद सड़क की हालत को सुधारने का वादा अवश्य किया, लेकिन गाँव वाले आज भी इस वादा के पूरा होने का इंतज़ार कर रहे हैं। बहरहाल, गांवों के लोगों के लिए सड़क का नहीं होना किसी अभिशाप की तरह है। ऐसा नहीं है कि गांव वाले इसके लिए गंभीर नहीं हैं. लोग सड़क की हालत सुधारने के लिए गुहार लगाते-लगाते थक चुके हैं. धीरे धीरे उनकी उम्मीदें भी टूटने लगी हैं. यही कारण है कि जो ग्रामीण सामर्थ्यवान थे वे परिवार के साथ गांव छोड़ कर शहरों का रुख कर चुके हैं. लेकिन आर्थिक रूप से कमज़ोर और लाचार ग्रामीण आज भी मुसीबत झेलने के लिए विवश हैं। राज्य गठन के बाद लोगों को उम्मीद थी कि उनके घर या आसपास तक उन्नत सड़क पहुंच जाएगी लेकिन 23 साल बाद भी उनकी यह आस अब तक पूरी नहीं हुई है। देखना यह है कि उनकी उम्मीदें कब पूरी होंगी।

# पैसों-पर्यावरण को आग लगाते समृद्ध लोग


केन्द्रीय पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय की चेतावनी के अनुसार अगले कुछ दिनों तक दमघोंटू धुएं के साथ आसमान पर समोग की जहरीली चादर छाई रहने की संभावना है। दीपावली के पटाखों के जहरीले धमाकों से हिमाचल प्रदेश जैसे स्वच्छ राज्य की हवा भी प्रदूषित होने से नहीं बच सकी। दीपावली के अगले दिन सुंदरनगर, पांवटा साहिब, काला अम्ब, शिमला, धर्मशाला, बद्दी, नालागढ़, घुमारवीं, मण्डी, कुल्लू जैसे शहरों में प्रदूषित तथा जहरीली हवा की परत देखी तथा महसूस की गई। राज्य प्रदूषण बोर्ड की रिपोर्ट में धर्मशाला जैसे शहर का प्रदूषण स्तर 44 से 144 माइक्रोग्राम पहुंचना सभी को चिंतित करता है। अप्रत्यक्ष रूप से यह प्रदूषण स्तर हमारी समृद्ध आर्थिकी तथा बेपरवाह गैर जिम्मेदाराना व्यवहार को भी प्रदर्शित करता है। यह ठीक है कि लगभग 1.5 अरब जनसंख्या के साथ भारतवर्ष पूरे विश्व में सबसे अधिक जनसंख्या वाला देश है। हम विश्व का सबसे बड़ा लोकतंत्र हैं।


**दशहरा** धनतेरस, छोटी दीपावली, बड़ी दीपावली, गोवर्धन पूजा तथा भाई दूज सब त्योहार धूमधाम तथा हर्षोल्लास से बीत गए। लोगों ने खूब मिठाई बांटी, बहुत पटाखे तथा धमाके चले। खूब बधाई भी दी तथा त्योहारी सीजन बहुत ही आनन्ददायक एवं उल्लासपूर्वक बीता, परन्तु इतनी खुशी प्रसन्नता तथा हर्षोल्लास में हम एक बधाई देना तो भूल ही गए। इस बार हम दुनिया में पहले स्थान पर पहुंच गए हैं। प्रथम आने पर बधाई तो बनती ही है। जी हां, बधाई हो दीपावली मनाने के अगले ही दिन के बाद भारतवर्ष के तीन महानगर दिल्ली, मुम्बई तथा कोलकाता वायु प्रदूषण में प्रथम स्थान पर पहुंच गए हैं। भारतवर्ष की राजधानी दिल्ली वायु प्रदूषण की दृष्टि से दुनिया का सबसे प्रदूषित महानगर बन गया। दिल्ली के साथ-साथ गाजियाबाद, नोएडा, ग्रेटर नोएडा तथा फरीदाबाद तथा गुरुग्राम जैसे शहर भी गम्भीर वायु प्रदूषण की चपेट में हैं। पटाखाबाजी से पंजाब तथा हरियाणा में सांस लेना दूभर हो गया है। केन्द्रीय पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय की चेतावनी के अनुसार अगले कुछ दिनों तक दमघोंटू धुएं के साथ आसमान पर समोग की जहरीली चादर छाई रहने की संभावना है। दीपावली के पटाखों के जहरीले धमाकों से हिमाचल प्रदेश जैसे स्वच्छ राज्य की हवा भी प्रदूषित होने से नहीं बच सकी। दीपावली के अगले दिन सुंदरनगर, पांवटा साहिब, काला अम्ब, शिमला, धर्मशाला, बद्दी, नालागढ़, घुमारवीं, मण्डी, कुल्लू जैसे शहरों में प्रदूषित तथा जहरीली हवा की परत देखी तथा महसूस की गई। राज्य प्रदूषण बोर्ड की रिपोर्ट में धर्मशाला जैसे शहर का प्रदूषण स्तर 44 से 144 माइक्रोग्राम पहुंचना सभी को चिंतित करता है। अप्रत्यक्ष रूप से यह प्रदूषण स्तर हमारी समृद्ध आर्थिकी तथा बेपरवाह गैर जिम्मेदाराना व्यवहार को भी प्रदर्शित करता है। यह ठीक है कि लगभग 1.5 अरब जनसंख्या के साथ भारतवर्ष पूरे विश्व में सबसे अधिक जनसंख्या वाला देश है। हम विश्व का सबसे बड़ा लोकतंत्र हैं। यह भी सही है कि हम पूरी दुनिया की वैश्विक आर्थिकी में सबसे आगे हैं। आम, केला, अरंडी के बीज, जूट तथा दालों के उत्पादन में विश्व में शीर्ष स्थान पर हैं। स्टील उत्पादन, टेलीकॉम सेक्टर तथा सोलर सिस्टम में भी हम विश्व में सबसे आगे हैं। हम चावल, गेहूं, गन्ना, कपास, मूंगफली, सब्जियां तथा फल उत्पादन में भी दुनिया में द्वितीय स्थान पर रह कर शीर्ष की ओर अग्रसर हैं। लेकिन इस बार हमने वायु प्रदूषण में भी प्रथम स्थान पर पहुंच कर झण्डे गाड़ दिए हैं। हालांकि वायु प्रदूषण में दुनिया में भारत का प्रथम आना सैलिब्रेट तो नहीं किया जा सकता, न ही बधाई दी जा सकती है, क्योंकि प्रथम स्थान पर रहने की आड़ में कहीं फिर से पटाखाबाजी तथा आतिशबाजी न शुरू हो जाए। बहुत ही विचित्र स्थिति है। एक ओर शीर्ष अदालत के आदेशों की धज्जियां उडऩा, दूसरी ओर सरकारों की असमर्थता तथा लोगों की धार्मिक आस्था, स्वतन्त्रता, उमंग, उल्लास, बेपरवाही, पैसे की गर्मी या फिर बेखरापन। 'वाायु प्रदूषण में भारत दुनिया में सबसे आगे'- दीपावली सैलिब्रेशन के अगले ही दिन भारतवर्ष के सभी मुख्य समाचारपत्रों में यह खबर सुर्खियों में आती है। बहुत ही शर्मनाक है यह। स्विस कम्पनी ए क्यू एयर के अनुसार दिल्ली को 358 ए क्यू आई के साथ दुनिया का सबसे वायु प्रदूषित शहर तथा मुम्बई को पांचवें एवं कोलकाता को छठे नम्बर पर पाया गया। शीर्ष अदालत तथा दिल्ली सरकार द्वारा पटाखों पर सख्त प्रतिबंध के बाबजूद पूरी रात आतिशबाजी चलती रही। शीर्ष अदालत के आदेश, सरकार के फरमान के विरुद्ध ये शहर जहरीला धुआं उगलते रहे। इस बारे पिछले दिनों हुई बारिश से दिल्ली वासियों को एक्यूआई में काफी राहत मिली थी जो दीपावली की रात में धुआं-धुआं हो गई। क्या हम जानते हैं कि वायु प्रदूषण से हर वर्ष लाखों लोग मौत के आगोश में चले जाते हैं? क्या खुशी और उल्लास के लिए पटाखे फोडऩा बहुत आवश्यक है? क्या हमें पता है कि भगवान राम के चौदह वर्ष के वनवास काटने के बाद पटाखे नहीं, दीप जलाए गए थे। कितने नासमझ और गैर-जिम्मेदार हैं हम। पढ़े-लिखों के इन महानगरों में यह जानते हुए कि यह जहरीली वायु हमारे ही विनाश का कारण बन सकती है। कितने जीव-जंतुओं, पशु-पक्षियों, पालतु जानवरों, छोटे-छोटे बच्चों, बुजुर्गों, मनुष्यों, बीमारों को तकलीफ हुई होगी? कितने अस्थमा रोगी परेशान हुए होंगे? कितने पशु-पक्षी तथा घरेलू जानवर दुबक कर तथा सहम कर रहे होंगे? यह हमारी असंवेदनशीलता की पराकाष्ठा का परिचय देता है। ईमानदारी से स्वीकार करते हुए आत्मचिंतन करें कि हम कितने असभ्य एवं असंवेदनशील हैं जो अपनी खुशी, मस्ती, उल्लास, आनन्द तथा बेपरवाही से किसी के दुःख-तकलीफ तथा परेशानी को नहीं समझते। प्रकृति ने अनेकों बार हमें हमारे कृत्यों की सजा दी है। कितनी बार हमने प्रकृति की सजा को भुगता है। इसके बावजूद हम कितने नासमझ हैं कि समझते हुए भी अपने स्वार्थ के लिए समझना नहीं चाहते। हमें यह समझना होगा कि किसी भी धर्म या धर्मग्रंथ में खुशी और उल्लास के अवसर पर पटाखे फोडऩा या वायु में जहरीले अवयव घोल कर उसे प्रदूषित करने की बात नहीं लिखी गई है। विचार करें कि पंचभूतों में वायु एक मुख्य घटक है। श्वास के बिना हम एक पल भी जीवित नहीं रह सकते। इस वायु में जहर न घोलें क्योंकि इस पर केवल तुम्हारा अधिकार नहीं, बल्कि सम्पूर्ण प्रकृति के जीव-जंतु तथा मनुष्य इस पर निर्भर करते हैं। यह वायु जीवनदायिनी है, इसे प्रदूषित न कर इसका वास्तविक मूल्य समझें। इसी में ही मानवीय कल्याण है।

## देश दुनीया से

# आरक्षण की आग से खेलते सियासी दल

**आरक्षण** की आग से अभी तक रह-रह कर सुलग रहे मणिपुर से देश के राजनीतिक दलों ने कोई सबक नहीं सीखा। राजनीतिक दल आरक्षण को वोट बैंक का हथियार बनाए हुए हैं। सत्ता पाने की होड़ इस कदर मची हुई है कि सुप्रीम कोर्ट के निर्णय की परवाह भी नहीं है। राजनीतिक दलों का यदि जोर चलता तो शायद सुप्रीम कोर्ट के आदेश का उल्लंघन करने में पीछे नहीं रहते। पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव और आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर आरक्षण का जिन्न फिर से नजर आ रहा है। इतना ही नहीं, तमाम तरह के भ्रष्टाचार और लालफीताशाही से जूझते हुए अपने बलबूते चलने वाले निजी क्षेत्र राजनीतिक दलों की महत्वाकांक्षाओं की बलिवेदी पर चढ़ रहे हैं। निजी क्षेत्रों में आरक्षण की मांग जोर पकड़ती जा रही है। देश की एकता-अखंडता को नुकसान पहुंचाने की आरक्षण की राजनीति में कोई भी दल पीछे नहीं है। हालांकि भारतीय जनता पार्टी अंदरूनी तौर पर आरक्षण विरोधी रही है, किन्तु राजनीतिक दलों से मुकाबला करने के लिए उसे भी इसे चुनावी हथियार की तरह उपयोग करना पड़ा है। तेलंगाना में विधानसभा चुनाव में कांग्रेस ने निजी शैक्षणिक संस्थानों और निजी कंपनियों की नौकरियों में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षण का वादा किया। पार्टी ने यह भी वादा किया है कि एससी के लिए आरक्षण बढ़ाकर 18 प्रतिशत कर दिया जाएगा। कांग्रेस के आरक्षण को वोट बैंक के तौर पर इस्तेमाल करने से भाजपा को भी यही रणनीति अपनानी पड़ी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हैदराबाद में एक जनसभा में कहा कि केंद्र जल्द ही एक समिति बनाएगा जो अनुसूचित जाति के वर्गीकरण की मडिगा (एक एससी समुदाय) की मांग के संबंध में उसे सशक्त बनाने के लिए सभी संभावित तरीके अपनाएगी।


राजनीतिक दलों का यदि जोर चलता तो शायद सुप्रीम कोर्ट के आदेश का उल्लंघन करने में पीछे नहीं रहते। पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव और आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर आरक्षण का जिन्न फिर से नजर आ रहा है। इतना ही नहीं, तमाम तरह के भ्रष्टाचार और लालफीताशाही से जूझते हुए अपने बलबूते चलने वाले निजी क्षेत्र राजनीतिक दलों की महत्वाकांक्षाओं की बलिवेदी पर चढ़ रहे हैं। निजी क्षेत्रों में आरक्षण की मांग जोर पकड़ती जा रही है। देश की एकता-अखंडता को नुकसान पहुंचाने की आरक्षण की राजनीति में कोई भी दल पीछे नहीं है। हालांकि भारतीय जनता पार्टी अंदरूनी तौर पर आरक्षण विरोधी रही है, किन्तु राजनीतिक दलों से मुकाबला करने के लिए उसे भी इसे चुनावी हथियार की तरह उपयोग करना पड़ा है। तेलंगाना में विधानसभा चुनाव में कांग्रेस ने निजी शैक्षणिक संस्थानों और निजी कंपनियों की नौकरियों में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षण का वादा किया।


मोदी ने यह बात मडिगा आरक्षण पोराटा समिति (एमआरपीएस) द्वारा आयोजित एक रैली में कही, जो मडिगा समुदाय का एक संगठन है। यह समुदाय तेलुगू राज्यों तेलंगाना और आंध्र प्रदेश में अनुसूचित जाति के सबसे बड़े घटकों में से एक है। एमआरपीएस पिछले तीन दशकों से इस आधार पर एससी के वर्गीकरण के लिए लड़ रहा है कि आरक्षण और अन्य का लाभ उन तक नहीं पहुंचा है। पीएम मोदी ने कहा कि भाजपा पिछले तीन दशकों से हर संघर्ष में उनके साथ खड़ी है। उन्होंने कहा कि हम इस अन्याय को जल्द से जल्द खत्म करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। हमारा वादा है कि हम जल्द ही एक समिति का गठन करेंगे जो आपको सशक्त बनाने के लिए हरसंभव तरीके अपनाएगी। आप और हम यह भी जानते हैं कि एक बड़ी कानूनी प्रक्रिया सुप्रीम कोर्ट में चल रही है। हम आपके संघर्ष को सही मानते हैं। उन्होंने कहा कि हम न्याय सुनिश्चित करेंगे। यह भारत सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है कि आपको अदालत में भी न्याय मिले। भारत सरकार पूरी ताकत के साथ आपके सहयोगी के रूप में न्याय के पक्ष में खड़ी रहेगी। आरक्षण की राजनीति करने से हुई हिंसा और तोडफ़ोड़ से राजनीतिक दलों का कोई सरोकार नहीं रह गया है। इसका प्रमाण महाराष्ट्र का मराठा आरक्षण आंदोलन है। मराठा आरक्षण समर्थक प्रदर्शनकारियों ने महाराष्ट्र के विधायक प्रकाश सोलंके के घर में तोडफ़ोड़ की और आग लगा दी। गुस्साई भीड़ ने राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) के एक कार्यालय को भी निशाना बनाया, जिससे अधिकारियों को नए सिरे से हुई हिंसा के बीच बीड और मराठवाड़ा क्षेत्र के कुछ हिस्सों में सुरक्षा कड़ी करनी पड़ी।

## दृष्टिकोण

# छिलकों की छाबड़ी : सभी के लिए माफी

**प्रसिद्ध** और महान लोग कहते रहते हैं कि क्षमा का आदान-प्रदान कर लेने से बड़ी से बड़ी गलतफहमियां, गुस्ताखियां और समस्याएं खत्म हो जाती हैं। फेसबुक जैसी महान किताबों के रचयिता ने भी तो हमारे जैसे विश्वगुरु देशों से बार बार माफी मांगकर अपना धंधा कायम रखा है। यह नीम में लिपटा गुलाब जामुन टाइप एक हजार प्रतिशत सच है कि फेसबुक, यूट्यूब, इन्स्टाग्राम, वह्त्सेप जैसा गजब स्वादिष्ट चारा चरने वाले हमसे बेहतर दुनिया भर में नहीं मिल सकते। हर समझदार प्रबंधन बुद्धिमान ज्योतिषी की मानिंद होता है जिसे पता होता है कि अपना सामान बेचने के लिए बाज़ार में माहौल कैसे तैयार करना है, वहां किस रंग ढंग के कौन कौन से सच और झूठ बिक सकते हैं। किसी को भी माफ न करने वाली महारानी राजनीतिजी लोकतंत्र को कभी नाराज़ नहीं करती। बेचारे विदेशी तो न के बराबर गलती पर भी माफी मांग लेते हैं, लेकिन हम ठहरे लंबी और ठोस नाक वाले, हम उनकी नकल क्यों करेंगे। रहीम ने भी बड़ों द्वारा क्षमा करने की सलाह दी है, लेकिन आज तक यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि सचमुच 'बड़े' लोग माफ करेंगे या सिर्फ उम्र में बड़े। इन छोटन लोगों के उत्पात तो जारी रहते ही हैं। बड़प्पन की धरती पर कौन छोटा है, जिसके कृत्य छोटे हैं या उम्र। बदली हुई परिभाषाओं की क्यारी में समझ की घास का बड़ा गड़बड़झाला है। बढ़ते तनाव, दबाव, बहाव और रक्तचाप की स्थिति में खालिस भारतीय नुस्खों को ओढ़ते हुए माफी का प्रयोग किया जाए तो नैतिक परिवर्तन हो सकता है। वो 'बड़े' व्यक्ति पर निर्भर करेगा कि माफ करे या न करे या किसी भी कीमत पर न करे। अच्छी बात तो अच्छी ही होती है। हम यही मानते हैं क्षमा मांगने या कर देने से कोई छोटा नहीं हो जाता, बल्कि यह पता चलता है कि हम रिश्तों की कितनी कद्र करते हैं। वैसे आजकल रिश्ते वस्तुओं की मानिंद ट्रेंडी हैं। राजनैतिक, धार्मिक, सामाजिक, पारिवारिक और आर्थिक अस्वस्थताओं के कारण रिश्ते लगातार रिसते जा रहे हैं। तभी ज़माना दिल से नहीं, दिमाग से क्षमा मांगता है। वक्त चाहता है कि हम विदेशियों का यह (अव) गुण भी अपना लें। विदेशों में तो बाकायदा राष्ट्रीय सॉरी दिवस मनाया जाता है और उस दिन क्षमा वितरित करने की शुभ राष्ट्रीय शुरुआत हो सकती है। अपनी अपुष्ट कारगुजारियों के लिए सरकारें भी इस दिन एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर दुःख निवारण दिवस मना सकती हैं। क्षमा मांगने या करने को यदि व्यवसाय में न बदला जाए तो कई दशाएं सुधर सकती हैं। यह नई किस्म का मानवीय प्रायोजन हो सकता है। संशय यह है कि माफ 'बड़े' करेंगे या 'छोटे' और उत्पात कौन मचाएगा। क्योंकि बड़ा आदमी, छोटा उत्पात मचाना नहीं चाहता और छोटा आदमी, बड़ा उत्पात मचाने के काबिल नहीं होता। वास्तव में पहले खुद को क्षमा करने की ज़रूरत है, फिर दूसरों को उनके उन क्रियाकलापों के लिए जो हमें गुस्ताखियां लगे, के लिए माफ कर देना चाहिए। अनाम, बेनाम और बदनाम लोगों को उनके प्रसिद्ध कृत्यों के लिए भी माफ कर देने से इनसानियत का भला बढ़ सकता है।

## आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का हुआ आगाज



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हंटरगंज :** हेमंत सरकार के महत्वाकांक्षी योजना आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वारा कार्यक्रम का शुक्रवार का शुभारंभ किया गया। हंटरगंज प्रखंड के नावाडीह पनारी पंचायत सचिवालय में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत एक शिविर का आयोजन किया गया ।शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में डीडीसी उत्कर्ष गुप्ता शामिल हुए।कार्यक्रम की शुरुआत प्रखंड प्रमुख ममता कुमारी, मंत्री प्रतिनिधि देव लाल यादव, बीडीओ राम नारायण खालको, सीओ अरुण कुमार मुंडा, एमओ अर्जुन कुमार, बीपीओ विनोद कुमार गुप्ता, मुखिया मदन चौधरी पंचायत समिति प्रतिनिधि कृष्णा पासवान के द्वारा संयुक्त रूप से कार्यक्रम का उद्घाटन दीप प्रज्जवलित कर एवं फीता काटकर किया गया। प्रखंड सह अंचल कार्यालय के लगभग सभी विभागों के स्टाल लगाए गए। प्रत्येक स्टॉल में संबंधित विभाग के फार्म लिए गए तथा मौके पर कुछ मामले को निष्पादित भी किया गया। आवेदन कर्ताओं ने अबुआ आवास 300, एवं जॉब कार्ड 100, राशन कार्ड 20, सावित्रीबाई फुले योजना 05, उज्ज्वला योजना 50, बृद्धा पेंशन 50,पशुपालन18, कृषि विभाग12, मनरेगा योजना 20, सहित अनेको आवेदन जमा किए गए। इसके अलावा जिला विधिक सेवा प्राधिकार के प्रखंड कार्यालय पीएलवी कुमार विवेक रंजन एवं सरयु यादव के द्वारा लोगों को आवेदन जमा करवाने में सहयोग किया। उपस्थित अतिथियों के द्वारा गरीब एवं असहाय तथा कार्डधारियो के बीच कंबल धोती, साड़ी का वितरण किया गया। शिविर में पशुपालन चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर निरंजन कुमार निराला, बीटीएम मुकेश कुमार, एटीएम राजेश कुमार, पंचायत सेवक भुवनेश्वर कुमार, रोजगार सेवक प्रमोद कुमार, प्रखंड समन्वयक सानू कुमार, नजीर अख्तर,पंचायत के सभी डीलर एवं काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

## ट्रेक्टर पलटने से चालक समेत पांच घायल, रानीगंज में इलाज जारी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**प्रतापपुर :** थाना क्षेत्र के जमुआ गांव में गुरूवार को एक ट्रक्टर के पलटने से ट्रक्टर चालक समेत पांच लोग घायल हो गये। वही एक खडी मोटर साईकिल ट्रक्टर के चपेट मे आकर बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया।घायलो में राजदेव यादव व राजेश यादव गंभीर रूप से घायल है। तथा जगु यादव, राधे यादव एवं चालक रबिन्द्र को हल्की चोट आई है। सभी जमुआ गांव के निवसी है।ट्रेक्टर पर सामान लादे सभी लोग ट्रेक्टर पर सवार थे।प्राप्त जानकारी के अनुसार ट्रेक्टर की गति तेज रहने के कारण ट्रेक्टर अनियंत्रित होकर पलट गई।स्थानीय ग्रामीणो की मदद से ट्रेक्टर पलटने से दबे लोगो को बाहर निकालकर आनन फानन मे रानीगंज के नीजी अस्पताल मे भर्ती किया गया है ।दो लोग गंभीर है दोनो को बेहतर ईलाज के लिए गया मे भेजने की तैयारी कर रहे हैं।

## शिविरों के माध्यम से योजनाओं का लाभ उठाएं ग्रामीण : राकेश सहाय



**बरवाडीह (प्रभात मंत्र संवाददाता):** वंचित लोगों के साथ सुदूरवर्ती इलाकों के ग्रामीणों को योजनाओं का लाभ उठाने के उद्देश्य से झारखंड की हेमंत सरकार ने भगवान बिरसा मुंडा की जयंती और झारखंड स्थापना दिवस के मौके पर एक बार फिर आपके अधिकार आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम की शुरुआत कर दी है। जिस कार्यक्रम के तहत राज्य की हेमंत सरकार आपके घर तक पहुंच रही है। शुक्रवार को कार्यक्रम का आगाज प्रखंड अंतर्गत पंचायत उक्कामाड से हुआ जहां कल्याणकारी योजनाओं का लाभ लेने ग्रामीणों की भीड़ उमड़ पड़ी। वहीं मौके पर प्रखंड के संवेदनशील पदाधिकारी राकेश सहाय क्षेत्र के लोगों से अपील करते हुए कहा कि बेहतरीन मौके हैं कि सरकार द्वारा पंचायत स्तरीय शिविर आयोजित किए जा रहे हैं जहां अबतक वंचित जरुरतमंदों को सरकार के लोक जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के ग्रामीण उनके पंचायत में निर्धारित समय पर लगने वाले शिविर में अधिक संख्या में उपस्थिति दर्ज करा योजनाओं का लाभ उठाएं। उन्होंने बताया कि राशन कार्ड,सर्वजन पेंशन योजना, जाति, आय, जन्म, मृत्यु दिव्यांगता प्रमाण पत्र भूमि से जुड़े मामले, सावित्रीबाई फुले किशोरी समृध्दि योजना, किसान क्रेडिट कार्ड योजना, मुख्यमंत्री पशुधन योजना समेत अन्य योजनाओं का लाभ लेने को लेकर आवेदन पत्र शिविरों में जमा कराएं। आवेदन प्राप्त कर जांचोपरांत तत्काल स्वीकृति दी जाएगी। वहीं सरकार द्वारा नयी योजना अबूआ आवास योजना, बिरसा सिंचाई कुप, सामुदायिक व व्यक्तिगत वनपट्टे से संबंधित मामलों का निबटारा किया जाएगा। उन्होंने बताया कि उक्कामाड पंचायत से कुल 537 आवेदन प्राप्त हुए हैं जिसमें 85 आवेदनों पर तत्काल स्वीकृति दी गई है।

## आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बारियातू :** बारियातु प्रखंड क्षेत्र के सुदूरवर्ती पंचायत बालूभांग पंचायत सचिवालय के समीप शुक्रवार को मुखिया केदार गंझु की अध्यक्षता में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत विकास शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का विधिवत उद्घाटन लातेहार लोकप्रिय विधायक बैजनाथ राम, प्रखंड प्रमुख उर्मिला देवी, बीससुत्री अध्यक्ष राजेन्द्र गंझु, जिला परिषद सदस्य रमेश राम, राज्य सभा सांसद प्रतिनिधि रिगन कुमार,उप विकास आयुक्त आलोक शिकारी कच्छप, बीडीओ प्रतिमा कुमारी, मुखिया केदार गंझु पंसस राजेश राम,बीपीओ रवि यादव ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम के तहत अबुआ आवास योजना 179, पेंशनयोजना 25 ,जेएस एलपीएस 9 ,15 वीं वित्त 06 मनरेगा, योजना, कृषि विभाग, पशुपालन विभाग, राजस्व कार्य संबंधित, शिक्षा, स्वास्थ्य, सहित कई विभागों का स्टॉल में आवेदन प्राप्त किया गया। उपस्थित ग्रामीणों को संबोधित करते हुए विधायक राम ने कहा की राज सरकार गरीबों के लिए कई कल्याणकारी योजनाएं चला रही हैं झारखंड सरकार द्वारा अबुआ आवास इसके अलावा भी कई सरकारी योजनाएं चलाई जा रही है शिविर के अलावा आप प्रखंड कार्यालय से संपर्क कर सभी योजनाओं का लाभ ले सकते है। वहीं राज्य सभा सांसद प्रतिनिधि रिगन कुमार ने ग्रामीणों को सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि सरकार की महत्वकांक्षी योजनाओं का आप लाभ उठाएं। आपकी हर समस्या के लिए सरकार आप के द्वार पहुंचीं है आप अपने अपने सभी समस्याओं को आवेदन के माध्यम से संबधित स्टॉल में जमा करे. संभवतः तुरंत निष्पादन किया जाएगा। वहीं कई गरीब असहय के बीच 600 धोती साड़ी का भी वितरण किया गया।

### सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में ग्रामीणों की लगी भीड़

## अबुआ आवास एवं अन्य लाभों के लिए ग्रामीणों का आवेदन का लगा ढेर



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमरिया :** प्रखण्ड के सलगी जिर्वाखुर्द पंचायत भवन में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के अंतर्गत विभिन्न तरह का स्टॉल लगाया गया।जहां झारखण्ड सरकार द्वारा घोषित अबुआ आवास के लिए ग्रामीणों का भीड़ उमड़ पड़ी और लाभुक ग्रामीणों ने अपने अपने आवेदन भर कर प्रखण्ड विभाग के स्टॉल में आवेदन जमा किया ।साथ हीं सरकार का विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के लिए भी आवेदनों का ढेर लग गया। स्टॉलों में कल्याण मंच से बिरसा सिंचाई कूप संवर्धन योजना, सर्वजन पेंशन योजना, सब्जी किट, कंबल, जॉब कार्ड इत्यादि योजना अंतर्गत परिसंपत्तियों का वितरण जनप्रतिनिधियों के माध्यम से लाभुकों के बीच किया गया। वहीं विभिन्न विभागों के स्टॉल के माध्यम से विभिन्न योजनाओं का जानकारी भी दिया गया। प्रखण्ड विकास पदाधिकारी नीतू सिंह ने बताया कि सिमरिया प्रखण्ड में सरकार आपके द्वारा कार्यक्रम का यह पहला जिरवाखुर्द पंचायत में स्टॉल लगा कर ग्रामीणों का विभिन्न समस्याओं से सम्बंधित आवेदनों का संग्रह किया गया है। स्टॉल में ग्रामीणों का काफी भीड़ थी। वहीं उनकी समस्याओं का समाधान भी किया गया। मौके पर प्रखण्ड कार्यालय के बीपीओ राजेश कुमार, नेहाल वारसी एवं अन्य तथा अंचल कार्यालय के कर्मी एवं जनप्रतिनिधि और जन समस्याओं से सम्बंधित सभी विभागों के कर्मी के अलावे सैकडों ग्रामीण मौजूद थे।

## प्रधानमंत्री आवास योजना से वंचित है सुरंती मसोमात



**लातेहार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** गारू प्रखंड के कोटाम पंचायत के रहने वाली सुरंती मसोमात प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभ से वंचित है। जिसका नतीजा यह है कि आज वह टूटे हुए खपरैल मकान में रहने को विवश है। वहीं सुरंती मसोमात ने बताया कि मेरे पति की मृत्यु हुए 10 वर्ष बीत गए उस वक्त हमारे छोटे-छोटे तीन बच्चे थे हमने जैसे - तैसे गांव में तिहाड़ी और मजदूरी का काम कर अपने बाल बच्चों का भरण पोषण किया। हमने प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभ के लिए ग्राम सभा में भी कई बार नाम चढ़ाया लेकिन हम लोगों को आवास देने के नाम पर सिर्फ आश्वासन मिला मगर प्रधानमंत्री आवास का लाभ नहीं मिला इसका नतीजा यह है कि आज हमलोग टूटे हुए खपरैल मकान में रहने को विवश हैं।आज घर की स्थिति इतनी बदत्तर हो गई है कि घर की मरम्मत भी नहीं करा पा रहे हैं आगे उन्होंने कहा कि गांव के कुछ लोगों ने बताया कि प्रखंड में जाकर प्रखंड विकास पदाधिकारी को लिखित आवेदन दें उसके बाद हमने इस समस्या को लेकर प्रखंड विकास पदाधिकारी को भी लिखित आवेदन दिया आवेदन दिए पांच साल बीत गए लेकिन अब तक कोई पहल नहीं की गई है।

## जिले के विभिन्न पंचायतों में आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम का किया गया आयोजन



**चतरा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** राज्य सरकार के चार वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आज दिनांक 24 नवम्बर 2023 से 26 दिसम्बर 2023 तक जिले भर में आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इसे आज आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम के पहले दिन प्रतापपुर प्रखण्ड के घोरीघाट पंचायत, हंटरगंज प्रखण्ड के नावाडीह पनारी, कान्हाचट्टी प्रखण्ड के बेंगोकला पंचायत, चतरा प्रखण्ड के मोकतमा पंचायत, ईटखोरी प्रखण्ड के कोनी पंचायत, मयुरहंड प्रखण्ड के कदगांवा कला पंचायत, पत्थलगडा प्रखण्ड के नावाडीह पंचायत, सिमरिया प्रखण्ड के जिरवाखुर्द पंचायत, टण्डवा प्रखण्ड के पदमपुर पंचायत में आयोजन किया गया। जिले में कार्यक्रम के सफल संचालन हेतु प्रखण्ड स्तर पर उपायुक्त श्री अबु इमरान के निर्देशानुसार निरीक्षण एवं मॉनिटरिंग करने हेतु जिले के अधिकारियों को निर्देशित किया गया।उपायुक्त श्री अबु इमरान ने मोकतमा पंचायत में आयोजित कार्यक्रम का किया निरीक्षण।इसी क्रम में आज कार्यक्रम कें पहले दिन चतरा प्रखण्ड के ग्राम पंचायत मोकतमा में लगे शिविर में उपायुक्त श्री अबु इमरान निरीक्षण करने पहुंचे। निरीक्षण के क्रम में जिला कल्याण विभाग, समाज कल्याण विभाग, स्वास्थ्य विभाग, सामाजिक सुरक्षा, राज्सव विभाग, आपूर्ति विभाग, कृषि विभाग अंतर्गत संचालित योजनाओं का शिविर एवं अबुआ आवास योजना के लगाए गए शिविर का निरीक्षण किया। वहीं उक्त मौके पर उपस्थित लाभुकों से भी मील उनके समस्याओं को भी सुना और मौके पर उपायुक्त ने सोना सोबरन धोती साड़ी योजना के तहत गरीब जनों के बीच धोती एवं साड़ी का वितरण किया।

## नवाडीह पंचायत में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार शिविर का हुआ आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पत्थलगड़ा :** आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन पत्थलगड़ा प्रखंड के नवाडीह पंचायत में शिविर का आयोजन शुक्रवार को जिला परिषद सदस्य रामसेवक दांगी उर्फ भगत जी, नवाडीह मुखिया कंचन देवी, प्रमुख मनीषा कुमारी,बीस सूत्री अध्यक्ष विकास कुमार यादव ने फीता काट कर एवं दीप प्रज्वलित कर शिविर का उद्घाटन किया। इस शिविर के माध्यम से झारखंड सरकार का लोक जन कल्याणकारी योजनाओ को प्रखंड के प्रत्येक पंचायत के गरीब वंचित परिवारों तक पहुंचाने के लिए सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा। एवं शिविर के माध्यम से विभिन्न विभागों के मनरेगा, अबूआ आवास, खाद्य आपूर्ति, पेंशन, कल्याण विभाग, कृषि विभाग, बिजली विभाग, जेएसएलपी, समेत कई अन्य विभागों का स्टॉल शिविर में लगाया गया। शिविर में लाभुको के द्वारा दिए गए आवेदनों का रसीद दिया गया। वह ऑन द स्पॉट निष्पादन शिविर में स्टॉलो के विभागों के माध्यम से किया गया। शिविर में लाभुको को धोती साड़ी, जॉब कार्ड परिसंपत्ति का वितरण किया गया।

## जनवरी 2024 तक सभी संकायों में होगी शिक्षकों की नियुक्ति : कुलपति शांडिल्य

### नौ सूत्री मांगों को लेकर कुलपति को सौंपा मांग पत्र



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** मनिका प्रखंड के स्थानीय डिग्री कॉलेज में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य उत्तम कुमार के नेतृत्व में एन पी यू कुलपति तपन कुमार शांडिल्य को राज्यपाल के शैक्षणिक सलाहकार ई बालागुरु स्वामी व राज्यपाल के ओएसडी संजीव राय के उपस्थिति में नौ सूत्री मांग पत्र सौंपा गया। उक्त मौके पर उपस्थित प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य उत्तम ने बताया की महाविद्यालय की अनियमितता एवं सभी परेशानियों से कुलपति एवं अन्य पदाधिकारियों को अवगत कराया गया है,जिसमें शिक्षकों की नियुक्ति, स्थाई प्राचार्य की नियुक्ति, स्नातकोत्तर स्तर तक की पढ़ाई प्रारंभ करवाने तथा महाविद्यालय में बने पुस्तकालय को खोलने, नियमित कक्षाएं संचालित करवाने विज्ञान प्रयोगशाला, कंप्यूटर लैब खुलवाने की मांग, महाविद्यालय में सीसीटीवी कैमरा लगाने की मांग समेत कई अहम परेशानियों से भी अवगत कराया गया है। **क्या कहते हैं कुलपति शांडिल्य :** इस संदर्भ में कुलपति तपन कुमार शांडिल्य ने कहा कि छात्रों के समस्या का निदान हमारी पहली प्राथमिकता है, यह जिले का एकमात्र सरकारी डिग्री कॉलेज है बहुत जल्द यह महाविद्यालय परिसर में सभी सुविधाओं से लैस होगा, एवं आगामी जनवरी 2024 तक हम पूरी कोशिश करेंगे की महाविद्यालय में नए शिक्षकों की नियुक्ति हो और यहां के छात्र नवीन ऊर्जा के साथ पढ़ाई करें एवं इस क्षेत्र का नाम पूरे देश में रौशन करेंगे।मौके पर नगर मंत्री सौरभ भारती, नगर सह मंत्री अमित कुमार, नगर सह मंत्री अभिषेक कुमार कॉलेज अध्यक्ष नीलम, उपाध्यक्ष चंदन,कॉलेज मंत्री विशाल, सुमित, रवि समेत कई छात्र उपस्थित थे।

## प्रमण्डलीय आयुक्त-सह-मतदाता सूची प्रेक्षक, उत्तरी छोटानागपुर प्रमण्डल हजारीबाग सुमन कैथरीन किस्पोट्टा ने मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यक्रम 2024 के कार्यों का किया समीक्षा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** 01 जनवरी 2024 को अर्हता तिथि मानते हुए 27 नवम्बर 2023 से 09 दिसम्बर 2023 तक जिले भर में विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2024 चलाया जा रहा है। इसे लेकर आज प्रमण्डलीय आयुक्त-सह-मतदाता सूची प्रेक्षक, उत्तरी छोटानागपुर प्रमण्डल हजारीबाग सुमन कैथरीन किस्पोट्टा अधिकारियों के साथ समीक्षात्मक बैठक करने हेतु चतरा परिसदन भवन पहुंची। आयुक्त के आगमन पर उन्हे गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। उक्त मौके पर जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त चतरा श्री अबु इमरान ने उन्हे पौधा भेंट कर स्वागत किया। तत्पश्चात परिसदन भवन के सभा कक्ष में बैठक की कार्यवाही प्रारंभ की गई। बैठक में 27 नवम्बर 2023 से 09 दिसम्बर 2023 तक चल रहे मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यक्रम का बिन्दुवार समीक्षा किया। समीक्षा के क्रम में बिरहोर परिवारों का मतदाता सूची में पंजीकरण, न्यून गुणवत्ता फोटो एवं ब्लैक एण्ड वाईट व ब्लर फोटो रिप्लेस, ईआरओ नेट पर इंट्री कार्य, 80 प्लस आयु वर्ग के मतदाताओं का चिन्हित कार्य, दिव्यांग मतदाता, फार्म 6, 7 एवं 8 प्राप्त करने से संबंधित कार्यों की भी विस्तृत जानकारी ली गई। उप निर्वाचन पदाधिकारी अरूण कुमार एक्का ने न्यून गुणवत्ता फोटो एवं ब्लैक एण्ड वाईट व ब्लर फोटो रिप्लेस को लेकर जानकारी दिया कि मतदाता सूची से इन फोटो को रिप्लेस करने के लिए जिले भर में विशेष अभियान चलाया गया है और इसका परिणाम भी यह है कि फोटो रिप्लेस का कार्य लगभग शत प्रतिशत पूर्ण होने की ओर है। बूथ पर बी0एल0ओ0 एवं सुपरवाईजर द्वारा किए जा रहे कार्यो की प्रखण्डवार समीक्षा की गई। सभी सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह प्रखण्ड विकास पदाधिकारी को बी0एल0ओ0 एवं सुपरवाईजर के कार्यो का मॉनिटरिंग करने का निर्देश दिया और कहा अपने स्तर से अपने अपने प्रखण्ड क्षेत्र में आने वाले बूथों का औचक निरीक्षण करें और समय रहते किसी भी प्रकार की समस्या आ रही है तो उसमे समय रहते सुधार कर लिया जाय। साथ ही कहा कि मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यक्रम 2024 की अंतिम तिथि 09 दिसम्बर 2023 तक निर्वाचन आयोग से प्राप्त निर्देशों का अनुपालन इमान्दारी पूर्वक करते हुए शत प्रतिशत प्राप्त लक्ष्य को पूर्ण करें। जिन प्रखण्ड की प्रगति लक्ष्य के अनुरूप कम देखी गई उस पर उन्होने कहा कि और अधिक मेहनत करने की आवश्यकता है।उक्त बैठक में उप विकास आयुक्त उत्कर्ष गुप्ता, उप निर्वाचन पदाधिकारी सह डीआरडीए निदेशक अरूण कुमार एक्का, जिला निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह अनुमण्डल पदाधिकारी चतरा सुरेन्द्र उरांव, जिला निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह अनुमण्डल पदाधिकारी सिमरिया सुधीर कुमार दास, सभी सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी समेत अन्य संबंधित उपस्थित थे। इसके पश्चात चतरा प्रखण्ड के मोकतमा पंचायत के ग्राम मोकतमा में राजकीय मध्य विद्यालय मोकतमा में संचालित बूथ पर पहुंच बी0एल0ओ0 एवं सुपरवाईजर द्वारा मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत किए जा रहे कार्यो का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

## सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत विशेष शिविर का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**महुआडांड़ (लातेहार) :** राज्य सरकार द्वारा आयोजित आपकी सरकार आपके द्वारा कार्यक्रम के तहत महुआडांड़ प्रखंड अंतर्गत अक्सी पंचायत भवन परिसर में विशेष शिविर का आयोजन किया गया। अनुमंडल पदाधिकारी विपिन कुमार दुबे, प्रखंड विकास पदाधिकारी अमरेन डांग, अंचल पदाधिकारी संतोष कुमार बैठा, जिला परिषद सदस्य स्तेला नगेसिया, के द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। जिसके बाद सहीया सेविका बहनों के द्वारा स्वागत गान गाकर मुख्य अतिथियों का स्वागत किया गया। आयोजित शिविर में विभिन्न समस्याओं एवं आवेदन लेकर सैकड़ो लोग पहुंचे। जहां शिविर में लगे मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता, मुख्यमंत्री सारथी योजना, अबुआ आवास, सावित्रीबाई फुले योजना, महिला एवं बाल विकास, कृषि एवं पशुपालन, मनरेगा, राजस्व, शिक्षा समेत अन्य विभागों के स्टाल में अपने-अपनी जरूरत के अनुसार लोगों ने आवेदन दिया। इस दौरान पंचायत के नए वोटरों को पहचान पत्र भी दिया गया। आयोजित शिविर में मुख्य रूप से अबुआ आवास के लिए बहुत से लोगों ने आवेदन दिया। वहीं स्वास्थ्य विभाग की ओर से लोगों का शुगर बीपी की जांच करते हुए दवा का भी वितरण किया गया। कृषि विभाग की ओर से किसान क्रेडिट कार्ड के लिए आवेदन प्राप्त किए गए। वही आयुष्मान कार्ड, राशन कार्ड, रोजगार कार्ड, श्रमिक कार्ड, आधार कार्ड इत्यादि की सेवाएं भी ग्रामीणों को स्टोल लगाकर प्रदान की गई। इस कार्यक्रम के दौरान मुख्य रूप से जिला परिषद सदस्य स्तेला नगेसिया, अनुमंडल पदाधिकारी विपिन कुमार दुबे, प्रखंड विकास पदाधिकारी अमरीन डांग, अंचल पदाधिकारी संतोष कुमार बैठा, शिक्षा पदाधिकारी घनश्याम चौबे, प्रमुख, उप प्रमुख, मुखिया, प्रखंड के विभिन्न विभागों के कर्मी समेत सैकड़ो ग्रामीण उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें

### दुकान और मकान में हुए चोरी के मामले का बड़कागांव पुलिस ने एक दिन में किया उद्भेदन

**बड़कागांव (प्रभात मंत्र संवाददाता):** बड़कागांव पुलिस ने घर और मकान में हुए चोरी का उद्भेदन एक दिन में किया। प्रखंड के बादम पंचायत अंतर्गत बनिया मोहल्ला निवासी प्रकाश कुमार गुप्ता पिता स्व चंद साव ने बड़कागांव थाने में दुकान और घर में हुई चोरी को लेकर आवेदन दिया था। आवेदन के आलोक पर बड़कागांव थाना कांड संख्या 352/23 धारा 457/380 भादवि के तहत मामला दर्ज किया गया। मामले पर त्वरित कार्रवाई करते हुए सूचना के आधार पर ग्राम बदाम निवासी एक महिला को बड़कागांव अंतर्गत ढेंगा पेट्रोल पंप के पास से पकड़ा गया एवं उसके पास से सोने चांदी का जेवरात बरामद किया गया। महिला की निशानदेही पर बादम निवासी बंटी यादव पिता सरजू यादव को रसूलीगंज से पकड़ा गया। पूछताछ के क्रम में बंटी यादव के निशानदेही पर कटकमदाग थाना क्षेत्र के रसूलीगंज के एक पुराने घर में बोरे में छिपा कर रखे गए चोरी का सामान बरामद किया गया। कांड में संलिप्त गिरफ्तार अप्राथमीक अभियुक्तों को न्यायिक हिरासत में भेजा गया। उक्त आशय की जानकारी प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बड़कागांव थाना प्रभारी बिनोद तिर्की ने दिया।

### कांग्रेस नेता आरसी मेहता ने क्षेत्र भ्रमण में कहा टाटी झरिया प्रखंड में भ्रष्टाचार चरम पर

**हजारीबाग (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रमंडलीय वरिष्ठ कांग्रेस नेता डॉ आरसी प्रसाद मेहता ने कांग्रेस आपके द्वार कार्यक्रम के तहत,किया बरकट्ठा विधानसभा क्षेत्र के टाटीझरिया झरपो भराजो बेडमक्का खैरा लुंदरू इत्यादि पंचायत एवं गांवो का भ्रमण। डॉ मेहता ने सरकार द्वारा किए जा रहे विकास कार्यों का अवलोकन किया। सरकार के कार्यक्रम सरकार आपके द्वारा को सराहनीय कदम बताया।लोगों से अपनी समस्याओं का निदान पंचायत स्तरीय कार्यक्रम में जाने का सलाह दिए। दर्जनों लोगों ने कहा की टाटीझरिया प्रखंड में भ्रष्टाचार चरम पर है समाजसेवी लुंदरू ग्राम वासी महावीर कुशवाहा को असामाजिक तत्वों द्वारा खैरा सिमाना में हत्या किया गया। हत्यारे महावीर के शव को दूर खेत में ले जाकर शव के ऊपर मोटरसाइकिल लाद दिए मोटरसाइकिल में दुर्घटना का निशान नहीं था बाय नेम केस दर्ज हुआ।अनुसंधान तकरीबन 9-10 महीनों से चल रहा है रिजल्ट जहां के तहां है दबंग अपराधी धन पैरवी के बल पर संविधान के धारा 302 को ठेंगा दिखा रहे हैं। सेवाने नदी के बालू का अक्सन नहीं होने के कारण आज टाटी झरिया सहित जिले में अवैध बालू उत्खनन के नाम पर आतंक मचा है एलपीसी एवं दाखिल खारिज का नजराना 10 हजार से लाखों तक है थाने में घरेलू झगड़ों के रपट नजराना मूंह मांगा है। जनता लाचार बेबस है केन्द्र एवं राज्य सरकार संज्ञान में लेकर संविधान के सर्वपरी किंग मेकर के समस्याओं का समाधान करें। भ्रमण कार्यक्रम में मुख्य रूप से टाटीझरिया के देवनंदन प्रसाद झरपो के काशी महतो रामचंद्र महतो किशोर महतो सुरेंद्र राम सूर्य नारायण महतो हीरामन महतो महेंद्र प्रसाद सुरेंद्र कुमार अकेला छोटन कुमार अशोक कुमार दशरथ नारायण सिंह ईश्वर दयाल नंदकिशोर प्रसाद कुशवाहा चंद्रदेव मेहता गिरधारी महतो सरफुल हक राजु मेहता इत्यादि लोगों ने भाग लिए।

### आईसेक्ट विश्वविद्यालय में सीएस एंड आईटी विभाग की ओर से स्वागत समारोह का आयोजन

**हजारीबाग (प्रभात मंत्र संवाददाता):** विद्यार्थी जीवन बेहद अनमोल क्षण होता है, जिसमें सिर्फ शिक्षा ही प्राप्त नहीं की जाती बल्कि यह जीवन करियर निर्माण के लिए भी महत्वपूर्ण है। ऐसे में विद्यार्थियों को चाहिए कि समय का सदुपयोग करें और भविष्य के सुनहरे सपनों को साकार कर माता-पिता, क्षेत्र, विश्वविद्यालय के साथ साथ देश का नाम रौशन करें। उक्त बातें आईसेक्ट विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ मुनीष गोविंद ने तरबा-खरबा स्थित विश्वविद्यालय के मुख्य कैंपस सभागार में सीएस एंड आईटी विभाग के सेमेस्टर तीन व पांच के विद्यार्थियों की ओर से सेमेस्टर एक के विद्यार्थियों के लिए आयोजित स्वागत समारोह के दौरान कही। उन्होंने कहा कि गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा प्रदान किए जाने के साथ साथ विद्यार्थियों को एक अच्छे इंसान बनाने के उद्देश्य से विश्वविद्यालय अपने कदम आगे बढ़ा रहा है, जिसमें लगातार सफलता प्राप्त हो रही है। इससे पूर्व कार्यक्रम की शुरुआत विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ पीके नायक, कुलसचिव डॉ मुनीष गोविंद, डीन एडमिन डॉ एसआर रथ, सीएस एंड आईटी डीन डॉ बिनोद कुमार, एचओडी उदय रंजन सहित अन्य के हाथों दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इस दौरान विद्यार्थियों की ओर से एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किए गए, जिसे मौजूद लोगों ने खूब सराहा। कार्यक्रम के आखिर में मिस्टर फ्रेशर व मिस फ्रेशर की घोषणा की गई, जिसमें मिस्टर फ्रेशर मकशूद अहमद व ज्योति कुमारी को मिस फ्रेशर का ताज प्राप्त हुआ।विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ पीके नायक ने समय की अहमियत के मद्देनजर विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि हर क्षण विद्यार्थियों के लिए अहम है, जिसमें वे ना सिर्फ ज्ञान अर्जित करते हैं बल्कि शिक्षा, सदाचार, माता-पिता की सेवा, सच बोलना जैसे सद्गुणों को अपनाकर देश के श्रेष्ठ नागरिक भी बनते हैं। मौके पर कुलपति डॉ पीके नायक, कुलसचिव डॉ मुनीष गोविंद, डीन एडमिन डॉ एसआर रथ, सीएस एंड आईटी डीन डॉ बिनोद कुमार, एचओडी उदय रंजन के अलावा रविकांत कुमार, चंदा प्रसाद, प्रभात कुमार, तारा प्रसाद, राहुल कुमार, विजय लाल समेत विश्वविद्यालय कई प्राध्यापक-प्राध्यापिकाएं व कर्मियों और बड़ी संख्या में विद्यार्थी मौजूद थे।

### नगर निगम हजारीबाग द्वारा आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का शिविर लगाया गया

**हजारीबाग (प्रभात मंत्र संवाददाता):** वार्ड संख्या 9, 10, 11 तथा 12 के लिए देवांगना चौक में शिविर लगाया गया। नगर आयुक्त सह प्रशासक शैलेन्द्र लाल द्वारा द्वीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस मौके पर उन्होने लाभुकों के बीच कंबल, धोती सारी का वितरण किया। इस शिविर में नगर निगम से तथा सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं का स्टॉल लगाया गया।शिविर में होल्डिंग टैक्स, ट्रेड लाइसेंस,होर्डिंग, नक्शा, अभियांत्रिकी, जन्म मृत्यु, एन यू एल एम, पी एम सवनिधि ,राशन कार्ड, आधार कार्ड, वोटर कार्ड , सामाजिक कल्याण की योजनाएं,स्वास्थ्य चिकित्सा, विद्युत इत्यादि से संबंधित स्टॉल लगाया गया।नगर आयुक्त ने अपने सम्बोधन भाषण में कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी दी, तथा लोगो को ज्यादा से ज्यादा इस कैम्प से लाभ उठाने को प्रोत्साहित किया।कैम्प में सहायक नगर आयुक्त बिपिन कुमार, अनिल पांडे ,कार्यपालक अभियंता रमेश सिंह, सहायक अभियंता, नगर प्रबंधक, नगर मिशन प्रबंधक, टाउन तथा अर्बन प्लानर, कनीय अभियंता प्रधान सहायक तथा अन्य उपस्थित थे। अगला शिविर वार्ड विकास केंद्र दिनांक 25-11-2023 को नूरा में वार्ड 1, 3 तथा 4 के लिए लगाया जाएगा।

### श्री श्याम अरदास कीर्तन परिवार हजारीबाग द्वारा भव्य भजन संध्या का हुआ आयोजन

**हजारीबाग (प्रभात मंत्र संवाददाता):** कार्तिक महीना धार्मिक अनुष्ठान के लिए काफी चर्चित रहता है प्रारंभ से लेकर अंत तक तरह तरह के धार्मिक कार्य इस महीने किए जाते हैं जैसे दीपोत्सव का महापर्व, लोक आस्था का महापर्व छठ जैसे अनेकों त्योहार को इस महीने मनाया गया है विभिन्न त्योहारों में से एक त्यौहार कार्तिक शुक्ल पक्ष एकादशी तिथि के दिन राजस्थान के खाटू श्याम में विराजमान प्रभु श्याम का जन्म जयंती मनाई जाती है। यह जन्म जयंती पूरे भारतवर्ष में श्याम भक्तों के द्वारा बड़े ही धूमधाम से संपन्न की गई। तो इसी बीच हजारीबाग शहर मे गुरुवार की देर शाम भव्य भजन संध्या का आयोजन किया गया। यह आयोजन श्री श्याम अरदास कीर्तन परिवार हजारीबाग द्वारा किया गया। पावन आशीर्वाद श्री श्याम परिवार (तुलसिधाम) कोलकाता का रहा। जिसमें सर्वप्रथम श्री श्याम की पूजा अर्चना विधिवत रूप से की गई। जिसके पश्चात बाबा श्याम का भव्य ज्योत लिया गया। भव्य भजन संध्या में हजारीबाग शहर के स्थानीय कलाकारों ने देर रात्रि तक श्याम प्रेमियों को जमकर झुमाया। भजन संध्या के दौरान इत्र की वर्षा,अखंड ज्योत, मनोहारी श्रृंगार किया गया। वही भजन संध्या के दौरान बाबा श्याम को केक का भोग लगाया गया। स्थानीय कलाकारों के द्वारा बाबा श्याम के अनेकों भजन प्रस्तुत किए गए जिसमें बाबा श्याम की जयंती आई...... चालो जी चालो खाटू चला...... तो वही मेरा खाटू वाला है सबसे निराला .... जैसे अनेकों भजन देर रात्रि तक प्रस्तुत किए गए। वही श्याम भक्तों के द्वारा भी कई भजन बाबा श्याम के प्रति समर्पित किया गया। श्री श्याम अरदास कीर्तन परिवार हजारीबाग द्वारा बाबा श्याम के आशीर्वाद से कई कार्यक्रम आयोजित किए गई है। श्री श्याम अरदास कीर्तन परिवार हजारीबाग में महज 9 युवाओं की एक टीम है।

## कोनहरा खुर्द पैक्स अध्यक्ष पद का चुनाव संपन्न



**बरकट्ठा :** प्रखंड अंतर्गत कोनहरा खुर्द पंचायत भवन मे शुक्रवार को कोनहरा खुर्द पैक्स अध्यक्ष के लिए संजय कुमार को चयनित किया गया।मौके पर निर्वाचित पदाधिकारी कारू राम मौजूद थे।

निर्वाचन प्रक्रिया मे कोनहरा खुर्द पंचायत निवासी संजय कुमार को निर्विरोध अध्यक्ष चयन किया गया।वही कार्यकारणी सदस्य के रूप मे- मनोज सिंह,साहेबराम सोरेन,मुनीलाल प्रसाद,कलावती कुमारी,मंदोदरी देवी, कुमारी विनीता,लीला देवी,मनाव देवी,कौशल्या देवी,उस्मान आंसरी का निर्विरोध चयन किया गया।संजय कुमार को चुनाव मे सफलता और विजयी होने पर कई लोगों ने उनका स्वागत करते हुए बधाई दिया। बधाई देने वालों में मुखिया प्रतिनिधि बिरेन्द्र शर्मा, राजेश प्रसाद,अर्जुन दास,सुशील कुमार हितैसी, छोटीलाल प्रसाद, विजया साव समेत आदि लोग शामिल थे।

## नशा मुक्ति समाज होगा तभी समाज का संपूर्ण विकास संभव : राष्ट्रीय सचिव अनूप भाई

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** मगध सम्राट श्री श्री जरासंध महाराज के जन्म उत्सव पर शुभ अवसर पर दो दिवसीय पूजन समारोह का हजारीबाग के सदर प्रखंड के अंतर्गत ग्राम बिरबिर में धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम मे लोगों को संबोधित करते हुए अनुप भाई वर्मा ने कहा कि चंद्रवंशियों क्षत्रिय का इतिहास गौरव में रहा है जिसे पूरी दुनिया जानती है। चंद्रवंशी नहीं किस इतिहासकार का कलाम गुलाम क्योंकि चंद्रवंशियों का इतिहास उसकी ताकत और तलवारों ने लिखी है ! और उन्होंने कहा है कि समाज मैं शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ाने की आवश्यकता है ,और समाज को नशा मुक्त समाज बनाने की आवश्यकता है नशा मुक्त समाज होगी तो ही समाज का संपूर्ण विकास संभव है। नई पीढ़ी को अपने सनातन धर्म की प्रति अभी से ही संस्कार भरने की आवश्यकता है ,हमारे आने वाला पीढ़ी में सनातन धर्म के प्रति हर एक जानकारी बच्चों में होनी चाहिए शिक्षा के साथ-साथ सामाजिक और धार्मिक ज्ञान भी होना अति आवश्यक है तभी समाज का संपूर्ण विकास संभव हो सकता है। अतिथि के रूप में उपस्थित हुए गणेश कुमार सीटू ,विजय वर्मा, आशीष वर्मा, जितेंद्र चंद्रवंशी, नीरज चंद्रवंशी, सुदेश कुमार चंद्रवंशी ,अजीत कुमार चंद्रवंशी, विनोद रवानी , अन्य गण मन लोग उपस्थित हुए ।

## अग्रवाल मोदी ट्रस्ट के द्वारा सरस्वती शिशु विद्या मंदिर कुम्हारटोली को किया गया सम्मानित

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** अग्रवाल मोदी ट्रस्ट के द्वारा अग्रसेन जयंती के अवसर पर मुनका बगीचा हजारीबाग से निकलने वाली प्रभात फेरी में सरस्वती शिशु विद्या मंदिर , कुम्हारटोली, हजारीबाग के घोष दल के भैया- बहनों ने प्रभात फेरी में घोष बजाकर सहयोग कियाद्य विद्यालय के घोष दल के बच्चों ने प्रभात फेरी में घोष के माध्यम से उत्कृष्ट प्रदर्शन किया । प्रभात फेरी में विद्यालय के घोष दल बच्चों के द्वारा उत्कृष्ट प्रदर्शन करने से हजारीबाग अग्रवाल मोदी ट्रस्ट के अध्यक्ष सुबोध कुमार अग्रवाल ,सचिव मनोज मोदी, जयंती समारोह प्रभारी सुनील कुमार अग्रवाल ,समाज के प्रवक्ता नीरज मोदी एवं अन्य सदस्यों के द्वारा विद्यालय के सचिव संजय उपाध्याय को मेमोंटो प्रदान कर सम्मानित किया गया । साथ ही साथ विद्यालय परिवार को भी सम्मानित किया गया ।

## बरही टाउन हॉल में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का हुआ शुभारंभ

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** बरही पूर्वी पंचायत में स्थित नगर भवन में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमे बतौर मुख्य अतिथि एसडीओ पूनम कुजूर एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में 20 सूत्री अध्यक्ष इकबाल रजा, प्रखंड विकास पदाधिकारी सी.आर. इंदवार, अंचलाधिकारी रामनारायण खलको, बरही पश्चिमी जीप सदस्या प्रीति गुप्ता, विधायक प्रतिनिधि सुनील साहू, स्थानीय मुखिया मुखिया मीनू देवी एवं उपमुखिया मनोज कुमार उपाध्याय शामिल हुए। जहां सभी अतिथियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।



वहीं इस कार्यक्रम में अबुवा आवास, मतदाता जागरूकता कार्यक्रम, सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, मुख्यमंत्री सारथी योजना, जल जीवन मिशन, मुखमंत्री पशुधन योजना, सोना सोबरन धोती साड़ी वितरण योजना, फूलो झानो आशीर्वाद अभियान, भू राजस्व विभाग, बिरसा सिंचाई कूप संवर्धन योजना एवं महात्मा गांधी राष्टीय ग्रामीण रोजगार योजना जैसे लाभकारी योजना का स्टॉल लगाया गया। इस दौरान एसडीओ पूनम कुजूर ने कहा की सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य झारखंड सरकार द्वारा शुरू किए गए राज्य के पात्र लाभार्थियों को योजनाओं की जानकारी प्रदान कर शिविरों के माध्यम से तत्काल लाभ प्रदान करना है।

## जिप उपाध्यक्ष संघ के प्रदेश अध्यक्ष किशुन यादव ने दुगोला कार्यक्रम का किया उद्घाटन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** प्रखंड अंतर्गत कोल्हुआ पंचायत के करगइयो गांव निवासी केदार यादव के माता स्व0 रूदिया मसोमात के एकादश कार्यक्रम में शानदार दुगोला कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन मुख्य अतिथि जिप उपाध्यक्ष संघ के प्रदेश अध्यक्ष किशुन यादव ने द्वीप प्रज्जवलित एवं फिता काट कर किया। मौके पर किशुन यादव ने कहा कि इस दुनिया मे जो आया है उसे जाना तय है। इंसान की पहचान उनकी कर्मों से होती है। मौके पर भाजपा नेता मनीलाल यादव, टेकलाल यादव, डिलो पासवान, मुखिया सरयू वर्मा, भाजपा युवा नेता रितेश गुप्ता, स्थानीय पसस कोल्हुआ कला पंचायत के बिनोद कुमार यादव, किशोर यादव,



जागेश्वर यादव, राजेश यादव, राहुल यादव, रोहित कुमार, रंजीत यादव, रोबिन कुमार, बद्री यादव, सुखदेव यादव, प्रभु यादव, रोहन यादव, राधेश्याम यादव, रामचंद्र यादव, संजय यादव, उमेश यादव, विकाश यादव, बिनोद यादव समेत काफी संख्या में ग्रामीण शामिल हुए।

## एदारे शरिया तहरीक ए बेदारी के कानून को लागू करने के लिए बैठक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चरही :** अंजुमन इस्लाहुल मुस्लेमीन चरही कमेटी के द्वारा एक बैठक किया गया जिसमें एदारे शरिया तहरीक ए बेदारी के कानून को लागू करने के लिये सदर व सिग्रेटरी मेम्बरान और आवाम के साथ बैठक करके निर्णय लिया गया कि शादी ईस्लामिक तौर तरीके से करना हैं जिसमें दहेज, नगदी डिमांड पुरी तरह से बन्द रहेगा। लड़?की वाले अपने हसबे औकात जरूरत



का सामान दे सकता है, और बारात कम से कम तादाद में आना या जाना है। शादी में बाजा डी जे बेंजु, नाच गाना पटाखा बन्द रहेगा और शराब पिकर कोई बारात आता या जाता हैं, तो उस आदमी को दण्डित किया जायेगा। वही खाना में बुफर सिस्टम को भी बन्द रहेगा। औरतों के लिए खाना में परदा का एहतमाम रहेना। इस कानून को अगर कोई तोड़ता है तो अन्जुमन उसे 10,000/- रुपये दण्ड करेगी और उस का नाम एदारेशरिया में दे दिया। वही चरही के इमाम हाफिज इफ्तिखार ने बताया की इदारे शरिया के द्वारा जो भी कानून लाया जा रहा है उसको हम लोगों को मानना है और फिजूल खर्ची से बचाना है।

## बड़कागांव प्रखंड में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तीसरे चरण का हुआ शुभारंभ

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** पश्चिमी पंचायत बड़कागांव में झारखंड सरकार के द्वारा संचालित आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ वरीय जिला पदाधिकारी दीपक दुबे एवं उपस्थित अतिथियों के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। शिविर में भारी संख्या में ग्रामीण उपस्थित हुए व अपने-अपने समस्याओं को लिखित तौर पर दिया। शिविर में सैकड़ो हार्ड कॉपी के साथ ऑनलाइन आवेदन जमा लिए गए। शिविर में अबुआ आवास योजना लेने वाले आवेदकों की भीड़ सबसे ज्यादा देखी गई। वहीं कई छोटी-मोटी समस्याओं को शिविर में ही निपटारा किया गया। राज्य सरकार के द्वारा संचालित कई योजनाओं का



लाभ ग्रामीणों को दिया गया। जय माता दी गैस एजेंसी के प्रोपराइटर प्रेमलता व प्रबंधक रोशन ठाकुर के माध्यम से मुखिया रंजीत कुमार के हाथों पांच लोगो को गैस चूल्हा एवं सिलेंडर दिया गया, 39 बच्चों को साइकिल खरीदने के लिए साढ़े 4 हजार रुपए सिंबॉलिक चेक दिया गया एवं उनके खाते में राशि भेजी गई। जेएसएलपीएस के द्वारा 66 लाख एवं 13 लाख रुपया राशि दो महिला समूहों को दिया गया। सोना सोबरन धोती साड़ी योजना के तहत 17 लोगों को योजना के लाभ दिया गया। मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना के तहत 6 लोगों को रोजगार के लिए ऋण उपलब्ध कराया गया। शिविर में जन्म प्रमाण पत्र 8 एवं मृत्यु प्रमाण पत्र चार लोगों का निर्गत किया गया। चिकित्सा अनुदान योजना के तहत 12 लोगों को सहायता के रूप में 56000 रुपए उपलब्ध कराया गया। मौके पर प्रमुख फुलवा देवी, बीडीओ जितेंद्र कुमार मंडल, सीओ बालेश्वर राम, पश्चिमी पंचायत मुखिया सह प्रखंड अध्यक्ष रंजीत कुमार, अंचल निरीक्षक अनुज कुमार, मनीष कुमार पाठक, जिप सदस्य यासमीन निशा, 20 सूत्री अध्यक्ष हाजी तबस्सुम, उप प्रमुख वचन देव कुमार, पंचायत समिति सदस्य उर्मिला देवी, उप मुखिया सत्यदेव कुमार, बाल विकास परियोजना से पूजा राय, प्रखंड कृषि पदाधिकारी रवि रंजन, प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी उमाशंकर प्रसाद, भास्कर राज, समन्वयक आशीष पासवान, अरुण पासवान, पंकज कुमार, दीपक कुमार, प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष विशेश्वर नाथ चौबे, सुरेश महतो, बैंक ऑफ़ इंडिया प्रबंधन रामचंद्र सोरेन, अजय कुमार, बुद्धि नाथ साव, एटीएम श्याम कृष्ण देव, अनंत कुमार, डॉ पूजा कुमारी, डॉ सर्वोत्तम भास्कर, तरुण कुमार शर्मा, दीपक कुमार, प्रणव कुमार के अलावा कई लोग शामिल थे।

### बरही के क्रिकेट प्रेमियों के लिए खुशी की खबर, महिला क्रिकेटर पल्लवी कुमारी झारखंड स्टेट अंडर 23 महिला टीम में चयन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** प्रखंड अंतर्गत रसोईया धमना निवासी रामचंद्र साव की बेटी पल्लवी कुमारी का चयन अंडर 23 झारखंड स्टेट महिला क्रिकेटर टीम में हुआ है। बता दे कि पल्लवी कुमारी काफी लंबे समय से क्रिकेट खेल रही है और जिला व स्टेट टीम के लिए खेल चुकी है। उसका मेहनत रंग लाया और अब उसका चयन झारखंड स्टेट अंडर 23 महिला क्रिकेट टीम में हुआ है। जिसके लिए सभी लोगो बधाई दिया है। इस बाबत विधायक प्रतिनिधि सुनील साहू ने कहा कि काफी गर्व की बात है की बरही की बेटी झारखंड स्टेट टीम की हिस्सा बनी है, हम सबको उनके हौसले को बढ़ाने की जरूरत है ताकि वह और अच्छा करे और एक दिन देश के लिए खेले। साथ ही कहा की बरही में प्रतिभा की कोई कमी नही है बस उनको एक अच्छा माहौल एवं सहयोग की आवश्यकता है। कहते है हौसलो को पर मिल जाए तो बड़ी से बड़ी ऊंचाई बहुत छोटी नजर




आने लगती है। हम सबको बरही की बेटी पल्लवी को सहयोग करने की जरूरत है ताकि वे जल्द देश के लिए खेल सके। बधाई देने वालो में विधायक उमाशंकर अकेला, बीएसए संरक्षक अब्दुल मन्नान वारसी, सचिव बलराम केशरी, साहू समाज के अनुमंडल अध्यक्ष अमित कुमार साहू, व्यावसायिक संघ के अध्यक्ष कपिल केसरी, सामाजिक कार्यकर्ता डॉ निजामुद्दीन अंसारी, बेन्दगी मुखिया सिकंदर राणा, अमित केशरी, मनोज केशरी सहित अन्य सामाजिक राजनीतिक कार्यकर्ता शामिल है।

## एनटीपीसी के सहयोग से जोरदग में लगाया निशुल्क मेगा स्वास्थ्य जांच शिविर



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** कॉलेज ऑफ डेंटल साइंसेज एंड हॉस्पिटल एवं श्रीनिवास अस्पताल ने एनटीपीसी के सहयोग से केरेडारी प्रखण्ड स्थित जोरदग में दिन शुक्रवार को निशुल्क मेगा स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजन किया गया। निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर में ग्रामीणों का दांत का जांच, नेत्र का जांच एवं रक्त का जांच किया गया। जिसमें 193 ग्रामीणों ने शिविर का लाभ लिया एवं अपना स्वास्थ्य का जांच कराया। इस दौरान ग्रामीणों ने चिकित्सकों से निशुल्क उत्तम स्वास्थ्य संबंधित परामर्श भी प्राप्त किया। शिविर का आयोजन में एनटीपीसी कंपनी ने अपना सरहानीय योगदान दिया। शिविर का नेतृत्व सार्वजनिक स्वास्थ्य दंत चिकित्सा विभाग के डॉ. निशाद गवली ने किया। विभिन्न बीमारियों एवं उनके उपचार पर आवश्यक सलाह दी। वहीं चिकित्सकों ने मौखिक स्वास्थ्य जागरूकता एवं शिक्षा कार्यक्रम का संचालन किया। इस अवसर पर स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने शिविर में बुनियादी उपचार का काफी सरहाना किया। मौके पर हजारीबाग कॉलेज ऑफ डेंटल साइंसेज एंड हॉस्पिटल एंव श्रीनिवास अस्पताल सचिव डॉ प्रवीण श्रीनिवास ने कहा कि हमारा मुख्य उद्देश्य कम लागत में गुणवत्तापूर्ण दंत चिकित्सा एवं स्वास्थ्य का देखभाल प्रदान करना है। शिविर में जरूरतमंदों का बुनियादी उपचार बिलकुल मुफ्त है। अन्य इलाज में मरीजों को 50 प्रतिशत की छूट दी जाएगी। उन्होंने कहा कि मुंह एवं दांत के उचित देखभाल एवं साफ-सफाई से मुंह एवं दांत में होने वाले बिमारियों से बचा जा सकता है। यदि मुंह एवं दांत में किसी प्रकार का कोई लक्षण दिखाई दे तो तत्काल समय रहते चिकित्सकों से उचित परामर्श ले। मौके पर प्रशिक्षु डॉ. मेधा, डॉ. मनीषा, डॉ. फौजिया, डॉ. अमन एवं डॉ. आकांक्षा रानी ने अपनी बहुमुल्य सेवाएं दी।

## पंचायत स्तर पर पार्टी को मजबूत करने एवं विकास कार्यों में तेजी लाने के लिए कांग्रेस कोर कमिटी का हुआ गठन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** प्रखंड के नापोखुर्द पंचायत भवन में कांग्रेस पार्टी का बैठक मुखिया गणेश साव की अध्यक्षता में की गई। बैठक का संचालन कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष विशेश्वर नाथ चौबे ने किया। सर्वप्रथम सभी गनमान्य लोगों का फूल माला पहनाकर स्वागत किया गया। इस दौरान आजसू समर्थक राजकुमार यादव ने कांग्रेस पार्टी के सदस्यता ग्रहण की। बैठक को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि इंटक के प्रदेश सचिव अंकित राज उर्फ सुमित ने कहा कि पंचायत स्तर पर पार्टी को मजबूत करने एवं विकास कार्यों में तेजी लाने के आलोक में पंचायत स्तरीय एक कोर कमेटी का गठन प्रत्येक पंचायत में किया जा रहा है। इस दौरान विकास योजनाओं का चयन भी ग्रामीणों की मौजूदगी में किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आगामी दिनों में क्रियान्वित होने वाली



अनेको योजनाएं जैसे प्रत्येक पंचायत में 10-10 चापानल, शमशान एवं दसकर्मा सेड निर्माण, कब्रिस्तान का चार दिवारी निर्माण, पेयजल की व्यवस्था जैसे सामूहिक योजनाओं का चयन कर कार्य को प्राथमिकता के साथ विकास करना है। बैठक में कोर कमेटी सदस्यों का चयन किया गया। जिसमें दिनेश प्रसाद अध्यक्ष, उपाध्यक्ष दीपक साव सचिव, प्रकाश कुमार उपसचिव, राजकुमार यादव संरक्षक, महेश साव संगठन मंत्री व शनि गुप्ता मीडिया प्रभारी चुने गए। वही नापोखुर्द पंचायत के मुखिया गणेश साव ने कहा कि विकास के क्षेत्र में नापोखुर्द पंचायत एक अलग पहचान बना रहा है। मौके पर मुख्य रूप से कार्यकारी अध्यक्ष सुरेश महतो, शमशेर आलम, जगत नंदन प्रसाद गुप्ता, चंद्रिका साव, चंदर साव, तीजु साव, बिंदु साव, राजकुमार साव, मोहम्मद सुल्तान, मोहम्मद नजाम, अख्तर अली, प्रकाश यादव, संजय यादव, गणेश भुईयां, कार्तिक भुईया, बिंदु भुईया, हरीश साव, रंजीत साव, दिनेश साव, बबलू मुंडा, संजय मुंडा, दीपक मुंडा, विकास कुमार, प्रकाश कुमार महतो, शनी गुप्ता, महेंद्र साव, हरि साव, गंगा साव सहित कई महिला पुरुष मौजूद थे।

## रोहनगोडा में ग्रामीणो ने जमीन की घेराबंदी करने आए जेसीबी मशीन को बंधक बनाया

**उरीमारी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** उरीमारी पंचायत के रोहनगोडा में शुक्रवार को ग्रामीणों ने जमीन की घेराबंदी करने आए बिरसा मैनेजमेंट के ठेकेदारों को काम करने से रोका एवं उनकी जेसीबी मशीन को बंधक बना लिया गया। वहीं राकोमयू के क्षेत्रीय सचिव राजू यादव के नेतृत्व में ग्रामीण व बिरसा मैनेजमेंट के ठेकेदारों से राजू यादव ने वार्ता की ओर उनकी जेसीबी मशीन को राजू यादव की पहल पर छोड़ दिया गया। वहीं यादव ने कहा कि जबतक बिरसा मैनेजमेंट व ग्रामीण की आपस में सहमति नहीं बनती है तबतक जमीन पर किसी प्रकार का घेराव नहीं होने दिया जाएगा।वहीं इस मौके पर सीताराम किस्कू,कानू मरांडी,डा जीआर भगत, महादेव बेसरा,कंचन मांझी, लालू महतो,पुरण मांझी,अजय मिश्रा, बाल्मिकी यादव,रवि मांझी, दीपक यादव, बिनोद प्रजापति,सिगू मांझी, कमलेश यादव, राधेश्याम रजक, राकेश, श्याम इत्यादि दर्जनों लोग मौजूद थे।



## सुरक्षा के लिए कोलयरी सिरका को सात होमगार्ड जवान मिले

**सिरका(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सीसीएल अरगड्डा क्षेत्र के परियोजना सिरका सुरक्षा विभाग को सात होमगार्ड के जवान सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के लिए मिले हैं। इस संबंध में शुक्रवार को सुरक्षा विभाग सिरका ने बताया कि रामगढ़ जिला समादेष्टा से होमगार्ड निरोज महली, दीपेश कुमार प्रजापति, नितेश कुमार तमेड़ा, सिकेशवर उरांव, बाबूलाल उरांव, इंद्रनाथ उरांव, राजू उरांव शामिल हैं।

## मनुवां में जलसा ए दस्तार बंदी संपन्न

**रामगढ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** मदरसा अहले सुन्नत इस्लाहुल मुस्लेमीन मनुवां में सालाना जलसा मौलाना हबीब आलम रिज़वी की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम का संचालन कारी मुस्ताक महशर ने किया। मौके पर मुख्य अतिथि पीरे तरीकत हजरत उमर राजा खान साहब बरेली शरीफ उपस्थित रहे मौलाना जाकिर हुसैन गया बिहार शायर शहबाज रजा नूरी कोलकाता मजार फैजी इम्तियाज अंबर कबीर नूरी नसीम रजा बरेली ने शिरकत की । मौके पर इस साल हजरत मुफ्ती अब्दुल मालिक मिस्बाही को कईदे अहलेसुन्नत ऐवार्ड दिया गया और मिमोर मिल्लत का लकब दिया गया और मदरसा के तीन बच्चों को दस्तारबंदी हुई और हाफिजे कुरआन की उपाधि दी गई मौके पर कारी गुलाम हैदर नवाजी कारी नसीम कारी सरफराज जामी मौलाना अब्दुल मुस्तफा मौलाना महफूज आलम कारी शमीम मौलाना अनवर हुसैन मुफ्ती इजहार हाफिज वसीम कारी अताउल मुस्तफा मौलाना सहुद आलम मौलाना सद्दाम मौलाना वाजी मौलाना सबीर मौलाना अबू हुरैरा कारी मोबारक कारी एहसान रिजवान हा. अल्ताफ मौलाना आलम मौलाना सिद्दीकी मौलाना अ. मन्नान हाफिज महज हा.अ. राऊफ हाफिज हसन राजा आदि उपस्थित थे।



# आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का हुआ शुभारंभ

### गोला प्रखंड के चोकाद पंचायत से सरकार के इस महत्वाकांक्षी प्रोग्राम हुई की शुरुआत

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गोला :** गोला प्रखंड के चोकाद पंचायत में झारखंड सरकार की महत्वकांक्षी कार्यक्रम ÷आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिला उपायुक्त चंदन कुमार, उप विकास आयुक्त रॉविन टोप्पो, प्रखंड विकास पदाधिकारी संजय कुमार शाडिंल्य, अंचलाधिकारी समरेश प्रसाद भंडारी, गोला प्रमुख गीता देवी, उपप्रमुख विजय ओझा, पंचायत के मुखिया रुपा देवी के द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। उपायुक्त एवं उप विकास आयुक्त के द्वारा कूप निर्माण प्रमाण पत्र,आवास प्रमाण पत्र,विद्यालय के छात्र/छात्राओं को माध्यमिक परीक्षा में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले के बीच प्रमाण पत्रों का वितरण किया गया। पूर्व विधायक ममता देवी के द्वारा कई प्रमाण पत्रों का वितरण किया गया। इस अवसर पर प्रखंड के विभिन्न विभागीय पदाधिकारियों ने स्टॉल लगा कर फार्म जमा लिया गया। शिविर में अबुआ आवास योजना, बिरसा कूप योजना, कृषि योजना, पशुपालन योजना, बैंक ऋण योजना, केसीसी योजना में भूमि दाखिल खारिज, जाति प्रमाण पत्र, वन पट्टा, सावित्री बाई फुले योजना,गुरु जी क्रेडिट कार्ड, विभागीय पदाधिकारियों ने मनरेगा योजना आदि योजनाओं आवेदन एवं फार्म जमा लिया। उपायुक्त ने कहा कि सरकार द्वारा विभिन्न योजनाओं को गाँव से पंचायत पहुँचाने काम कर रही है ताकि सभी को समूचित लाभ मिल सके। मौके पर प्रधान सहायक अजीत कुमार, अंचल नाजिर राजदीप कुमार, पंचायत सचिव ईश्वर देहरी,रोजगार सेवक दीपक राम, जनसेवक जनार्दन प्रसाद गोप, पंचायत सचिव जीवन प्रसाद, प्रधानमंत्री आवास समन्वयक अजय कुमार,15 वें वित्त आयोग समन्वयक अशोक कुमार,कम्प्यूटर ऑपरेटर शफी अनवर उर्फ राजू,अनीश अनवर, शाहीन प्रवीण, आदि थे ।



## हेमंत सरकार के 4 वर्ष पूरे होने के मौके पर आपकी योजना,आपकी सरकार,आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन

**गोला(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रामगढ़ जिला के गोला प्रखण्ड के चोकाद पंचायत में झारखंड सरकार के हेमंत सरकार के चार साल पुरे होने के उपलक्ष्य पर आपकी योजना ङ्क आपकी सरकार-आपके द्वार के कार्यक्रम का आयोजन किया गयाद्य जिसमें अतिथि के रूप में रामगढ़ विधानसभा की पुर्व विधायक ममता देवी शामिल हुई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सरकार के द्वारा चलाए जा रहे योजनाओं के बारे में जानकारी दीद्य साथ ही लगे सभी स्टोल का निरीक्षण की एवं लाभुकों के बीच फुलो झानो योजना के तहत चेक राशन कार्ड जॉब कार्ड कंबल धोती साड़ी प्रधानमंत्री आवास अम्बेडकर आवास सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना सहित कई परिसम्पत्तियों का वितरण लाभुकों के बीच किया गया। कार्यक्रम में पहुंचने पर पुर्व विधायक ममता देवी का बुके देकर स्वागत किया गया।

## सेल संचालन को लेकर पार्किंग स्थल का परियोजना पदाधिकारी के नेतृत्व में निरीक्षण किया गया

**उरीमारी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सीसीएल बरकासयाल क्षेत्र में सयाल डी परियोजना खुली खान में दो गुटो? मे चल रहे विवाद खत्म होने के बाद अब लोकल सेल का रास्ता साफ होने से सेल संचालन सुचारू रूप से जल्द चलने वाली है। इसी आलोक में शुक्रवार को सौंदा बस्ती सेल संचालन समिती ने सयाल डी परियोजना पदाधिकारी सुबोध कुमार के साथ परामर्श विचार करते हुए सयाल डी चेकपोस्ट के समीप सीसीएल प्रबंधन के द्वारा लोकल सेल में लगने वाले ट्रकों के लिए पार्किंग स्थल का निरीक्षण किया। वहीं सीसीएल प्रबंधन के द्वारा चयनित स्थल का समतलीकरण कार्य शुरू किया गया।वहीं साथ में विस्थापित कार्यालय का स्थल चयनित कर कार्यालय निमार्ण कार्य जल्द शुरू करने का निर्देश दिया गया। इस दौरान परियोजना पदाधिकारी सुबोध कुमार ने कहा कि सयाल डी परियोजना में लोकल सेल चलाने के लिए सौंदा बस्ती के विस्थापितो ने सहमति बना ली है। वहीं आज ट्रकों के पार्किंग व विस्थापित कार्यालय के लिए जगह का चयन कर लिया गया है जिससे ट्रकों को पार्किंग करने में समस्या ना हो।और यहां पर जल्द ही निर्णय लेकर दो दिन के अंदर लोकल सेल चालू कर दिया जाएगा। वहीं यहां पावर प्रोजेक्ट के लिए तीस हजार टन कोयला और इ आक्सन में बीस हजार टन कोयला दिया जाएगा। वहीं बरका सयाल को 50 हजार टन कोयला का आफर दिया गया है और लोकल सेल में बीस हजार टन कोयला से ही सेल संचालन किया जाएगा।

## एजेकेएसएस के एक दिवसीय रेलीगढ़ा सम्मेलन में अरगड्डा क्षेत्र कमेटी हुई गठित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिददी :** अखिल झारखंड कोयला श्रमिक संघ (एजेकेएसएस) अरगड्डा क्षेत्र का एक दिवसीय सम्मेलन रेलीगढ़ा साधु कुटिया में आयोजित किया गया। अवसर पर एजेकेएसएस मुख्य अतिथि यूनियन के केंद्रीय अध्यक्ष रोशन लाल चौधरी, विशिष्ट अतिथि एजेकेएसएस महासचिव सतीश सिंह, आजसू नेता तिवारी महतो, कार्यकारिणी अध्यक्ष आरबी ठाकुर आदि उपस्थित थे। सम्मेलन में अरगड्डा क्षेत्र कमेटी गठन हुआ। इसमें अध्यक्ष गुड्डू यादव, कार्यकारी अध्यक्ष प्रेमचंद उपाध्यक्ष हरविंदर महतो, उपाध्यक्ष बुचू सिंह, अजय बेदिया, सचिव सत्येन्द्र महतो, सहसचिव गोपाल महतो, इंद्रजीत प्रसाद, रामजीत महतो, संगठन मंत्री राजा पाल, कोषाध्यक्ष गोपाल महतो आदि बने। संबोधन में केंद्रीय अध्यक्ष रोशन लाल चौधरी ने कहां कि सभी अरगड्डा क्षेत्र से यूनियन के पदाधिकारी कोयला खान में काम करने वाले मजदूरों के हक, अधिकार की लड़ाई संवैधानिक तरीके से लड़ने के लिए निरंतर जारी रखेगें। संगठन के विचार कार्य को सभी तक पहुंचाएंगे। साथ ही सभी नए पदाधिकारी से मजदूर हितों को लेकर संघर्ष करने का लगातार संघर्ष का आह्वान किया। मौके पर धीरेंद्र सिंह, संतोष कुमार, विजय कुमार विश्वकर्मा,आदि थे ।

## गुरु नानक देव जी के 555वें जन्मोत्सव को लेकर सातवे दिन निकाली गई प्रभात फेरी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** सिख धर्म के प्रवर्तक और सिखों के प्रथम गुरु श्री गुरुनानक देव के 555वे प्रकाशोत्सव पर सातवे दिन निकाली गई प्रभातफेरी। प्रभातफेरी के सातवे दिन आई लोगों में खासा उत्साह देखा गया लोगों में जमकर हिस्सा लिया संगत में और ढोल नगाड़े बजाते हुए शब्द ग्गायन करते हुए चल रहे थे, आज साध संगत में गजब एवं अनोखा नजारा दिख रहा था, पूरा छेत्र भक्तिमय के साथ साथ सबदो से गूंज रहा था, आज की प्रभात फेरी में गजब का उत्साह था साथ ही बड़ी संख्या में सिख समाज के पुरुष और महिला शामिल हुए. प्रभात फेरी में साध-संगत सबद गाते लोग चलते रहे. प्रभात फेरी में सबसे आगे कुज्जू गुरुद्वारा के पूर्व प्रधान सरदार रामदयाल सिंह चोपड़ा हाथों में निशान साहब लेकर संगत की अगुवाई कर आगे आगे चल रहे थे।तेरी सेवा तेरी सेवा मुकत भुगत जगत तेरी सेवा, तुम करो दया मेरे साई, ऐसी मत दीजे मेरे ठाकुर सदा सदा तुध धियाई, सेवक की अरदास प्यारे जप जीवा गुर चरण तुम्हारे, सिमरो सिमर सिमर सुख पावों, बिछड़े थे माधो बिछड़े थे शब्दों से पूरा क्षेत्र गूंजता रहा. लोगों में प्रफातफेरी को लेकर काफी उत्साह था. प्रभातफेरी गुरुद्वारा साहिब से निकल कर सुभाष चौक होते हुए बिजलियां सरदार इंद्रजीत सिंह कोहली के आवास पहुंची, सरदार कोहली परिवार की तरफ से प्रभात फेरी का स्वागत आतिशबाजी फूल माला एवं चाय नाश्ते के साथ कर साध संगत का स्वागत किया गया। गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी की ओर से गुरुचरण सिंह छाबड़ा ने सरदार इंद्रजीत सिंह कोहली को सरोपा देकर सम्मानित किया।

## पूर्व विधायक, रामगढ़ उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक ने शहीद सोबरन सोरेन के शहीदी स्थलका किया निरीक्षण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गोला :** आगामी 27 नवंबर को लुकैयाटांड,बरलंगा (गोला) में शहीद सोबरन सोरेन की शहादत दिवस मनाई जायेगी। इस शहादत दिवस की तैयारी का निरीक्षण करने रामगढ़ विधानसभा की पूर्व विधायक ममता देवी, रामगढ़ उपायुक्त चंदन कुमार, पुलिस अधीक्षक पियुष पाण्डेय, गोला(पूर्वी) की जिला परिषद सदस्य रेखा सोरेन, गोला अंचलाधिकारी समरेश प्रसाद भंडारी मुख्य रूप से पहुँचे। उनलोगों ने आगामी शहादत दिवस के दिन मुख्यमंत्री के आने की तैयारी के मद्देनजर स्थल का निरीक्षण किया। मौके पर झामुमो जिला अध्यक्ष बिनोद किस्कू, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष सतीश मुर्मू, मनोज कोटवार, मानिक पटेल, फखरुद्दीन अंसारी, लतीफ अंसारी सहित कई लोग मौजूद थे।

## शपथ पत्र

मैं राधेश्याम महतो पिता चुरामण महतो उम्र लगभग 50 वर्ष ग्राम सुइयाडीह, पोस्ट पेशम, थाना बिरनी, जिला गिरिडीह झारखंड का स्थाई निवासी हूं। मेरे बैंक पासबुक एवं वोटर आईडी कार्ड में मेरा नाम राधे महतो एवं आधार कार्ड में राधेश्याम महतो नाम दर्ज है। मैं अपने गांव में राधेश्याम महतो पिता चुरामण महतो एवं राधे महतो पिता चुरामण महतो दोनों नामों से जाना एवं पहचाना जाता हूं। अर्थात राधेश्याम महतो पिता चुरामण महतो एवं राधे महतो पिता चुरामण महतो एक हीं व्यक्ति का नाम है, जो मैं हीं हूं। मैं अपने दोनों नामों के लिए शपथ पत्र दे रहा हूं।

## ओशोधारा झारखंड प्रदेश की ऑनलाइन बैठक संपन्न

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** परम गुरु ओशो की अनुकम्पा एवं समर्थगुरु जी के आशीष से बीती रात आरंभित ओशोधारा मैत्री संघ झारखंड की ऑनलाइन बैठक आचार्यो एवं जिला कार्डिनेटर्स की उपस्थिति में सम्पन्न हुई। जूम पर आधारित इस बैठक का मुख्य उद्देश्य समर्थगुरु जी की छत्रछाया एवं दिशा-निर्देश पर पूरे झारखंड प्रदेश में ओशोधारा द्वारा आयोजित होने वाले ध्यान योग के कार्यक्रमों संबंधी परिचर्चा एवं विमर्श था। बैठक का संचालन कर रहे थे झारखंड के कोर्डिनेटर सह अंतरराष्ट्रीय मोटिवेशनल स्पीकर आचार्य अमरेश जी। अमरेश जी के आमंत्रण पर उपस्थित वरिष्ठ आचार्य ज्ञानामृत जी ने भावी आयोजनों के प्रति मंगलकामनाएं प्रकट की तथा कार्यक्रमों की उत्कृष्टता के लिए टीम वर्क को सर्वोपरि बताया। इसके पश्चात अमरेश जी ने कहा कि वर्तमान परिदृश्य में समय का सभी के पास आभाव है , आत्मकल्याण के लिए भी लोग समय नहीं निकाल पाते हैं। इन्हीं सब कारणों से समर्थगुरु जी ने पहले के छह दिवसीय कार्यक्रमों में परिवर्तन कर इसे तीन दिवसीय कार्यक्रमों का सुविधा जनक स्वरूप दिया है। यद्यपि मूल स्वरूप में परिवर्तन नहीं हुआ है , केवल आयोजन को गति प्रदान करने का उद्देश्य है। पहले के तीन आचार्यों के स्थान पर अब छह आचार्य समर्थगुरु जी के संदेश को विस्तार देंगे। उन्होंने यह भी कहा कि पूरे प्रदेश में अब दुगुने आयोजन किये जाने की योजना है। साथ ही प्रत्येक जिले में प्रति वर्ष अब दो आयोजन प्रस्तावित हैं। रामगढ़ जिले में होने वाला ओशो ध्यान योग का आयोजन नये वर्ष के प्रथम सप्ताह में होगा तथा तीन दिवसीय होगा। विशेष घोषणाएं बाद में होंगी , जिसके लिए आप सभी का सहयोग अपेक्षित है। बैठक में मुख्य रूप से आचार्य भूषण जी , आचार्य रवि जी , स्वामी यु पी सिंह , मनोज गुप्ता सहित कई अन्य जिलों तथा रामगढ़ जिले के सदस्य गण उपस्थित थे।




## रामगढ़ में फिर हुआ रफ्तार की कहर से एक की मौत

**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रामगढ़ में एक बार फिर दिखा रफ्तार की कहर का असर दुर्घटना में एक की मौत । जानकारी के अनुसार गुरुवार को देर रात रामगढ़ कोठार पुल के नीचे रांची साइड से आ रही ट्रेलर और ट्रक में जोरदार टक्कर हो गई जिससे ट्रक चालक के केबिन में ही फस गया और उसे बड़ी मुस्क्कत के बाद बाहर निकल गया । इलाज के लिए उसे अस्पताल ले गया जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। ट्रक संख्या HP 72 C 5920 जैसे ही कोठार पुल के पास टर्निंग में तेज रफ्तार से आगे बढ़ रहा था तो आगे वाले ट्रेलर से जाकर वह टकरा गया जिसे ड्राइवर अपने ही केबिन में फस गया और पीछे से एंगल लोहा उसके शरीर में घुस गया । जिसे पुलिस ने कैश कटर और पोकलेन मशीन की मदद से उसे बड़ी मुश्किल से बाहर निकाल। जिसकी मौत अस्पताल में हो गई। वही रामगढ़ थाना एसआई भावेश झा ने बताया कि ट्रक और टेलर की टक्कर में ट्रक चालक बुरी तरह से फस गया था उसे काफी मस्कत के बाद अस्पताल पहुंचाया गया जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया।

### पुलिस अधीक्षक यातायात का कार्यालय

**—: आवश्यक सूचना :—**

प्राप्त सूचनानुसार दिनांक–26.11.2023 को समय लगभग 12:30 बजे अपराह्न से 05:30 बजे अपराह्न तक 08 से 10 हजार की संख्या में पुरोहितगण, धर्मसंघी और कैथोलिक मसीही भाई–बहनों के द्वारा शोभा यात्रा एवं प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया है इस अवसर पर शोभा यात्रा निकलने वाले मार्ग संतमारिया महागिरिजाघर से पूरूलिया रोड होकर सर्जना चौक–अल्बर्ट एक्का चौक–पुराना हजारीबाग रोड–लालपुर चौक–डंगराटोली चौक से पुनः पुरूलिया रोड होकर लोयोला हॉस्टल तक की यातायात व्यवस्था निम्नवत् होगी :–

- ➢ पुरूलिया रोड में संतमारिया महागिरजाघर से सर्जना चौक–अल्बर्ट एक्का चौक–पुराना हजारीबाग रोड–लालपुर चौक–डंगराटोली चौक होकर लोयोला हॉस्टल तक शोभा यात्रा के लिये निर्धारित किया गया है, उपरोक्त मार्ग पर वाहनों के गमनागमन पर सामयिक पाबंदी लागाई जायेगी।
- ➢ उपरोक्त समयानुसार फिरायालाल चौक से पुराना हजारीबाग रोड होकर लालपुर चौक के तरफ जाने वाले वाहन जेल चौक–न्युक्लियस मॉल चौक–लालपुर चौक होकर गन्तव्य तक जा सकेंगे।

उरोक्त समयानुसार न्युक्लियस मॉल चौक से लालपुर चौक–डंगराटोली चौक होकर कांटाटोली चौक की ओर जाने वाले वाहन न्युक्लियस मॉल चौक–प्लाजा चौक–मिशन चौक–डंगराटोली चौक होकर गन्तव्य तक जा सकेंगे।

पुलिस अधीक्षक यातायात,
राँची।

PR 311934 Police(23-24)D

### कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
### पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, रामगढ़।

**सूचना**

एतद द्वारा सभी लाभूकों को सूचित किया जाता है कि माण्डू प्रखण्ड अन्तर्गत कुज्जु ग्रामीण जलापूर्ति योजना NHAI के द्वारा पाईप लाईन सिपिटिंग के कारण दिनांक 24.11.2023 से 02.12.2023 तक जलापूर्ति बंद रहेगी।

ह०/–
कार्यपालक अभियंता,
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, रामगढ।

PR 311931 (Drinking Water and Sanitation) 23-24 (D)

### पुलिस अधीक्षक यातायात का कार्यालय

**-: आवश्यक सूचना :-**

प्राप्त सूचनानुसार दिनांक–26.11.2023 को समय लगभग 12:30 बजे अपराह्न से 05:30 बजे अपराह्न तक 08 से 10 हजार की संख्या में पुरोहितगण, धर्मसंघी और कैथोलिक मसीही भाई–बहनों के द्वारा शोभा यात्रा एवं प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया है इस अवसर पर शोभा यात्रा निकलने वाले मार्ग संतमारिया महागिरिजाघर से पूरूलिया रोड होकर सर्जना चौक–अल्बर्ट एक्का चौक–पुराना हजारीबाग रोड–लालपुर चौक–डंगराटोली चौक से पुनः पुरूलिया रोड होकर लोयोला हॉस्टल तक की यातायात व्यवस्था निम्नवत् होगी :–

- ➢ पुरूलिया रोड में संतमारिया महागिरजाघर से सर्जना चौक–अल्बर्ट एक्का चौक–पुराना हजारीबाग रोड–लालपुर चौक–डंगराटोली चौक होकर लोयोला हॉस्टल तक शोभा यात्रा के लिये निर्धारित किया गया है, उपरोक्त मार्ग पर वाहनों के गमनागमन पर सामयिक पाबंदी लागाई जायेगी।
- ➢ उपरोक्त समयानुसार फिरायालाल चौक से पुराना हजारीबाग रोड होकर लालपुर चौक के तरफ जाने वाले वाहन जेल चौक–न्युक्लियस मॉल चौक–लालपुर चौक होकर गन्तव्य तक जा सकेंगे।
- ➢ उरोक्त समयानुसार न्युक्लियस मॉल चौक से लालपुर चौक–डंगराटोली चौक होकर कांटाटोली चौक की ओर जाने वाले वाहन न्युक्लियस मॉल चौक–प्लाजा चौक–मिशन चौक–डंगराटोली चौक होकर गन्तव्य तक जा सकेंगे।

पुलिस अधीक्षक यातायात,
राँची

PR 311932 Police (23-24)_D

### OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER MINOR IRRIGATION DIVISION, RAMGARH

**e-Procurement Notice**

**Tender Reference No. WRD/MID/ RAMGARH F2 - 01/2023-24 Date :- 24/11/2023**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Name of the work | Construction of Check Dam on Gomati Nala Near Betulkalan, Block- Gola, Dist- Ramgarh |
| 2. | Estimated Cost (Rs. In Lakhs) | Rs. 52.141 Lakhs |
| 3. | Time of Completion | 335 Days |
| 4. | Date of Publication of E-Tender on website | 07/12/2023 (2:00 PM) |
| 5. | Last date/Time for submission of E-Tender Bids | 21/12/2023 (up to 5:00 PM) |
| 6. | Online submission of Tender Fee and EMD | e-Procurement portal (http://jharkhandtenders.gov.in) 21/12/2023 (up to 5:00 PM) |
| 7. | Date of opening of e-tender | 22/12/2023 (2:00 PM) |
| 8. | Name & address of office in inviting tender | Executive Engineer Minor Irrigation Division, Ramgarh |
| 9. | Contact number & Email ID of e-procurement officer | 06553-231173/8292457160 eemidramgarh24408@gmail.com |
| 10. | Helpline number of e-procurement cell | 0651-2491232 |

Note :- (1) Only e-Tenders will be accepted.
(2) Published Estimated Cost may Increase or Decrease.

Further details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in

ह०/–
कार्यपालक अभियन्ता
लघु सिंचाई प्रमण्डल, रामगढ़

PR311960 (Minor Irrigation)23-24*D

### कार्यालय, जिला शिक्षा पदाधिकारी, चतरा
### वी०जे० इंस्टीच्यूट भवन, पुराना कचहरी परिसर, चतरा

Email Id- deo-chatra@jharkhandmail.gov.in

**इच्छा की अभिव्यक्ति (EOI)**
**(अति अल्पकालीन)**

**UPSC-CSE/JPSC/BPSC and career counselling हेतु Integrated Coaching Program हेतु पुर्ननिविदा सूचना (3rd Call)**

DMFT मद अन्तर्गत चतरा जिला के ईच्छुक छात्र/छात्राओ के लिये UPSC-CSE/JPSC/BPSC and career counseling हेतु Integrated Coaching Program के लिए ईच्छुक संस्था/एन0जी0ओ0/फर्म/कम्पनी से कार्य/सेवा हेतु प्रस्ताव आमंत्रित किया जाता है–

| | | | |
|---|---|---|---|
| I | इच्छा की अभिव्यक्ति जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय | : | 11.12.2023, अपराह्न 3.00 बजे तक |
| II | इच्छा की अभिव्यक्ति जमा करने का स्थान | : | कार्यालय, जिला शिक्षा पदाधिकारी, चतरा। |
| III | इच्छा की अभिव्यक्ति खोलने एवं प्रस्तुतीकरण की तिथि एवं समय | : | 12.12.2023, अपराह्न् 12.00 बजे |
| IV | इच्छा की अभिव्यक्ति खोलने का स्थान | : | DRDA Conference Hall, Chatra |

| Name of Work | Target (न्यूनतम) |
|---|---|
| Coaching for UPSC-CSE/JPSC/BPSC | 200 |

नोट :– उक्त ईच्छा की अभिव्यक्ति से संबंधित अन्य शर्त एवं कार्य का विस्तृत विवरणी www.chatra.nic.in पर देखा जा सकता है।

जिला शिक्षा पदाधिकारी,
चतरा।

PR.NO.311927 School Education and Literacy(23-24):D

### कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,
### ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, चतरा

**ई– अति अल्पकालीन् पुनर्निविदा आमंत्रण सूचना**

**ई–अति अल्पकालीन् पुनर्निविदा संख्या–17/RII/2023-24/RWD/CHATRA**

**दिनांक–24.11.2023**

कार्यपालक अभियन्ता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, चतरा द्वारा जिला खनिज फाउण्डेशन ट्रस्ट (DMFT) मद अन्तर्गत् निम्न विवरण के अनुसार e-procurement पद्धति से पुनर्निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र॰ सं॰ | आईडेन्टिफिकेशन संख्या/ पैकेज संख्या | प्रखण्ड | पंचायत | ग्राम | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) | | कार्य समाप्ति की अवधि | कॉल सं॰ |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | अंक में | अक्षर में | | |
| 1. | RWD/ CHATRA/ 2022-23/09 | हण्टरगंज | मीरपुर | जजलो | जजलो मुखिया पथ से गहरी नदी तक पी॰सी॰सी॰ पथ निर्माण कार्य। (ल॰–0. 820 कि॰मी॰)। | 7926700.00 | उनासी लाख छब्बीस हजार सात सौ मात्र | 06 माह | तृतीय |

2. वेबसाईट में पुनर्निविदा प्रकाशन की तिथि :– **02.12.2023**
3. ई–पुनर्निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :– **09.12.2023 अपराह्न 5.00 बजे तक।**
4. ई–पुनर्निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– **11.12.2023 पूर्वाह्न 3.30 बजे।**
5. ई–पुनर्निविदा आमंत्रित करनेवाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– **कार्यपालक अभियन्ता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, चतरा, द्वितीय तल, विकास भवन, चतरा।**
6. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष संख्या :– 06541-296208

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट **www.jharkhandtenders.gov.in** में देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण कार्य विभाग,कार्य प्रमण्डल, चतरा

PR311973 (Rural Work Department)23-24*D

## बच्चों के परीक्षा से पहले सभी शिक्षकों को स्वास्थ्य प्रमाण पत्र देना अनिवार्य : प्राचार्य ए. के. मिश्रा



**झरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** टाटा डीएवी विद्यालय आकस्मिक राहत कक्ष का टाटा स्टील झरिया के संतोष महतो ने फीता काट कर वैदिक मन्त्रोच्चार के साथ उद्घाटन किया। विद्यालय के प्राचार्य ए. के. मिश्रा ने राहत कक्ष के महत्व से सभी को अवगत कराया। उन्होने कहा की अचानक छात्र छात्राओ के बीमार पड़ जाने या खेल के दौरान चोट लगने के कारण आकस्मिक राहत कक्ष में लाया जायेगा। जहां उन्हें बायोलॉजी के शिक्षक व शिक्षिका प्रथमिक उपचार करेगे। उसके बाद उसके अभिवाक को फोन कर इसकी सुचना दी जाएगी एवं उसकी पूरी जानकारी रजिस्टर में लिखा जायेगा। साथ ही बेहतर इलाज के लिए नजदीकी स्वस्थ केंद्र में भर्ती कराया जायेगा। श्री ए. के. मिश्रा ने कहा की बच्चो के परीक्षा से पहले सभी शिक्षकों को स्वास्थ्य प्रमाण पत्र देना अनिवार्य होगा। ताकि दोबारा किसी तरह की घटना ना घटे। श्री संतोष महतो ने कहा की हाल ही मे भौतिक शास्त्र के शिक्षक एसएन झा की क्लास करने के दैरान हार्ट फेल कर जाने से मौत हो गई थी। आप लोग अपना ध्यान रखे और कम से कम प्रत्येक वर्ष अपना स्वास्थ्य जाँच ज़रूर कराए ताकि सही समय पर बीमारी का पता चल सके। मौके पर पप्पु राय, हरीश चंद्र मिश्रा, संजय मिश्रा सहित स्कूल के सभी सदस्य मौजुद थे।

## मनरेगा एवं 15वीं वित योजना में भारी गड़बड़ी अवैध निकासी की गई राशि जब्त

**बिरनी(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** प्रखंड क्षेत्र के बरहमसिया पंचायत में 15 वीं वित योजना एवं मनरेगा योजना में भारी गड़बड़ी का खुलासा होने के बाद स्थानीय मुखिया को अवैध रूप से निकासी की गई राशि को वापस जमा करना पड़ा। आपको बता दें कि ग्राम झांझ में योजना संख्या 03/22-23 जो मुखिया विष्णुदेव वर्मा ने अपनी निजी जमीन पर निजी कूप का मरम्मत 15 वीं वित योजना मद से करवा लिया था। जिसे प्रखंड विकास पदाधिकारी सुनील वर्मा ने निजी कूप मरम्मती को अवैध करार देते हुए निर्गत की गई राशि को जब्त करने का आदेश दिया था। वहीं दूसरी ओर जटाडीह में बिरेंद्र यादव के जमीन पर डोभा निर्माण एवं ग्राम झांझ में देवेंद्र प्रसाद वर्मा के जमीन पर डोभा निर्माण में अवैध रूप से हजारों रुपए की निकासी कर ली गई थी। जिसे मुखिया विष्णुदेव वर्मा, पंचायत सचिव तुलसी कुमार राम, रोजगार सेवक बसंत सिन्हा, मेठ नीतू कुमारी, मेठ सुनीता देवी को 12 प्रतिशत ब्याज एवं 1000 - 1000 रुपए आर्थिक दंड के साथ अवैध निकासी की गई संपूर्ण राशि को नाजिर रशीद के साथ जमा करने का आदेश दिया था। इस बीच पूर्व मुखिया सह सांसद प्रतिनिधि खाद्य आपूर्ति विभाग प्रेमचंद प्रसाद कुशवाहा ने कहा कि एक दो हीं नहीं बल्कि पंचायत में संचालित अधिकांश योजनाओं में काफी गड़बड़ी की है। अगर सभी योजनाओं को ईमानदारी पूर्वक जांच की जाए तो और भी गड़बड़ियां उजागर हो सकती है।

## आदित्य ड्रग पॉइंट में निःशुल्क शिविर का आयोजन



**गिरिडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** बेंगाबाद प्रखण्ड अंतर्गत छोटकी खरगडीहा में आदित्य ड्रग पॉइंट में निःशुल्क कैम्प का आयोजन किया गया। इसका उद्घाटन उप प्रमुख प्रतिनिधि जैनुल अंसारी, मुखिया प्रतिनिधि महेंद्र प्रसाद वर्मा ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। आयोजित के तहत इस कैम्प में पंचायत के विभिन्न गांवों से आये मरीजो ने स्त्री रोग के विशेषज्ञ डॉ अनामिका वर्मा , जेनरल फिजिसियन डॉ एन के यादव के द्वारा मरीजो का इलाज किया गया।इधर आदित्या ड्रग पॉइंट के संस्थापक स्वर्गीय डॉ बासुदेव महतो के याद में उनके सुपुत्र मनोहर वर्मा के द्वारा छोटकी खरगडीहा हौंडा शोरूम के नजदीक आदित्य ड्रग पॉइंट में दो विशेषज्ञ डॉक्टर अपनी सेवाएं देंगे।उन्होंने बताया कि ग्रामीण क्षेत्र में इधर से लोगो को गिरिडीह जाना पड़ता था इलाज को लेकर लेकिन अब गिरिडीह बड़े शहरों के जैसा अच्छे अच्छे एमबीबीएस डॉक्टर के द्वारा मरीजो का इलाज कम खर्च में होगा।उन्होंने बताया कि स्त्री रोग के लिए प्रतेयक रविवार को डॉ अनामिका वर्मा द्वारा इलाज किया जाएगा । जेनरल फिजिसियन डॉ एन के यादव सप्ताह में सोमवार , बुधवार और शुक्रवार को इलाज करेंगे।

## स्वतंत्रता सेनानी बाबू वीर कुंवर सिंह की विशाल प्रतिमा स्थापित करने के लिए भूमि पूजन



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** वीर कुंवर सिंह नगर के मुख्य द्वार पी के रॉय कालेज के पास महान स्वतंत्रता सेनानी बाबू वीर कुंवर सिंह की विशाल प्रतिमा लगाने के लिए वीर कुंवर सिंह नगर के वासियों ने भूमि पूजन किया। सुबह 10 बजे भूमि पूजन का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। पंडित नवल किशोर तिवारी ने पुरे विधि विधान के साथ पूजा सम्पन्न कराया। यजमान के रूप में कॉलोनी के अरविंद कुमार सिंह उर्फ छोटे सिंह पुजा पर बैठे। कॉलोनी के उमेश सिंह ने बताया कि पूरे कॉलोनी के लोगों के आपसी सहयोग विशाल प्रतीमा का निमार्ण कराया जायेगा। पुरे कॉलोनी के तन मन धन से सहयोग कर रहे हैं। बहुत जल्द महान स्वतंत्रता सेनानी बाबू वीर कुंवर सिंह की विशाल प्रतिमा लगाकर उसका पूरे धूम धाम से अनावरण किया जाएगा। भूमि पूजन कार्यक्रम में रासबिहारी सिंह, प्रेम सिंह, नागेश्वर सिंह, विनय सिंह, गोपाल दुबे, रेवती रमण सिंह, निराला जी, विजय दुबे, संजीत सिंह, रमाशंकर तिवारी, मनोज सिंह, अरविंद सिंह, मनी सिंह, नथुनी सिंह, सतीश सिंह, सुमित पांडेय, संजय सिंह, बबलू सिंह, दिपक सिंह सहित कॉलोनी के सभी लोग उपस्थित रहे।

# टुंडी में पुनः हाथियों के आगमन को लेकर घरों में रहने को मजबूर ग्रामीण



**दीपक पाण्डेय@प्रभात मंत्र**

**टुंडी :** पश्चिमी टुंडी के मनियांडीह थाना क्षेत्र अंतर्गत जाताखूंटी बराकर नदी के आसपास जंगली हाथियों के झुंडों द्वारा दोबारा डेरा डाल दिए जाने से ग्रामीणों में किसी अनहोनी का डर सताने लगा है । बताया जाता कि हाथियों का झुंड कई दिनों से टुंडी प्रखंडों के इर्द-गिर्द ही डेरा डाले हुए हैं मुखिया प्रतिनिधि शक्ति हेंब्रम ने संवाददाता को बताया कि बिगत रात्रि लगभग 11:00 बजे जंगली हाथियों का झुंड हजारीबाग की सीमा की ओर से गुलियाडीह गांव में प्रवेश किया जहां सुजीत सिंह ,समर कोल, सीरीज भोक्ता के खेतों में लगे धान की फसलों को पहले तो अपना आहार बनाया बाकी फसलों को पहले पैरों तले रौंद डाला वहीं सूचना मिलने बाद करीब तीन घंटा विलंब से वन विभाग के द्वारा मसालची भेजा गया फिलहाल मुखिया प्रतिनिधि शक्ति हेंब्रम ने वन विभाग टुंडी को दूरभाष पर हाथियों के द्वारा किए गए नुकसान की घटना की सूचना दे दिया है ।

## हाथियों के झुण्ड ने केला के बगान व धान के फसल को किया नष्ट, किसान परेशान

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बगोदर/गिरिडीह :** बगोदर प्रखंड के बेंको पूर्वी व बेंको पश्चिमी पंचायत के अंतर्गत आधा दर्जन से अधिक किसानों के धान व अन्य फसलों को नष्ट किया है जबकि बेको पश्चिमी पंचायत के बेहतर किसान के नाम से क्षेत्र पहचान बनाने वाले किसान मनीष के कैले के बागान को भी नष्ट कर दिया है जबकि स्ट्रॉबेरी और मटर के पौधे को भी काफी नुकशान कर दिया है वही ड्रिप ऐरिकेशन के पाइप को भी क्षतिग्रस्त पहुंचा दिया है । किसान मनीष का कहना है कि हाथियों के झुंड रात्रि में आ गया और मेरे फसल को बर्बाद कर दिया इससे लगभग 2 लाख से अधिक रुपए का नुकसान हुआ है ।बताया जाता है कि हाथियों के झुंड के द्वारा लगातार किसानों के फसलों निशाना बनाया जा रहा है बेको पश्चिमी पंसस इस्तियाक अंसारी ने कहा कि पिछले एक महीने से हाथियों का झूण्ड इसी क्षेत्र में घूम फिर के रह रहा है और किसानों के फसलों को नष्ट कर रहा है इससे क्षेत्र के किसान परेशान हो गया हैं दूसरी तरफ भय का माहौल बना हुआ है ।वही अभी धान काटने का समय है और क्षेत्र में हाथियों का झूण्ड पहुंचने से लोगों में दहस्त का महौल बना हुआ है । जब सुबह महिलाओं ने अपने धान काटने के लिए खेत पहुंच रही थी तो पता चला का कारी पहरी तरफ हाथियों का झूण्ड जंगल में अपना बसेरा बनाया हुआ है ।

तो डरे सहमें खेत पहुंची है । वही बताया जाता है कि हाथियों के झुण्ड से बेको पूर्वी पश्चिमी पंचायत के आधा दर्जन से अधिक किसानों के धान के फसल को नष्ट किया है जिसमें मनीष कुमार साव अशोक कुमार यादव कैला साव माथुर साव जागेश्वर यादव योगेंद्र यादव संतोष यादव रूपलाल साव सहित कई किसान है जिनका धान के फसल को नष्ट किया है।

## झारखंड अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव सह अवार्डस का 16 व 17 दिसंबर को धनबाद में होगा आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** छठा झारखण्ड अन्तर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव व अवार्डस का आयोजन 16-17 दिसम्बर को धनबाद में होगा। पूरी दुनियां की 44 चुनिंदा फिल्मो के प्रदर्शन के साथ साथ झारखण्ड की फिल्मो का प्रदर्शन एवं 17 दिसंबर को अवार्ड संघ का आयोजन होगा। शोले के निर्देशक रमेश सिप्पी जहाँ फिल्म मेकिंग का निःशुल्क वर्कशॉप करेंगे, वहीं जोनी लीवर, गुलशन ग्रोवर, पूनम ढिल्लन, त्रिधा चौधरी और अली खान सेलेब्रटी गेस्ट के रूप में पधार कर झारखण्ड के कलाकारों फिल्मकारों की हौसला अफजाई करेंगे। राज्यपाल एवं कला संस्कृति मंत्री हफीजुल हसन महोत्सव के मुख्य अतिथि व विशिष्ट अतिथि होंगे। आयोजन समिति के कार्यक्रम प्रमुख राज सिन्हा एवं सदस्य शाहरुख ने शुक्रवार को गांधी सेवा सदन में बताया कि 17 दिसंबर को संध्या 7 बजे से अवार्ड संध्या सह नृत्य संगीत संध्या का आयोजन होगा जिसमे महामहिम राज्यपाल, झारखण्ड को आमंत्रित किया गया है। गौरतलब है कि पिछले तीन वर्षो से तत्कालीन महामहिम राज्यपाल इस महोत्सव के अवार्ड संध्या में मुख्या अतिथि के रूप में पधारते रहे हैं जो अब एक परंपरा सी बन गयी है। इस अवसर पर शेफाली जरीवाला (कांटा लगा फेम) द्वारा नृत्य प्रस्तुति और कुमार शानू के गाने कि प्रस्तुति अवार्ड संध्या को रंगीन बना देगी।

# कार्तिक पूर्णिमा मेला के अवसर पर 13 पैसेंजर मेला स्पेशल ट्रेनों का परिचालन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हाजीपुर :** सोनपुर में लगने वाले कार्तिक पूर्णिमा मेला के अवसर पर होने वाली यात्रियों की भारी भीड के मद्देनजर पूर्व मध्य रेल द्वारा 27 नवम्बर, 2023 को 13 पैसेंजर मेला स्पेशल का परिचालन किया जा रहा है । इसके अलावा दिनांक 27 नवम्बर को छपरा-हाजीपुर-मुजफ्फरपुर एवं सोनपुर-बछवारा-बरौनी खंड पर अस्थायी रूप से कुछ नियमित गाड़ियों का एक-एक मिनट के लिए अतिरिक्त ठहराव दिया जा रहा है ।

**कार्तिक पूर्णिमा मेला स्पेशल का परिचालन :-** 1. गाड़ी सं. 05202/05201 सोनपुर-मुजफ्फरपुर-सोनपुर कार्तिक पूर्णिमा मेला स्पेशल - गाड़ी सं. 05202 सोनपुर-मुजफ्फरपुर कार्तिक पूर्णिमा मेला स्पेशल ट्रेन दिनांक 27 नवम्बर को सोनपुर से 00.45 बजे खुलकर हाजीपुर, घोसवर हाल्ट, सराय, बिठौली, भगवानपुर, बेनीपट्टी, गोरौल, कुढ़नी, तुर्की और रामदयालू नगर रूकते हुये 02.40 बजे मुजफ्फरपुर पहुंचेगी । वापसी में, यह गाड़ी 05201 मुजफ्फरपुर-सोनपुर कार्तिक पूर्णिमा मेला स्पेशल ट्रेन दिनांक 27 नवम्बर को मुजफ्फरपुर से 03.00 बजे खुलकर उपरोक्त स्टेशन/हॉल्ट पर रूकते हुये 04.40 बजे सोनपुर पहुंचेगी ।

2. गाड़ी सं. 05203/05204 सोनपुर-छपरा-सोनपुर कार्तिक पूर्णिमा मेला स्पेशल - गाड़ी सं. 05203 सोनपुर-छपरा कार्तिक पूर्णिमा मेला स्पेशल दिनांक 27 नवम्बर को सोनपुर से 00.15 बजे खुलकर परमानन्दपुर, नयागांव, शीतलपुर, दीघवारा, अम्बिका भवानी हॉल्ट, अवतारनगर, पंचपटिया, बड़ागोपाल, डुमरी जुवारा हाल्ट, गोल्डिनगंज, छपरा ग्रामीण और छपरा कचहरी रूकते हुये 02.30 बजे छपरा पहुंचेगी । वापसी में यह गाड़ी 05204 छपरा-सोनपुर कार्तिक पूर्णिमा मेला स्पेशल 27 नवम्बर को छपरा से 03.45 बजे खुलकर उपरोक्त स्टेशन/हॉल्ट पर रूकते हुये 06.38 बजे सोनपुर पहुंचेगी ।

3. गाड़ी सं. 05205/05206 सोनपुर-पाटलीपुत्र-सोनपुर कार्तिक पूर्णिमा मेला स्पेशल- गाड़ी सं. 05205 सोनपुर-पाटलीपुत्र कार्तिक पूर्णिमा मेला स्पेशल 27 नवम्बर को सोनपुर से 00.10 बजे खुलकर पहलेजाघाट, दीघाब्रिज हॉल्ट रूकते हुये 00.50 बजे पाटलीपुत्र पहुंचेगी । वापसी में 05206 पाटलीपुत्र-सोनपुर कार्तिक पूर्णिमा मेला स्पेशल 27 नवम्बर को पाटलीपुत्र से 01.05 बजे खुलकर उपरोक्त स्टेशन/हॉल्ट पर रूकते हुये 01.50 बजे सोनपुर पहुंचेगी ।

## टुंडी की लिखोनी मंझियान ने दबंगों के खिलाफ थाना में दिया आवेदन, लगाई हक दिलाने की गुहार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**टुंडी :** टुंडी प्रखंड के लुकैया पंचायत अंतर्गत काशीटांड गांव निवासी लिखोनी मंझियान ने आज शुक्रवार को स्थानीय मुखिया मनोज मुर्मू टुंडी झामुमो प्रखंड अध्यक्ष लोलिन बास्की की संयुक्त उपस्थिति में अपने जमीन पर दखल दिलाने के लिए टुंडी थाना में दबंगों के खिलाफ एक लिखित आवेदन दिया ।प्राप्त समाचार के अनुसार टुंडी के लिखोनी मंझियान आज 10 सालों से अपने ही जमीन पर दखल हासिल करने के लिए दर-दर भटकने को मजबूर हो गई हैं। सबसे आश्चर्यजनक बात यह है कि अपने ही खेतों में लगाई गई धान की फसल को भी दबंगों द्वारा काट लेने की चिंता इन्हें हर समय सता रही है आज सभी जनप्रतिनिधियों के पास न्याय के लिए भटक रही है इसी के आलोक में आज टुंडी थाना में थाना प्रभारी की अनुपस्थिति में एएसआई गबरीयल भाखला को मुखिया एवं प्रखंड अध्यक्ष की उपस्थिति में दबंगों के खिलाफ लिखित आवेदन दिया एवं जमीन के कागजात भी जमा कर जल्द न्याय दिलाने की मांग टुंडी थाना प्रभारी से किया । मौके पर लूकैया मुखिया मनोज मुर्मू, टुंडी झामुमो प्रखंड अध्यक्ष लोलिन बास्की, धनेश्वर मंडल आदि गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## सरकार आपके द्वार कार्यक्रम की हुई शुरुवात



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिरिडीह :** सरकार द्वारा चल रहे ÷सरकार आपके द्वार ÷कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन गिरिडीह विधायक सुदिव्य कुमार सोनू ने किया द्य मौके पर उप नगर आयुक्त स्मृता कुमारी भी मौजूद थी । इस दौरान उन्होंने सभी स्टालों का जायजा लिया, कई शिकायतकर्ता एवं लाभुकों से बात की एवं तत्काल उनकी समस्याओं तथा अन्य योजनाओं को पंजीकृत करवाया। साथ ही लोगों को संबोधित करते हुए उन्होंने अबुवा आवास योजना और किशोरी समृद्धि योजना से संबंधित नए अपडेट के बारे में लोगों को बताया और ज्यादा से ज्यादा पंजीकृत करवाने की अपील की तथा कर्मचारियों को पावती रसीद देने का आदेश दिया।

## असर्फी कैंसर संस्थान में कैंसर स्वास्थ्य परिचर्चा का आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** असर्फी कैंसर संस्थान, रँगूनी, भूली में कैंसर जागरूकता पर स्वास्थ्य परिचर्चा का आयोजन किया गया। सी.ई.ओ हरेंद्र सिंह ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए लोगो को जागरूक किया की अब वही तरीका वही इलाज़ धनबाद के असर्फी कैंसर संस्थान में सम्भव है जिससे लोगो को अब बाहर की ओर रुख करने की आवश्यकता नहीं हैं। असर्फी कैंसर संस्थान, धनबाद में अब एक ही छत के निचे कैंसर रोग के सभी इलाज की सुविधाएं उपलब्ध है। स्वास्थ्य परिचर्चा में कैंसर रोग के लक्षण, उपाय, अथवा इलाज़ से संबंधित जानकारी के प्रति सभी लोगो को



जागरूक किया गया। स्वास्थ्य परिचर्चा में अलग अलग क्षेत्रो से आये विभिन्न विभाग के 53 डॉक्टरों ने भाग लिया। आये हुए सभी डॉक्टरों को असर्फी कैंसर संस्थान प्रबंधन द्वारा उनका स्वागत एवं सम्मान किया गया। सभी डॉक्टरों को कैंसर संस्थान की सुविधाओं से अवगत कराया गया। सभी को संस्थान में लगे उपकरण भी दिखाया गया। सेमीनार में मुख्य रूप से असर्फी कैंसर संस्थान के कैंसर रोग विशेषज्ञ डॉ.बिप्लब मिश्रा, डॉ.शिबाजी बासु एवं डॉ.रमेश कुमार ने कैंसर रोग से संबंधित जांच, कारण, उससे बचने के उपाए एवं इलाज़ के बारे में बताया। असर्फी कैंसर संस्थान में सभी प्रकार के कैंसर के इलाज़ के लिए रेडियोथेरेपी, केमोथेरेपी अथवा टारगेट थेरेपी एवं सभी प्रकार के कैंसर के सर्जरी की सुविधा उपलब्ध है। कार्यक्रम में असर्फी कैंसर संस्थान के कैंसर रोग विशेषज्ञ, सी.ई.ओ हरेंद्र सिंह, वाईस प्रेसिडेंट सुभांशु रॉय, कॉर्पोरेट हेड संतोष सिंह, ए.जी.एम उपायुक्ता एवं शुभानकरनाथ, मुख्तार, सईद, मुकेश, शुशांत आदि मौजूद थे।

## झामुमो के प्रखंड सचिव विद्यालय का निरीक्षण किया



**गांवा(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** गांवा प्रखंड के गोरियाचूं जाकर झारखंड मुक्ति मोर्चा के प्रखंड संगठन सचिव गिरधारी दास दिन शुक्रवार नको उत्क्रमित गोरियाचु विद्यालय के प्रांगण में पार्टी की बैठक हुवी साथ ही स्थल निरीक्षण के दौरान विद्यालय में सुचारू रूप से पाया गया और शिक्षा व्यवस्था भी दुरुस्त पाया। गिरधारी दास विद्यालय के शिक्षक बच्चों के साथ बैठकर मध्यन भोजन भी किया। बच्चों के साथ मध्य भोजन खाकर विधालय की प्रशंसा की साथ झारखंड मुक्ति मोर्चा के गांवा प्रखंड के युवा मोर्चा के उपाध्यक्ष ब्रह्मदेव टुडू, प्रधान शिक्षक श्याम देव राय, सहायक शिक्षक बृजेश कुमार और बच्चे उपस्थित थे।

## बाल ट्रैफिकिंग के रोकथाम पर एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**महुदा :** बाघमारा प्रखंड अंतर्गत कांड्रा पंचायत सचिवालय मे स्वभिमान संस्था के द्वारा माई च्वाईस फॉउन्डेशन के सहयोग से बाल ट्रैफिकिंग के रोकथाम पर एक दिवसीय स्टेक होल्डर प्रशिक्षण शिविर के कार्यक्रम का आयोजन किया गया । इस अवसर पर संस्था की ओर से झारखण्डी संस्कृति के तहत उपास्थित अतिथीयों को चन्दन तिलक लगा कर पुष्प वर्षा से स्वागत किया गया । उसके बाद अतिथीयों के द्वारा दिप प्रज्वलित कर प्राशिक्षण शिविर का उदघाटन किया गया । स्वभिमान संस्था के सचिव सुषमा देवी ने प्रशिक्षण के विषय पर प्रकाश डाला । शिविर के प्रतिभागीयों ने चाट पैपर पर चित्र बनाकर बाल ट्रेफिकिंग का रोकथाम से सम्बन्धित जागरूकता प्रदर्शित किया गया। डॉ0 काशी नाथ चटर्जी ने अपने सम्बोधन मे स्वभिमान संस्था द्वारा चलाये जा रहे अभियान का सराहना किया ।

## सीआरपीएफ द्वारा 15वीं जनजाति युवा प्रदान कार्यक्रम के तहत गिरिडीह से 20 सदस्यीय दल कोलकाता रवाना

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिरिडीह :** शुक्रवार को 7वीं बटालियन केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल गिरिडीह के द्वारा 15वीं जनजातीय युवा आदान प्रदान कार्यक्रम में पांचवा कोलकता के लिए 12 युवा एवं 8 युवतियां को भेजा गया। वही बताया गया कि कोलकाता में 24 नवंबर से 30 नवंबर तक कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। जिसमें सीआरपीएफ एवं नेहरू युवा केन्द्र संगठन के द्वारा आयोजित नक्सल प्रभावित राज्यो के आदिवासी युवा व युवतियों को देश के चुनिदा शहरी में भृमण कराकर कला व संस्कृति की



जानकारी दी जाएगी। बताया गया की इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य है विभिन्न गतिविधियों कौशल विकास ,शैक्षणिक ओर रोजगार के अवसरों पर धयान केंद्रित करते हुए देश के3 विभिन्न राज्यो में हो रही तकनीकी और औद्योगिक उन्नति को आदिवासी युवा व युवतियों के समक्ष उजागर करना है। मौके पर कार्यक्रम में सीआरपीएफ 7वीं बटालियन के सूबेदार मेजर , पन्नालाल ठाकुर, चन्द्रशेखर सिंह, नेहरू युवा केन्द्र से नैयर परवेज समेत सीआरपीएफ के जवान उपस्थित थे।

प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com



# भंडरा प्रखंड में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**भंडरा-लोहरदगा :** जिले के भंडरा प्रखंड अंतर्गत भीठा पंचायत में शुक्रवार को आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि जिला परिषद सदस्य राजमनी उरांव, प्रखंड प्रमुख बरिया देवी, बीडीओ रंजीत कुमार सिन्हा, सीओ दिनेश प्रसाद गुप्ता व जेएमएम प्रखंड अध्यक्ष परवेज अंसारी द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस दौरान प्रखंड प्रशासन द्वारा आम जनता की समस्याओं को निराकरण को लेकर आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में मनरेगा, सिंचाई कूप, अबुआ आवास, 15 वीं वित्त आयोग, कृषि ऋ ण, सामाजिक सुरक्षा, कल्याण विभाग, दिव्यंका प्रमाण पत्र, जन्म-मृत्यु पंजीकरण, बाल विकास परियोजना, जेएसएलपीएस, पशुपालन विभाग, खाद आपूर्ति विभाग, शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वच्छ भारत मिशन, आयुष्मान कार्ड, आधार पंजीकरण, राजस्व, निर्वाचन विभाग द्वारा स्टाल लगाकर ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान किया गया। इस दौरान ग्रामीणों ने राशन कार्ड, अबुआ आवास, वृद्धा पेंशन सहित अपने-अपने समस्याओं से संबंधित आवेदन जमा किया। जिसे प्रखंड प्रशासन द्वारा ऑन द स्पॉट निराकरण भी किया कराया गया। मौके पर जिला परिषद सदस्य राजमनी उरांव ने कहा कि जनता की समस्याओं के समाधान के लिए जिला प्रशासन के अलावे पंचायत जनप्रतिनिधि संकल्पित है। गांव के ग्रामीणों की समस्याओं के निराकरण करने के उद्देश्य से ही पंचायत स्तर पर कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें विभागवार अधिकारी ग्रामीणों की समस्याओं का निराकरण कर रहे हैं। ग्रामीण अपनी समस्याओं को शिविर में निःसंकोच रखें। उन्हें होने वाली हर समस्याओं का निदान प्रखंड प्रशासन द्वारा किया जाएगा। बीडीओ रंजीत कुमार सिन्हा ने कहा कि प्रखंड प्रशासन ग्रामीणों की समस्याओं के निदान के लिए कृत संकल्पित है। ग्रामीण अपनी समस्या को शिविर के माध्यम से जानकारी दें, ताकि उनकी समस्याओं का निराकरण प्रखंड प्रशासन द्वारा किया जा सके। इस दौरान उन्होंने सरकार द्वारा संचालित विभिन्न विभाग द्वारा संचालित योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दिया। मौके पर रउफ मिरदाहा, एलईओ नीता सरकार, पर्यवेक्षिका नीलम मिंज, डा. ओम कुमार, बीपीओ अभिषेक किशोर, अरुण प्रसाद, टेले उरांव सहित काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

## निशिथ जायसवाल ने आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का किया शुभारंभ




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम 3 का शुभारंभ आज 24 नवंबर 2023 को कुडु प्रखंड के सलगी पंचायत में किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक सह मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव के प्रतिनिधि निशीथ जायसवाल, जिला परिषद अध्यक्ष रीना भगत, जिला कल्याण पदाधिकारी नारायण राम, कूडू उप प्रमुख ऐनुल अंसारी, असलम अंसारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी, प्रखंड अंचला अधिकारी, पंचायत अध्यक्ष प्रमोद साहू एवं काफी संख्या में कांग्रेस पार्टी कार्यकर्ता एवं आम ग्रामीण जनता शामिल हुए। इस कार्यक्रम में झारखंड सरकार के द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी आम जनता को सबंधित विभाग के पदाधिकारियों के द्वारा दिया गया। साथ ही परिसंपति का भी वितरण किया गया।

## कैरो के गजनी पंचायत में आपकी योजना आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम आज : बीडीओ



**कैरो-लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड कैरो जिला लोहरदगा के अंतर्गत प्रखंड के गजनी पंचायत मे आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का द्वितीय चरण आयोजन 25 नवंबर को आज से प्रारंभ होगा। उक्त संबंध मे कैरो प्रखंड विकास पदाधिकारी पवन कुमार महतो ने बताया कि प्रखंड के गजनी पंचायत से आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम आज 25 नवंबर गजनी से प्रारंभ हो रही है वही 29 नवंबर को सढाबे, 05 दिसंबर को गुड़ि, 12 दिसंबर को हनहट, 18 दिसंबर को नरौली, एवं 22 दिसंबर को कैरो मे आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। प्रविपदा0 श्री महतो ने कहा कि उक्त कार्यक्रम के माध्यम से ग्रामीण शिविर मे आकर अबुवा आवास योजना के तहत योग्य अहर्ताधारी व्यक्ति आवेदन कर सकेंगे। इसके अतिरिक्त योजना का लाभ पाने हेतु कोई अन्य प्रक्रिया नही है। प्रविपदा0 ने कहा है कि योजना का लाभ पाने के लिये बिचौलिया या ठगी का शिकार न बने सिधे रुप से शिविर मे ही आवेदन दें।

## शहरी क्षेत्र से दो बच्ची लापता



**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिले के शहरी क्षेत्र से दो बच्ची लापता हो गई है। लापता बच्ची का नाम वानिया कुमारी, माता विनीता देवी तथा पिता का नाम अजय कुमार है। इसके साथ एक और बच्ची की भी गुमशुदगी होने की सूचना है, जिसका नाम अविका कुमारी माता मंजू देवी एवं पिता का नाम सुरेंद्र उरांव है। इन दोनो की उम्र 3 से 4 वर्ष के बीच की है, दोनो कृषि मार्केट क्षेत्र के ही रहने वाले हैं बताया जा रहा है की दोनों बच्चा खेलते खेलते घर से दोपहर 11 बजे निकले हैं, जिनका काफी खोजबीन के बाद भी कुछ पता नहीं चल पाया है, सीसीटीवी फुटेज के आधार पर दोनों बच्चों को बगडू मोड़ के समीप देखा गया है जिसके बाद कोई खबर नहीं है, खबर लिखे जाने तक बच्चो की मिलने की कोई सूचना प्राप्त नहीं हुई है, परिवार वाले आस पास के लोगो के साथ सोसल मीडिया से भी मदद की गुहार लगाई है, जिस किन्ही सज्जन को इस बच्चो के बारे में कोई खबर मिले तो मो.न. 7979000805 पर संपर्क कर सकते है। इस घटना के बाद परिवार वाले का रो-रो बुरा है तथा आस पास के लोग भी काफी भयभीत है।

### ठेठईटांगर कर्रामुंडा कैलाशधाम में सांस्कृतिक कार्यक्रम का हुआ आयोजन

## कैलाश धाम को विकसित करने के लिए सभी लोगों को मिलकर करना होगा सहयोग : सन्देश एक्का



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**ठेठईटांगर :** प्रखंड के कर्रामुंडा कैलाश धाम में तीन दिवसीय धार्मिक अनुष्ठान 24 घंटे के अखंड हरी कीर्तन एवं रंगारंग देर रात सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ संपन्न हुआ ।सांस्कृतिक कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड पार्टी के युवा जिला अध्यक्ष संदेश एक्का मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे। इसके अलावा झारखंड पार्टी जिला अध्यक्ष मतीयस बागे, अभय विश्वकर्मा रवि कुमार मांझी सोनू यादव ,समसेरा मुखिया सुरजन बड़ाईक शामिल हुए। आगंतुक अतिथियों के द्वारा विधिवत रिबन काटकर सांस्कृतिक कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मौके पर झारखंड के कई बड़े मशहूर कलाकारों के द्वारा गीत संगीत से उपस्थित श्रोताओं को झूमने पर मजबूर कर दिया। अपने संबोधन में संदेश एक्का कैलाश धाम जो दिन प्रतिदिन लगातार विख्यात होता जा रहा है यहां प्राकृतिक चट्टन के बीच में जो धार्मिक स्थान है वह वाकई अलौकिक है और यहां पर जो सच्चे मन से जो भी कुछ मांगता है उनकी मुरादे पूरी होती है और प्रशासन ने इसे पर्यटन स्थल की सूची में शामिल कर लिया है जो की सराहनीय है। आज जिस प्रकार यहां लोग उपस्थित होकर यहां पर तीन दिनों तक यहां पर पूजन पाठ किया इससे इस क्षेत्र में सुख समृद्धि बनी रहेगी। उन्होंने कहा कि यहां पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन होना भी अपने आप में सराहनीय है, क्योंकि गीत संगीत और विलुप्त होती परंपरा को बचाना हम सभी का कर्तव्य है। इस धाम को विकसित करने के लिए झारखंड पार्टी लगातार प्रयासरत है और आने वाले दिनों में इसे पूरे देश विदेश तक प्रसिद्ध करने के लिए हर संभव प्रयास किया जाएगा इसके लिए समिति के सदस्य एवं झारखंड पार्टी मेहनत करेगी।

## सरकार योजनाएं लेकर दरवाजे तक पहुंच रही है, लाभ ले ग्रामीण : जोसिमा खाखा

### कैरबेड़ा पंचायत में आपकी योजना आपके सरकार आपकी द्वार कार्यक्रम शुरु



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** सिमडेगा पाकरटांड़ प्रखंड के कैरबेड़ा से शुक्रवार से आपकी योजना आपके सरकार आपकी द्वार कार्यक्रम शुरु हुआ। शिविर का शुभारंभ मुख्य अतिथि के रुप में उपस्थित जिप सदस्य जोसिमा खाखा एवं एसडीओ छोटन महेन्द्र उरांव ने संयुक?त रुप से दीप जलाकर किया। शिविर में डीसी अजय कुमार सिंह भी शामिल हुए। उन्होंने कई लाभुकों के बीच परिसंपति का भी वितरण किया। उन्होंने कहा कि प्रशासन ग्रामीणों को सरकार की योजना का लाभ देने के लिए प्रतिबद्ध है। ग्रामीण आगे बढ़ें और सरकार की योजना का लाभ लें। वहीं जोसिमा ने ठंड के मद्देनजर जरूरतमंद ग्रामीणों को कम्बल दिया। मनरेगा योजना के तहत ग्रामीणों के बीच जॉब कार्ड बांटे। सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना सहित अन्य कई योजनाओं का भी लाभ दिया। मौके पर जोसिमा खाखा ने कहा कि सरकार योजनाएं लेकर आपके दरवाजे तक पहुंच रही है। ग्रामीण आगे आएं और योजनाओं का लाभ लें। उन्होंने लोगों को सरकारी योजनाओं का लाभ लेने का भी आह्वान किया। मौके पर जोसिमा खाखा सहित अधिकारियों ने शिविर में लगे स्टॉलों का निरीक्षण किया। साथ ही विभिन्न विभाग द्वारा चलाए जा रहे योजनाओं को सुनते हुए योजना का लाभ अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाने की बात कही गई। जोसिमा ने कहा कि राज्य सरकार की यह सोच हमेशा से रही है कि योजनाओं का लाभ सभी जरूरतमंद को मिले। शिविर में सरकार की विभिन्न योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। प्रत्येक वृद्ध, निःशक्त और विधवा महिला को योजना का लाभ मिलेगा।

## पशु बांझपन निवारण शिविर सह जागरुकता सेमिनार का हुआ आयोजन




**कैरो-लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** पशुपालन और डेयरी विभाग ग्रामीण विकास मंत्रालय भारत सरकार के 75 वें आजादी के अमृत महोत्सव में विरसा कृषि विश्वविद्यालय कांके राँची के निर्देश पर पशुधन जागृति अभियान के तहत पशु बांझपन निवारण शिविर सह जागरुकता सेमिनार का प्रखंड मुख्यालय मे 24 जुलाई शुक्रवार को आयोजन किया गया। शिविर मे मुख्य रूप से विरसा कृषि विश्व विद्यालय कांके राँची के अधिष्ठाता डा0 सुशील प्रसाद, जिला पशुपालन पदाधिकारी डा0 अनुप कुमार, प्रखंड प्रमुख श्री राम उराँव, डा0श्री कान्त बरमुडे, डा0 बसंत, डा0 ठाणेश, डा0 बच्चन, एवं कैरो पशु चिकित्सक डा0 अनिल कुमार, रामप्रसाद यादव, इत्यादि चिकित्सक सेमिनार मे प्रमुख रुप से उपस्थित थे। शिविर मे किसानो, पशुपालकों को संबोधन मे विरसा कांके कृषि विश्वविद्यालय के अधिष्ठाता डा0 सुशील कुमार ने कहा कि उक्त शिविर व सेमिनार आयोजन का उद्देश्य पशुपालकों के बीच जागरुकता लाने के उद्देश्य से आयोजित की जाती है, यह सेमिनार का आयोजन राज्य के 19 आकांक्षी जिलों मे आयोजित की जा रही है। शिविर व सेमिनार के माध्यम से पशुओं के बांझपन का निवारण भी किया जा रहा है, या वैसे पशु जो खाना कम कर देना, दुध कम देना, पशु बैचैन व गुस्सैल होना, दुसरे जानवरो को सूंघना एवं उनपर चढ़ना, बार-बार चिल्लाना, इत्यादि लक्षणो का होना इन सभी विषयों पर पशुओं की समुचित ईलाज व देखभाल के लीये शिविर मे पशुपालकों को परामर्श दी जा रही है। आज के उक्त शिविर सह सेमिनार मे कूल 241 पशुपालकों ने पंजीकरण कराया सभी पंजीकृत पशुपालकों को शिविर मे समुचित परामर्श व पशुओं के लिये दवाईयाँ भी वितरण की गई। मौके पर शिविर मे काफी संख्या मे पशुपालक एवं गणमान्य लोग़ उपस्थित थे।

## तीन दिवसीय आदिवासी मूलवासी सद्भावना फुटबाल टूर्नामेंट का हुआ शुभारंभ



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**भंडरा-लोहरदगा :** जिले के भंडरा लाल बहादुर शास्त्री खेल मैदान में शुक्रवार को तीन दिवसीय आदिवासी मूलवासी सद्भावना फुटबाल टूर्नामेंट का उद्घाटन किया गया। तीन दिवसीय फुटबाल टूर्नामेंट का उद्घाटन मुख्य अतिथि भंडरा मुखिया सह फुटबाल टूर्नामेंट के संरक्षक इंद्रदेव उरांव, परमेश्वर महली, सुमित उरांव व फुटबाल टूर्नामेंट सामिति के अध्यक्ष पिंटू उरांव ने उद्घाटन मैच खेलने पहुंचे खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। मौके पर संरक्षक इंद्रदेव उरांव ने कहा कि भंडरा में कार्तिक पूर्णिमा के उपलक्ष में हर वर्ष तीन दिवसीय फुटबाल टूर्नामेंट का आयोजन किया जाता है। जिसमें प्रथम पुरस्कार के रूप में 25 हजार नकद, द्वितीय पुरस्कार के रूप में 20 हजार, तृतीय पुरस्कार के रूप में 15 हजार रुपये व चतुर्थ पुरस्कार के रूप में 10 हजार रुपए नकद, जर्सी व एक-एक खस्सी दिया जाएगा। साथ ही उन्होंने कहा कि क्षेत्र के युवाओं को फुटबाल के क्षेत्र में एक बेहतर मंच देना ही टूर्नामेंट का मुख्य उद्देश्य है। उन्होंने युवाओं को खेल के क्षेत्र में हर समय सहयोग करने की बात कही है।

# सेन्हा में आयोजित हुआ आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** राज्य सरकार के निर्देशानुसार प्रखंड क्षेत्र के सेन्हा पंचायत स्थित बेसिक उच्च विद्यालय मैदान में आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार तृतीय चरण का कार्यक्रम आयोजित किया गया। आयोजित कार्यक्रम का शुभारम्भ प्रभारी उपायुक्त सह उपविकास आयुक्त जय ज्योति सामंता, जिप सदस्य राधा तिर्की, प्रखंड विकास पदाधिकारी अशोक कुमार चोपड़ा, अंचलाधिकारी राकेश कुमार तिवारी, बीस सूत्री अध्यक्ष अफरोज आलम द्वारा दीप प्रज्वलन कर प्रारम्भ कराया गया। आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम स्थल में अबुवा आवास योजना, मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना, मनरेगा योजना, राष्ट्रीय खाद्य मिशन योजना, सर्वजन पेंशन योजना, सावित्री बाई फुले योजना, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना सहित सरकार द्वारा संचालित अन्य कल्याणक योजनाओं का अलग अलग स्टॉल लगाया गया था। वही प्रभारी उपायुक्त सह डीडीसी जय ज्योति सामंता ने ग्रामीणो को सम्बोधित करते हुए कहा कि सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ सभी जरूरतमंद लोग लें राज्य व राज्य की जनता का विकास के लिये सरकार अनेकों कल्याणकारी योजना चला रही है। साथ ही कहा कि कार्यक्रम स्थल पर सभी विभागों का स्टॉल लगा हुआ है। आप सभी जनता को जो चीज की आवश्यकता है। उसके लिये आवेदन प्रपत्र भर कर सम्बन्धित विभाग का पदाधिकारी के पास जमा कर दें। जिप सदस्य राधा तिर्की ने भी सम्बोधित किया। वही बीडीओ अशोक कुमार चोपड़ा ने सरकार द्वारा संचालित विभिन्न विकास योजनाओं का जानकारी दिया। कार्यक्रम के दौरान पदाधिकारी एवं जनप्रतिनिधियों द्वारा आयुष्मान भारत, सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, पशुधन योजना, कृषि योजना, मनरेगा योजना के लाभुकों के बीच परिसम्पत्ति का वितरण किया गया। मौके पर बीस सूत्री उपाध्यक्ष राजकिशोर राम, पंचायत सचिव अजय कुमार वर्मा, प्रखंड कल्याण पदाधिकारी त्रिवेणी भगत, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी निलेन्द्र कुमार, पंचायती राज पदाधिकारी सत्यकाम श्रीवास्तव, बीस सूत्री सदस्य फिरोज अंसारी सहित सैकड़ों ग्रामीण महिला पुरुष उपस्थित थे।

## फरार दो आरोपियों को गिरफ्तार कर भेजा गया जेल

**सेन्हा-लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** थाना क्षेत्र के घाटा एवं दतरी ग्राम से फरार दो आरोपियों को अलग अलग मामला में सेन्हा थाना पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। सेन्हा थाना क्षेत्र के झलजमीरा पंचायत अन्तर्गत घाटा निवासी पशु तस्करी के आरोपी वाहन मालिक स्वर्गीय एतवा उराँव का 60 वर्षीय पुत्र सोमा उराँव को सेन्हा थाना कांड संख्या 77/23 के आधार पर गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। साथ ही सेन्हा थाना कांड संख्या 125/23 के आरोपी दतरी निवासी ठकरु उराँव का 45 वर्षीय पुत्र सोहन उराँव द्वारा लड़ाई झगड़ा मारपीट कर जख्मी करने के आरोप पर फरार चल रहा था। जिसे दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। वही थाना अभिनव कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि फरार दोनों आरोपियों को घर से गिरफ्तार कर जांचोपरांत न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।


## आज श्री हरि नाम रस अमृत महोत्सव आयोजित ग्रामीणों ने किया मंदिर परिसर की सफाई



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** सदर प्रखंड के रामपुर गांव में आज से प्रारंभ होने वाले श्री हरि नाम रस अमृत महोत्सव 2023 को लेकर आयोजन समिति के सभी सदस्यों एवं ग्रामीणों के द्वारा युद्ध स्तर पर तैयारी किया जा रहा है एवं आयोजन स्थल प्राचीन शिव मंदिर एवं दुर्गा पूजा स्थल को भव्य रूप से सजाया जा रहा है। आज रोड में निकलना दिनांक 25 नवंबर 2023 दिन शनिवार सुबह 8~30 बजे शंकर एवं कोयल नदी के संगम तट पर स्थित प्राचीन उमानाथ मंदिर प्रांगण से 1101 महिलाओं के द्वारा कलश यात्रा प्रारंभ की जाएगी पश्चात यज्ञ वेदी में देवताओं का आवाहन एवं पूजन कर कलयुग के महामंत्र हरे राम हरे राम राम राम हरे हरे कृष्णा हरे कृष्णा कृष्णा कृष्णा हरे हरे महामंत्र का 72 घंटे का अखंड हरी कीर्तन प्रारंभ किया जाएगा। अखंड हरी कीर्तन का प्रारंभ रांची इस्कॉन टीम के द्वारा किया जाएगा। साथ ही आसपास के सभी कीर्तन मंडलियों को आमंत्रित किया गया है। दिनांक 27 नवंबर 2023 को पवित्र कार्तिक माह की पूर्णिमा तिथि को रास पूर्णिमा एवं देव दीपावली के अवसर पर 1500 दीपों की दीपोत्सव का आयोजन भी किया गया है दिनांक 28 नवंबर 2023 को हवन पूर्णाहुति एवं भंडारा के साथ इस महोत्सव का समापन होगा एवं नगर कीर्तन का आयोजन किया गया है। इस आयोजन को सफल बनाने में आयोजन समिति के संयोजक शंभू कुमार सिंह, सहसंयोजक कृष्णा चौधरी,धनु साहू, बिगन महली, निरंजन साहू, अध्यक्ष प्रदीप कुमार साहू, सचिव अमित कुमार सिंह, सह सचिव प्रवीण कुमार सिंह, बसंत लोहार, रितेश साहू, कोषाध्यक्ष रॉबिन साहू, गोवर्धन साहू, सह कोषाध्यक्ष ज्ञान प्रसाद साहू, मुख्य पुरोहित विभाकर पाठक, मुख्य संरक्षक प्रणव कुमार पाठक, संरक्षक नरेंद्र सिंह, राम लखन साहू, वीरेंद्र सिंह, बंधन उरांव, अमिंदर सिंह, उपाध्यक्ष फुलदेव लोहारा, शिवधन साहू, मोहाली उरांव, कृष्णा साहू, सीताराम साहू, प्रचार प्रसार प्रमुख ऋतुराज गुप्ता, मीडिया प्रमुख रिशु कुमार गुप्ता, समेत रामपुर, खकपरता, अरकोसा, मनहो, भटखिजरी, ईरगांव, मुंदो, चीपो आदि गांव के ग्रामीण सक्रिय रूप से भाग ले रहे हैं।

## राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित रिटायर्ड शिक्षक किशोर कुमार वर्मा पर लगा पोक्सो एक्ट, गिरफ्तार, जेल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** जिले फिर से मानवता को शर्मसार कर देने वाली घटना हुई जहां राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित रिटायर्ड शिक्षक किशोर कुमार वर्मा को पोक्सो एक्ट में लोहरदगा पुलिस ने गिरफ्तार कर गुरुवार को जेल भेज दिया। किशोर कुमार वर्मा के अलावा दो अन्य लोगों पर शहरी क्षेत्र की एक नाबालिग लड़की की आपत्तिजनक तस्वीरें खींचने और उन्हें वायरल करने,आत्महत्या के लिए मजबूर करने आदि के आरोप लगे हैं। पीड़िता की मां द्वारा सदर थाने में दर्ज कराए गए कांड संख्या 328/2023 में इनके एवं दो अन्य के खिलाफ केस दर्ज कराया गया था। जिसमें विभिन्न धाराओं के साथ पोक्सो एक्ट के तहत भी केस दर्ज किया गया है। किशोर कुमार वर्मा पर आरोप है कि वह पीड़िता को पत्रकारिता की शिक्षा देने के बहाने अपनी गाड़ी में ले जाया लाया करते थे।पीड़िता के बयानुसार पिछले वर्ष 2022 में न्यूज कवर करने की बात कह कर उसे किस्को ले गए थे जिसे किस्को से लौटने के क्रम में गाड़ी से उतरने नहीं दिया गया और खखपरता शिव मंदिर ले गए। जहां जबरदस्ती अमर गोस्वामी ने अपने मोबाइल से आपत्तिजनक तस्वीरें खींची गई,इन सभी तस्वीरों को फिर बाद में एक व्यक्ति के द्वारा वायरल कर दिया गया था। किशोर कुमार वर्मा और अमर गोस्वामी पर वासनात्मक और बुरी नीयत से फोन और व्हाट्सएप पर लगातार दबाव बनाने का भी आरोप पीड़िता ने लगाया है। इस मामले के प्राथमिक अभियुक्त किशोर कुमार वर्मा को पुलिस द्वारा यूपी के सोनभद्र से गिरफ्तार कर लोहरदगा लाई गई और गुरुवार को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।गौरतलब है कि किशोर कुमार वर्मा शिक्षक की नौकरी से रिटायर्ड होने के बाद एक अखबार में कुछ समय से जुड़े हुए थे। एक शिक्षक होने के साथ-साथ पत्रकारिता के क्षेत्र को भी कलंकित किया है। बहरहाल पुलिस अन्य दो अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए संभावित स्थानों पर छापामारी कर रही है। अंजुमन इस्लामिया लोहरदगा के सदर अफसर कुरैशी ने केंद्र व राज्य सरकार और मानव संसाधन विकास मंत्रालय से मांग की हैं, कि किशोर कुमार वर्मा को जो राष्ट्रीय अध्यापक पुरस्कार दिया गया था,उसे तत्काल वापस लिया जाए। एक शिक्षक और कथित पत्रकार होने के नाते वह समाज के महत्वपूर्ण जिम्मेवारियों का निर्वहन कर रहा था। बावजूद इसके उन्होंने घृणित काम किया है इसलिए उससे राष्ट्रीय अध्यापक पुरस्कार (राष्ट्रपति पुरस्कार) वापस लिया जाना चाहिए।

## 76 वां निशुल्क स्वास्थ्य शिविर 26 नवंबर को

**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सेवा भारती के द्वारा 76 वां स्वास्थ्य शिवीर का आयोजन 26 नवंबर 2023 को किया जाएगा। अपर बाजार स्थित चुन्नीलाल प्लस टू विद्यालय परिसर में गत 01 जून 2022 से सेवा भारती द्वारा प्रत्येक सप्ताह के रविवार को निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन निरंतर किया जा रहा है, हर रविवार को प्रातः 7:30 से 8:30 बजे तक एक घण्टे का शिवीर आयोजित करते हुए मरीजों की निशुल्क सेवा, सेवा भारती के सदस्यों द्वारा किया जाता है। इसकी जानकारी देते हुए सेवा भारती के जिलाध्यक्ष दीपक सरार्फ ने बताया कि स्वास्थ्य जांच एवं चिकित्सा शिविर में विशेष रूप से सेवा भारती से जुड़े B.A.M.S (B.U) डॉ कुमुद अग्रवाल शिविर में मरीजों का स्वास्थ्य जांच करते हुए इलाज करेंगे। श्री सर्राफ बताया कि शिवीर में प्रत्येक सप्ताह निशुल्क शुगर, बी.पी, वजन, ऑक्सीजन लेबल, हार्टबीट आदि की जांच के अलावे विभिन्न बीमारियों के चिकत्सक द्वारा निशुल्क जांच भी की जाती है। उन्होंने कहा है कि स्वस्थ जीवन के लिए समय-समय पर अपना एवं अपने परिवार के स्वास्थ्य की जांच अवश्य कराएं।आपका शरीर ठीक रहेगा,तभी अपने सभी कार्य अच्छे से कर सकेंगे। स्वस्थ रहने के लिए नियमित रूप से अपने स्वास्थ्य चेकअप कराते रहिए। उन्होंने जिलेवासिओं से अपील करते हुए कहा है कि इस निशुल्क शिविर में समय पर आकर अपने स्वास्थ्य संबंधित जांच करवा कर स्वास्थ्य की जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

## चलते चलते एक नजर

### 27 नवंबर को राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू का कार्यक्रम पांकी में, तैयारी जोरों पर



**पांकी (प्रभात मंत्र संवाददाता)** : राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू पांकी प्रखंड के सभी कार्यकर्ताओं के साथ आगामी 27 नवंबर को बैठक करेंगे एवं इसके पश्चात ग्राम सभा को भी संबोधित करेंगे जिसकी तैयारी जोर शोर से शुरू कर दी गई है। शुक्रवार की दोपहर पांकी पूर्वी जिला परिषद के आवास पर समाजसेवी सह धीरज प्रसाद साहू के समर्थक मुकेश सिंह चंदेल प्रखंड प्रमुख पंचम प्रसाद उप प्रमुख अमित कुमार चौहान ,कांग्रेस पार्टी के महासचिव आफताब आलम, चैंबर ऑफ़ कॉमर्स के कार्यकारी अध्यक्ष इनामुल आजाद ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर उक्त जानकारी साझा करते हुए कहा कि राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू का विशेष कार्यक्रम 27 नवंबर को पांकी में होने जा रहा है जिसकी तैयारी जोर शोर से की जा रही है फिलहाल पूरे प्रखंड के कार्यकर्ताओं से गांव-गांव जाकर संपर्क किया जा रहा है उक्त कार्यक्रम में प्रखंड ही नहीं बल्कि विधानसभा स्तर के सभी कार्यकर्ता शामिल होंगे। प्रेस कांफ्रेंस के दौरान कई जनप्रतिनिधि समेत रईस अंसारी कैलाश प्रसाद जनप्रतिनिधि मदन भुईया सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

### राजौरी मुठभेड़ में घायल डॉग डोमिनोज को कमेंडेशन कार्ड से सम्मानित किया गया

**नई दिल्ली** : हाल ही में राजौरी मुठभेड़ में एक पाकिस्तानी आतंकवादी को उसके ठिकाने पर ट्रैक करने में भारतीय सेना के कुत्ते डोमिनोज ने अहम भूमिका निभाई है। उत्तरी सेना के कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल उपेन्द्र द्विवेदी ने शुक्रवार को डोमिनोज और उसके हैंडलर लांस नायक लकी कुमार को कमेंडेशन कार्ड से सम्मानित किया है। कालाकोट क्षेत्र में मुठभेड़ में घायल होने के बाद कुत्ते ने आतंकवादियों के खून के निशान सूंघकर सैनिकों को आतंकवादियों के ठिकाने तक पहुंचने में मदद की थी। भारतीय सेना के एक अधिकारी ने बताया कि जम्मू-कश्मीर के राजौरी में दो दिनों तक चली मुठभेड़ में सेना के दो कैप्टन समेत पांच जवानों की शहादत हुई है। इसके अलावा भारतीय सेना की डॉग यूनिट का जवान कुत्ता डोमिनोज भी घायल हुआ है। सेना के इस कुत्ते ने कालाकोट क्षेत्र में आतंकवादियों के खून के निशान को सूंघकर उनके ठिकानों का पता लगाया, जिससे सुरक्षा बलों को उनका पता लगाने और खतरे को बेअसर करने में मदद मिली। इस ऑपरेशन में बहुमूल्य भूमिका के लिए डोमिनोज और उसके हैंडलर लांस नायक लकी कुमार को लेफ्टिनेंट जनरल उपेन्द्र द्विवेदी ने आज उत्तरी सेना के कमेंडेशन कार्ड से सम्मानित किया। इसी तरह सितम्बर में जम्मू-कश्मीर के राजौरी में ऑपरेशन के दौरान भारतीय सेना की 21 आर्मी डॉग यूनिट की छह वर्षीय मादा लैब्राडोर 'केंट' ने अपने हैंडलर की रक्षा करते हुए अपनी जान दे दी थी। केंट भाग रहे आतंकवादियों की तलाश में सैनिकों की एक टुकड़ी का नेतृत्व कर रही थी, लेकिन आतंकवादियों की गोली लगने पर उसकी जान चली गई।

# रामगढ़ प्रखंड का एक ऐसा गांव, जो तरस रहा है सड़क के लिए

अखिलेश कुमार@ प्रभात मंत्र



*** सड़क विहीन है नवाडीह पंचायत के भटवा जरही का मजरा गांव**

**चैनपुर(पलामू)** : देश को आजाद हुए सात दशक बीत चुके हैं। देश डिजिटल इंडिया की तरफ बढ़ रहा है। पर कुछ क्षेत्र ऐसे हैं, जहां आज भी विकास की किरण नहीं पहुंची है। ऐसा ही हाल रामगढ़ प्रखंड क्षेत्र के नवाडीह पंचायत के भटवा जरही का मजरा है। जहां आजादी के सात दशक बीतने के बाद भी आज तक गांव तक पहुंचने के लिए सड़क नहीं बनी है। गांव में सड़क न होने के कारण ग्रामीणों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जबकि इस गांव की दूरी ब्लॉक मुख्यालय से कुछ ही दूरी पर हैं। गांव में बीमार पड़ने पर लोग पीड़ति को चारपाई पर लादकर अस्पताल ले जाते हैं।ग्रामीणों का कहना है कि हर बार चुनाव के समय नेताओं के द्वारा सड़क बनाने का आश्वासन दिया जाता है, लेकिन चुनावों के बाद कोई भी नेता गांव की तरफ नहीं देखता है। लोगों ने बताया कि जिलाधिकारी से लेकर कई नेताओं और मंत्रियों को भी गांव में सड़क निर्माण के लिए कितने नेता और अधिकारी के पास दरवाजा ठोक ठोकाया पर उनके तरफ से अभी तक सिर्फ आश्वासन ही दिया गया।लेकिन इसके बावजूद भी आज तक नेता और अधिकारी ने गांव में सड़क निर्माण के लिए कोई कदम नहीं उठाया है।गांव में सड़क नहीं होने से आने-जाने में लोगों को काफी परेशानी होती है। बीमारी की हालत में मरीजों को अस्पताल तक पहुंचने में काफी समय लग जाता है।पक्की सड़क न होने के कारण बच्चों को स्कूल ले जाने के लिए गांव में कोई वाहन नहीं आता है। इससे गांव से दो किलोमीटर दूर रोड तक पैदल आना पड़ता है।सबसे अधिक समस्या बरसात के दिनों में होती हैं। जहां कीचड़ से सनी सड़क पर पैदल, साइकिल तथा स्कूली बच्चों को काफी मुसीबतों से होकर गुजरना पड़ता हैं।वर्षो बाद भी गांव के अंदर आने जाने के लिए आज तक सड़क निर्माण कार्य पूरा नहीं हो पाया हैं।जो रास्ते से ग्रामीण जाते है उसी रास्ते में दो दो फीट के गड्ढे हैं।अब ऐसे में ग्रामीणों को आपातकालीन स्थिति में इसी जर्जर सड़क से होकर गुजरना पड़ता हैं।गांव के हालात बद से बद्तर हैं।गांव में चार पहिया वाहन आने जाने के लिए कोई व्यवस्था नहीं है।गांव के निवासी संतोष राम बताते है की शिकायत के बावजूद भी हमारी समस्या का समाधान नहीं हो रहा हैं।आखिर हम जानना चाहते है कि क्या हमारा गांव मानचित्र से बाहर है,आखिर क्यों इस गांव में सड़क नही बन रही हैं।ग्रामीण में नशीम अंसारी,मनोज राम,मुन्ना प्रहिया,पप्पू प्रहिया,राजू प्रसाद,प्रदीप तुरी,पंकज प्रसाद,हरेंद्र यादव,गोपाल यादव,अनिल कुमार आदि का कहना है कि हर बार चुनाव में राजनीतिक दल के लोग सड़क को पिच कराने का वादा करते हैं,लेकिन फिर पलट कर इस गांव की तरफ नही देखते हैं।

## पांकी में धूमधाम से मनाया गया खाटू नरेश बाबा श्याम का जन्मोत्सव



प्रभात मंत्र संवाददाता

**पांकी** : प्रखंड के कर्पूरी ठाकुर चौक स्थित चौरसिया मोबाइल केयर के प्रांगण में गुरुवार को एकादशी तिथि के अवसर पर खाटू नरेश बाबा श्याम का जन्मोत्सव कार्यक्रम के आयोजक अजीत गुप्ता एवं चौरसिया मोबाइल एंड केयर के संचालक पंकज चौरसिया के नेतृत्व में बड़े ही धूमधाम से एवं केक काटकर मनाया गया, सर्वप्रथम कार्यक्रम की शुरुआत बाबा श्याम की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित एवं माल्यार्पण कर की गई इसके बाद खाटू नरेश की जय, हारे का सहारा खाटू श्याम हमारा, के जोरदार नारे लगाते हुए सभी भक्तों ने संयुक्त रूप से केक काटकर लोगों के बीच मिठाइयां भी बांटी, मौके पर मौजूद श्याम भक्तों ने कहा कि प्रखंड में पहली बार खाटू श्याम बाबा का जन्मोत्सव मनाया जा रहा है भगवान श्री कृष्ण ने शीश दानी वीर बर्बरीक को अपना नाम एवं शक्ति देकर ईश्वर बनाया था ।

उन्होंने कहा था कि श्याम के स्मरण से कलयुग में लोगों कि सारे मन्नते पूरी होगी वहीं इनके दरबार से कोई खाली नहीं लौटेगा ।

इस अवसर पर मौके पर पत्रकार संघ के अनुज प्रसाद राजू पासवान रूपेश कुमार समेत रजनीश कुमार पप्पू सिंह अजीत कुमार चुनचुन कुमार सोनू यादव अजीत गुप्ता अनीश गोस्वामी प्रभात चौरसिया चिंटू चौरसिया अभिषेक चौरसिया अभिषेक कुमार समेत दर्जनों लोग उपस्थित थे।

## सरकार आपके द्वार कार्यक्रम से जनता को मिल रहा है सीधा लाभ : प्रमोद सिंह

प्रभात मंत्र संवाददाता



**चैनपुर(पलामू)** : आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत रबदा पंचायत सचिवालय पर आयोजित शिविर आयोजित की गई। जिप सदस्य प्रमोद सिंह ने कहा कि छोटे-छोटे मामलों को लेकर ग्रामीण उपायुक्त के जनता दरबार में जाते देखे जाते हैं। उनकी समस्याओं का निराकरण प्रखंड स्तर तक भी किया जा सकता है। ऑनलाइन सिस्टम में ऑपरेटर मनमानी करते हैं।इसमें सुधार की आवश्यकता है।जिप सदस्य ने कहा कि सरकार की ओर से कई जन उपयोगी योजनाएं संचालित हैं जरूरतमंद इसका लाभ उठाएं।

उप प्रमुख सुनील सिंह ने कहा कि जनता दरबार में ग्रामीण अपने गांव व पंचायत में ही विभिन्न समस्याओं के समाधान के लिए आवेदन दे सकते हैं। कार्यक्रम में प्रखंड विकास पदाधिकारी गिरिवर मिंज, अंचलाधिकारी संजय बाखला झामुमो के जिला अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद सिंहा,प्रखंड अध्यक्ष कमरुद्दीन अंसारी आदि ने विचार व्यक्त किए। इसके पूर्व दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया गया। इधर जनता दरबार में ग्रामीणों की भीड़ उमड़ पड़ी। बड़ी संख्या में लोग शिविर में पहुंचे व विभिन्न स्टालों पर संबंधित मामलों का आवेदन दिया।

संचालन प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी राधेश्याम राम ने किया। शिविर में 15 वे वित्त के प्रखंड समन्वयक अमित चौबे, जेएसएलपीएस के बीपीएम सत्यप्रिय तिवारी, पंचायत सचिव महेंद्र राम,देव रति सिंह आदि मौजूद थे।

## सांसद वीडी राम के प्रयास से पलामू व गढ़वा में होगा 15 सड़कों का निर्माण

प्रभात मंत्र संवाददाता



**मेदिनीनगर** : पलामू के सांसद विष्णु दयाल राम के द्वारा पलामू संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत पलामू एवं गढ़वा में कतिपय जर्जर सड़कों व पुलों के निर्माण हेतु सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय,भारत सरकार के अंतर्गत केन्द्रीय सड़क अवसंरचना निधि से निर्माण कराने हेतु अनुशंसा किया गया था। उल्लेखनीय है कि सांसद श्री राम के अनुशंसा के आलोक में पथ निर्माण विभाग, झारखंड सरकार के द्वारा उक्त सड़कों के निर्माण हेतु डीपीआर बनाने का आदेश पारित हो गया है। उक्त संबंध में पथ निर्माण विभाग, झारखंड सरकार के अभियंता प्रमुख ने मुख्य अभियंता, केंद्रीय निरूपण संगठन, पथ निर्माण विभाग, झारखंड, रांची को पत्र लिखकर उक्त सड़कों के निर्माण हेतु विस्तृत परियोजना प्रतिवेदन बनाने का निदेश दिया गया है। ये सड़क 202 किलोमीटर एवं पुल का निर्माण लागत लगभग 9 अरब 1 करोड़ रुपए की राशि से किया जाएगा। उक्त सड़क एवं पुल के निर्माण से जनता को आवागमन में सुविधा होगी एवं लोगों की चिर-परिचित मांग पूरी होगी। उक्त सड़क निम्नलिखित है–1. पाटन प्रखंड के डुरही से बासाबार (बढ़ई टोला) होते हुए चूड़ादोहर तक पथ 7 किलोमीटर। 2. छतरपुर प्रखण्ड के कुरकुट्टा मोड़ से कव्वल होते हुए बाघमारा तक पथ 7 किलोमीटर। 3. पाटन प्रखण्ड के पीडब्ल्यूडी मुख्य पथ से बरसैता-कांके-पाण्डेयपुरा-लोइंगा तक पथ 20 किलोमीटर। 4. पाटन प्रखंड के तीसीबार से बुढ़ी-बुका-चेतमा-सरईडीह तक पथ (दो प्रखंडों को पाटन एवं नौडीहा बाजार को जोड़ने वाली सड़क) 25 किलोमीटर। 5. छतरपुर प्रखंड के पीडब्ल्यूडी मुख्य पथ कुटियामोड़ से पाटन तक पथ (छतरपुर को पाटन से जोड़ने वाली पथ) 18 किलोमीटर। 6. नौडीहा बाजार प्रखण्ड के ग्राम सरईडीह-डगरा होते हुए बिहार के बोर्डर नवीगढ़ तक लगभग 10.00 किलोमीटर। 7. छतरपुर प्रखण्ड के डुंडुर-हेसाग होते हुए छुछुईया सोलंगा तक लगभग 5.00 किलोमीटर। 8. हरिहरगंज प्रखण्ड के कटेया मोड़ से बेलाघाट तक लगभग 13 किलोमीटर। 9. एन0एच0-98 छतरपुर-तेलाड़ी मोड़ से कउवल कुरकुटा होते हुए ओबरा मुख्य पथ लगभग 15 किलोमीटर। 10. पीडब्ल्यूडी मुख्य पथ मोहम्मदगंज से सोनबरसा, बीरधवर बिहरा पंसा होते हुए हैदरनगर पीडब्ल्यूडी पथ तक 15 किलोमीटर। 11. हुसैनाबाद प्रखंड में देवरीकला से देवीपुर सोन नदी पर पुल का निर्माण। 12. भण्डरिया-बड़गड़-टिहरी पथ (ओडीआर) में 14वें कि0मी0 में पुल निर्माण कार्य। 13. भवनाथपुर प्रखण्ड के कैलान से बरडीहा होते हुए विशुनपुरा तक लगभग 45 किलोमीटर। 14. भण्डरिया से परो बरवाडीह पथ लगभग 22 किलोमीटर। 15. कैलान कांडी विशुनपुरा वाया बरदाहा पथ।

### नई गृह निर्माण प्रौद्योगिकियां 2047 तक भारत के भव्य भवनों को आकार देंगी डॉ. जितेंद्र सिंह

**नई दिल्ली** : केंद्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ. जितेंद्र सिंह ने शुक्रवार को कहा कि नई गृह निर्माण प्रौद्योगिकियां 2047 में भारत के भव्य भवनों को आकार देंगी। उन्होंने कहा कि केन्द्रीय भवन अनुसंधान संस्थान (सीबीआरआई) ने विश्व स्तरीय और अत्याधुनिक भवन निर्माण प्रौद्योगिकियां विकसित की हैं, जो न केवल मजबूत हैं बल्कि वैश्विक पर्यावरण मानदंडों के अनुरूप भी हैं। डॉ. जितेंद्र सिंह ने नई दिल्ली में सीएसआईआर-सीबीआरआई प्रौद्योगिकी हस्तांतरण मेले को संबोधित करते हुए कहा कि देश भर में 37 सीएसआईआर प्रयोगशालाओं में सकारात्मक परिणाम सामने आए हैं। उन्होंने बताया कि सीएसआईआर-सीबीआरआई ने एक स्लॉट में 75 भवन और निर्माण प्रौद्योगिकियों को उद्योगों को हस्तांतरित कर दिया।

## मनरेगा लोकपाल ने किया अंबाबार पंचायत में विकास कार्यों की जांच

प्रभात मंत्र संवाददाता



**पांकी** : प्रखंड के अंबाबार पंचायत में गुरुवार की दोपहर मनरेगा लोकपाल शंकर प्रसाद गुप्ता के नेतृत्व में गठित जांच दल के द्वारा देर शाम तक मनरेगा एवं 14 वें एवं 15वें वित्त की राशि से निर्मित दर्जनों योजनाओं की जांच की गई, जांच के दौरान काफी हो हंगामा एवं विवाद भी हुआ लेकिन जांच दल ने विवादों की अनदेखी कर योजनाओं की जांच की, जांच के दौरान योजनाएं धरातल पर तो दिखाई दी लेकिन प्राक्कलन के अनुसार कार्य नहीं पाया गया, साथ ही सरकारी राशि खर्च कर कुछ लोगों को निजी उपयोग हेतु चापाकल घर के अंदर दे दिया गया है जिसका ग्रामीणों ने पुरजोर विरोध भी किया। सर्वप्रथम जांच दल ने अम्बाबार पंचायत के अपरमाड़ी गांव में विकास कार्यों की जांच की जिसके बाद जांच दल बिदरा गांव पहुंची, जहां दर्जनों से अधिक योजनाओं की जांच की गई, मनरेगा लोकपाल ने मिट्टी मोरम पथ, दीदी बाड़ी योजना, डोभा, टीसीबी समेत अन्य योजनाओं की गहनता से जांच की वहीं उनके साथ आई टीम ने 14वें एवं 15वें वित्त की राशि से निर्मित पीसीसी पथ, सोलर जलमिनार ,चापाकल समेत अन्य योजनाओं की जांच की। जांच के दौरान योजना स्थल पर मुखिया की जगह मुखिया पति ने योजनाओं के बारे में जांच टीम को जानकारी दी, इस दौरान शिकायत पत्र में दिए गए कई योजनाएं के विषय में मुखिया पति ने कहा कि इन योजनाओं में कार्य ही नहीं हुआ है और भुगतान भी नहीं हुआ है बल्कि ये योजनाएं सिर्फ पारित की गई हैं। आपको बता दें कि अंबाबार पंचायत के बिदरा गांव निवासी प्रेमचंद प्रसाद यादव के द्वारा कुछ महीने पूर्व सूचना के अधिकार अधिनियम के तहत पंचायत में मनरेगा समेत मुखिया कोटे से हुए कार्यों की कुछ वित्तीय वर्षों की दस्तावेजों की मांग की गई थी, इस हेतु प्रेमचंद प्रसाद यादव के द्वारा सूचना सूचना प्राप्त करने संबंध में 14000रू कार्यालय में भुगतान कर नाजीर रसीद भी प्राप्त किया जा चुका है लेकिन आज तक उन्हें स्पष्ट सूचना प्राप्त नहीं हुई है। सूचना उपलब्ध नहीं होने के बाद प्रेमचंद प्रसाद यादव के द्वारा उच्चाधिकारियों से पंचायत में विकास कार्यों में हुई गड़बड़ी की जांच की मांग की गई थी जिसकी जांच गुरुवार को हुई।

## जनता की सरकार पहुंच रही आपके द्वार : राजेंद्र सिन्हा




प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर** : हेमंत सोरेन सरकार का महत्त्वकाक्षी कार्यक्रम की तीसरी चरण आपकी सरकार, आपके द्वार की शुरुवात हो चुकी है। सभी पदाधिकारी पंचायत और वार्ड स्तर तक जा कर चल रही जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ आम जनता को देते हैं। इस मौके पर चैनपुर के रबदा पंचायत के शिविर में अतिथि के तौर पर झामुमो के अध्यक्ष श्री राजेंद्र प्रसाद सिन्हा जी ने पहुंच कर कार्यक्रम की जानकारी ली। उन्होंने आम जनता को योजनाओं का लाभ लेने के लिए प्रेरित किया और उन्हें जानकारी उपलब्ध कराया। साथ ही उन्होंने स्कूली छात्राओं को साइकिल खरीदने हेतु चेक वितरण किया लाभुकों को कंबल वितरण किया तथा कूप निर्माण स्वीकृति पत्र पदाधिकारियों के साथ जनता को सौंपा।

श्री सिन्हा ने बताया लोकतंत्र में जनता की सरकार होती है इसको माननीय मुख्यमंत्री श्री हेमंत सोरेन जी ने साबित किया है, आज पदाधिकारी ग्राम स्तर तक जा रहे हैं और लोगों की समस्याओं का निदान कर रहे हैं। गरीब जनता पहले दफ्तरों के चक्कर काटते हुए थक जाते थे, बिचौलिए इसका फायदा उठाते थे फिर भी कार्य नहीं होता था, आज इन सब से छुटकारा लोगों को मिला है। सबों से निवेदन है की अबुआ आवास, किशोरी समृद्धि योजना, बिरसा सिंचाई योजना, सर्वजन पेंशन जैसी महत्वपूर्ण योजना का लाभ लें। इस कार्यक्रम में चैनपुर सी. ओ संजय बाखला, जिला पार्षद प्रमोद सिंह, उप प्रमुख सुनील सिंह, मुखिया पार्वती देवी, युवा मोर्चा अध्यक्ष सन्नी शुक्ला, उपाध्यक्ष बालकिशन उरांव, प्रखंड अध्यक्ष कमरुद्दीन अंसारी, कोषाध्यक्ष देवानंद भारद्वाज, उपाध्यक्ष बबलू चौधरी, युवा प्रखंड अध्यक्ष अजमल अंसारी, महेंद्र चौधरी, नीतीश चंद्रवंशी, ललन चौधरी, गुड्डू अंसारी लालबहादुर जी सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

# देश में शांति स्थापना के लिए राम राज्य जरूरीः देवकीनंदन ठाकुर





प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर** : अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक देवकीनंदन ठाकुर विगत चार दिनों से पलामू की धरती पर भक्ति रस की अविरल धारा बहा रहे हैं। इस भक्ति धारा में पूरे जिलेवासी डुबकी लगा रहे हैं। पलामू की धरती पर भक्ति रस की धारा बहने में अर्जुन पांडे उर्फ गुरु पांडेय सहित सभी सनातनी भाइयों का सहयोग प्राप्त हो रहा है। शुक्रवार को यहां दीपू सिंघानिया के आवास पर पत्रकारों से बात करते हुए कथा वाचक देवकीनंदन ठाकुर ने कहा कि 22 जनवरी को रामलाल के मंदिर का शुभारंभ हो रहा है। इसके बाद मथुरा में कृष्ण मंदिर निर्माण के लिए वे बड़ा कदम उठाएंगे। कहा कि कथा के माध्यम से वे पिछले 27 वर्षों से सनातनियों को जगाने व उनकी आवाज उठाने का कार्य कर रहे हैं। कहा कि मैकाले ने पूरे भारत में पाश्चात्य संस्कृति को फैलाने का काम किया। इसके कारण भारत में सनातनी संस्कृति खत्म हो रही है। अधिकतर सनातनी अपनी संस्कृति को इग्नोर कर रहे हैं। ना तो सनातनियों के मस्तक पर तिलक है, ना सर पर शिखा और ना ही हाथों में कलावा है। माता पिता अपने को मॉडर्न बताकर अपने संतानों को खराब कर रहे हैं। माता-पिता व गुरुजनों को पैर छूने की आदत ही सनातन संस्कृति है। हिंदू राष्ट यानी रामराज्य घोषित होने से सभी भारतीय शांति से रह सकेंगे। हिंदू राष्ट के माध्यम से रामराज्य की कल्पना करनी चाहिए। रामराज्य में धर्म की जय हो, अधर्म का नाश हो, प्राणियों में सद्भावना हो और विश्व का कल्याण हो का नारा गुंजता है। सनातनी अपना ही नहीं, पूरे विश्व के कल्याण की बात करते हैं। देवकीनंदन ठाकुर ने सवाल खड़ा किया कि आजादी के बाद मंदिरों में सनातनियों के चढ़ाए पैसों को सरकार ने अपने कब्जे में कर लिया। आखिर उस राशि से किस मजहब के लोगों का कल्याण हो रहा है। कहा कि मंदिरों में चढ़ावे की राशि से प्रत्येक जिले में पांच-पांच गुरुकुलम की स्थापना होनी चाहिए। जाति की बात कहकर वोटो के ध्रुवीकरण के प्रयास करने वाले नेताओं को चुनाव लड़ने के अधिकार को छीन लेने की आवश्यकता है। ऐसे नेता गलत मानसिकता के साथ काम कर रहे हैं। कोई नेता रामायण जला रहा है तो कोई वेद। कोई ब्राह्मण को गाली देता है तो कोई देवी - देवताओं के बारे में गलत बोलता है। सनातनी इसे कैसे सहन कर सकता है। जाति की बात करना देश व ऐसे नेताओं के लिए घातक सिद्ध होगा। नेता तो ऐसा होना चाहिए जो लोकप्रिय कम करे ताकि भारत में रहने वाले सभी अपनी जाति को भूल जाएं।

जो व्यक्ति धर्म व समाज की रक्षा नहीं करेगा तो आने वाली पीढ़ी की रक्षा नहीं कर सकता। कहा कि श्रेष्ठ कर्म ही सबसे बड़ा धर्म है।